जिला पुस्तिका शृंखला के पूर्व के उपनिदेशकों, श्रीमती मीनाक्षी हूजा व श्री शरदचन्द्र वर्मा, जिन्हें कि श्री शमशेर सिंह, सहायक निदेशक, श्री वली हैदर, अन्वेषक एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों ने कुशलतापूर्वक सहायता की, उनके अध्यवसाय व लगन के लिये प्रशंसा के पात्र हैं। इन पुस्तकों के प्रकाशन में कोष की व्यवस्था, बजट तैयार करने तथा व्यय की प्रतिपूर्ति आदि कार्य का सम्पादन श्री रूपचन्द चन्दनानी, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कुशलतापूर्वक किया। श्री रमेशचन्द्र भार्गव, सहायक निदेशक ने जैसलमेर जिला जनगणना पुस्तिका के विश्लेषणात्मक आलेख को तैयार करने में तीव्र अभिरुचि सहित परिश्रम किया है। अन्त में जिले की सम्पूर्ण पाण्डुलिपि की गहन जाँच व उसे मुद्रण योग्य बनाने में विशेष रूप से गठित समन्वय कक्ष के प्रभारी अधिकारी श्री रमेशचन्द्र भार्गव, सहायक निदेशक के नेतृत्व में उनके कुशल सहयोगी श्री जी. डी. अग्रवाल, सहायक निदेशक, सर्वश्री रामावतार गुप्ता व रामनारायण वर्मा, वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने सहायता प्रदान की है जिसके लिये वे विशेष प्रशंसा के पात्र हैं।

जैसलमेर जिले का 'प्राथमिक जनगणना सार' जिले की समस्त प्रशासनिक इकाइयों से सम्बन्धित जनगणना आंकड़ों की रूपरेखा है। इसे पहले क्षेत्रीय टेबूलेशन कार्यालय, जोधपुर में श्री जे. एन. कल्ला, उपनिदेशक के मार्गदर्शन में तैयार किया गया तथा उनके 'श्रम के प्रति लगाव' के कारण ही इस कार्य को समय पर पूरा किया जाना सम्भव हो सका। इस कार्य में सर्वश्री गणेशलाल वर्मा व राधेश्याम शर्मा, अन्वेषकों ने उनको सहयोग प्रदान किया।

लन्दन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स में प्रशिक्षणार्थ जाने से पूर्व श्री एस. आर. लुहाड़िया, उपनिदेशक ने प्राथमिक आंकड़ों के संकलन व सारणीयन के लिए न केवल कार्य अभिकल्प तैयार किया वरन् प्रादेशिक जनगणना कार्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी पर्यवेक्षण किया तथा विभिन्न कार्यों को निर्धारित समयानुसार सम्पन्न कराने हेतु कर्मचारी वर्ग में टीम भावना को प्रस्फुटित किया। उन्होंने इन प्रकाशनों के कतिपय विश्लेषणात्मक आलेखों को कुशलतापूर्वक सम्पादित किया जिसके लिये ये हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

प्राथमिक जनगणना सार व अन्य सारिणीयों की जांच करने एवं प्रकाशन के लिये उनको अन्तिम रूप देने का कार्य श्री रमेशचन्द्र भार्गव, सहायक निदेशक के कुशल एवं व्यक्तिगत पर्यवेक्षण एवं मार्ग-दर्शन में उनके उत्साही सहयोगी कर्मचारियों के प्रभारी श्री रामनारायण वर्मा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक की देखरेख में किया गया। कार्य सम्पादन में तत्परता व परिशुद्धता के लिये उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। कलानुभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने सर्वप्रथम, अनुभवी अधिकारी श्री मदनलाल कुमावत, वरिष्ठ भूगोलविद् और तत्पश्चात् श्री जगदीशचन्द्र श्रीवास्तव, अनुसंधान अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशंसनीय कार्य किया। जिले से सम्बन्धित मानचित्रों के तैयार करने के कार्य का श्री आर. डी. अग्रवाल, उपनिदेशक (तकनीकी) द्वारा कुशलतापूर्वक संचालन किया गया। श्री मनमोहननाथ गोयल, अन्वेषक व प्रभारी अधिकारी मुद्रण ने अपने सहयोगियों के साथ व्यक्तिगत रूप से मुद्रण के विभिन्न कार्य पहलुओं को सुनिश्चित किया जिससे पुस्तिकाओं का समय पर प्रकाशन संभव हो सका। मुद्रणालयों में कार्य सम्पादित करवाने का सर्वाधिक श्रेय इन्हें देना उचित होगा। हम महावीर प्रिंटिंग प्रेस, जयपुर के श्री कैलाशचन्द्र अजमेरा का भी आभार प्रदर्शित करते हैं जिन्होंने मुद्रण के लिए विशेष व्यवस्था की एवं व्यक्तिगत रूप से उसकी समस्त प्रक्रिया की अन्वीक्षा की।

जयपुर
गणतंत्र दिवस, 1983

ईश्वरचन्द्र श्रीवास्तव

प्रकाशन से सम्बन्धित कर्मचारीगण

ग्राम व नगर निर्देशिका :

1.	श्री प्रतापसिंह	सांख्यिकी सहायक
2.	श्री नारायणसिंह खेजरोली	सांख्यिकी सहायक
3.	श्रीमती ऊषा शर्मा	सांख्यिकी सहायक
4.	श्रीमती सन्तोष मालाकार	सांख्यिकी सहायक
5.	कुमारी निशि सक्सेना	संगणक
6.	कुमारी कुसुमलता यादव	संगणक
7.	श्री भगवान सहाय सांखला	संगणक
8.	श्री अरुण कुमार जैन	संगणक
9.	श्री श्याम नारायण भंडा	संगणक
10.	श्री कैलाश नारायण शर्मा	संगणक

प्राथमिक जनगणना सार :

1.	श्री नरेन्द्रकुमार बज	अन्वेषक
2.	श्री अब्दुल वहीद	अन्वेषक
3.	श्री टीकमचन्द बासन्दानी	अन्वेषक
4.	श्री कुंजबिहारी शर्मा	सांख्यिकी सहायक
5.	श्री गोप राजा	सांख्यिकी सहायक
6.	श्री मोहनलाल सिन्धी	सांख्यिकी सहायक
7.	श्री वासुदेव चन्दवानी	सांख्यिकी सहायक
8.	श्रीमती चारु माथुर	सांख्यिकी सहायक
9.	श्री बिच्चित्तरसिंह	संगणक
10.	श्री ओमप्रकाश बडाया	संगणक
11.	श्री एन. के. गुप्ता	संगणक
12.	श्री मुकेश भार्गव	संगणक

मानचित्र :

1.	श्री औतारसिंह	वरिष्ठ भूगोलविद्
2.	श्री नवरतन सिसोदिया	भूगोलविद्
3.	श्री मुकुट गुरिया	भूगोलविद्
4.	श्री दुर्गालाल वर्मा	वरिष्ठ आर्टिस्ट
5.	श्री हेमसिंह	वरिष्ठ ड्राफ्ट्समैन्
6.	श्री सादुलसिंह	आर्टिस्ट
7.	श्री महावीरसिंह	आर्टिस्ट
8.	श्री प्रहलादकिशोर शर्मा	आर्टिस्ट
9.	श्री लल्लूलाल पडियार	ड्राफ्ट्समैन्
10.	श्री इन्द्र नारायण	ड्राफ्ट्समैन

टंकण :

1.	श्री स्वतंत्र कुमार अजमेरा	संगणक
2.	श्री धीरेन्द्र प्रकाश सैकड़ा	कनिष्ठ आशुलिपिक
3.	श्री ग्यारसीलाल गुप्ता	प्रचालक

मुद्रण :

1.	श्री हसन मौहम्मद	मुद्रण निरीक्षक
2.	श्री कन्हैयालाल	संगणक
3.	श्री रमाकान्त शर्मा	प्रूफ शोधक
4.	श्री साद्दमन पौल	प्रूफ शोधक

जनसंख्या–एक झलक

(जनगणना 1981)

जिला कूट संख्या	राज्य/जिला	क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी. में)	जनसंख्या	क्रम	राजस्थान की कुल जनसंख्या 1981 से प्रतिशतता	दस वर्षीय वृद्धि दर 1971–81	साक्षरता दर	पुरुष/स्त्री अनुपात	कार्य-भागिता दर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	राजस्थान	**342,239**	**34,261,862**	**—**	**100.00**	**+32.97**	**24.38**	**919**	**30.48**
1.	गंगानगर	20,634	2,029,968	3	5.93	+45.62	26.03	874	29.48
2.	बीकानेर	27,244	848,749	20	2.48	+48.08	28.20	891	29.31
3.	चूरू	16,830	1,179,466	16	3.44	+34.88	21.86	954	29.50
4.	झुंझुनूं	5,928	1,211,583	15	3.54	+30.39	28.61	956	25,04
5.	अलवर	8,380	1,771,173	5	5.17	+27.32	26.53	892	26.73
6.	भरतपुर	8,100	1,884,132	4	5.50	+36.43	26.05	831	27.27
7.	सवाई माधोपुर	10,527	1,535,870	9	4.48	+28.68	23.23	867	28.86
8.	जयपुर	14,068	3,420,574	1	9.98	+37.79	31.40	894	29.37
9.	सीकर	7,732	1,377,245	11	4.02	+32.09	25.43	963	24.62
10.	अजमेर	8,481	1,440,366	10	4.20	+25.50	35.30	922	35.83
11.	टोंक	7,194	783,635	22	2.29	+25.21	20.56	928	33.87
12.	जैसलमेर	38,401	243,082	26	0.71	+45.77	15.80	811	32.09
13.	जोधपुर	22,850	1,667,791	6	4.87	+44.68	26.64	909	30.59
14.	नागौर	17,718	1,628,669	7	4.75	+29.04	19.38	958	33.11
15.	पाली	12,387	1,274,504	13	3.72	+31.39	21.87	946	32.07
16.	बाड़मेर	28,387	1,118,892	17	3.27	+44.41	12.29	904	31.85
17.	जालौर	10,640	903,073	18	2.64	+35.20	13.70	942	29.41
18.	सिरोही	5,136	542,049	25	1.58	+27.90	20.07	963	29.46
19.	भीलवाड़ा	10,455	1,310,379	12	3.82	+24.22	19.79	942	38.50
20.	उदयपुर	17,279	2,356,959	2	6.88	+30.68	22.01	977	30.13
21.	चित्तौड़गढ़	10,856	1,232,494	14	3.60	+30.32	21.94	951	37.81
22.	डूंगरपुर	3,770	682,845	23	1.99	+28.78	18.52	1,045	27.19
23.	बांसवाड़ा	5,037	886,600	19	2.59	+35.44	16.85	984	27.97
24.	बूंदी	5,550	586,982	24	1.71	+30.72	20.14	887	33.93
25.	कोटा	12,436	1,559,784	8	4.55	+36.36	32.33	888	30.40
26.	झालावाड़	6,219	784,998	21	2.29	+26.21	22.11	926	35.96

तथ्यात्मक आंकड़े

			राजस्थान राज्य	जैसलमेर जिला
जनसंख्या	**कुल**	**व्यक्ति**	**34,261,862**	**243,082**
		पुरुष	**17,854,154**	**134,204**
		स्त्रियां	**16,407,708**	**108,878**
	ग्रामीण	**व्यक्ति**	**27,051,354**	**210,155**
		पुरुष	**14,013,454**	**115,337**
		स्त्रियां	**13,037,900**	**94,818**
	नगरीय	**व्यक्ति**	**7,210,508**	**32,927**
		पुरुष	**3,840,700**	**18,867**
		स्त्रियां	**3,369,808**	**14,060**
दस वर्षीय जनसंख्या वृद्धि दर 1971-81			+32.97	+44.84
क्षेत्रफल (वर्ग कि. मी.)			342,239	38,401
जनसंख्या का घनत्व (प्रति वर्ग कि. मी.)			100	6
स्त्री-पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या)			919	811
साक्षरता दर		व्यक्ति	24.38	15.80
		पुरुष	36.30	24.35
		स्त्रियां	11.42	5.25
कुल जनसंख्या की तुलना में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत			21.05	13.55
कुल जनसंख्या की तुलना में प्रतिशतता :				
(i) मुख्य काम करने वाले		व्यक्ति	30.48	32.09
		पुरुष	49.92	55.04
		स्त्रियां	9.32	3.80
(ii) सीमांतिक काम करने वाले		व्यक्ति	6.13	4.22
		पुरुष	0.98	1.19
		स्त्रियां	11.74	7.96
(iii) काम नहीं करने वाले		व्यक्ति	63.39	63.69
		पुरुष	49.10	43.77
		स्त्रियां	78.94	88.24
मुख्य काम करने वालों का वर्गीकरण :				
मुख्य काम करने वालों में प्रतिशतता :				
(i) काश्तकार		**व्यक्ति**	**61.59**	**58.49**
		पुरुष	**60.70**	**58.73**
		स्त्रियां	**66.75**	**54.29**
(ii) खेतिहर मजदूर		**व्यक्ति**	**7.32**	**3.34**
		पुरुष	**5.89**	**2.91**
		स्त्रियां	**15.67**	**10.90**

तत्थ्यात्मक आंकड़े

		राजस्थान राज्य	जैसलमेर जिला
(iii) पारिवारिक उद्योग	व्यक्ति	3.26	2.57
	पुरुष	3.33	2.31
	स्त्रियां	2.82	7.33
(iv) अन्य काम करने वाले	व्यक्ति	27.83	35.60
	पुरुष	30.08	36.05
	स्त्रियां	14.76	27.48
कुल जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत	व्यक्ति	17.04	14.52
	पुरुष	17.10	14.01
	स्त्रियां	16.98	15.14
कुल जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत	व्यक्ति	12.21	4.39
	पुरुष	12.05	4.27
	स्त्रियां	12.39	4.54
आबाद आवासीय मकानों की संख्या		5,726,680	43,222
उपखण्ड		83	2
तहसील		197	2
पंचायत समिति		236	3
ग्रामों की संख्या	योग	37,124	515
	आबाद	34,968	462
	गैर-आबाद	2,156	53
नगरों की संख्या		201	2
वास्तविक बोया हुआ क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) (1979–80)		14,206,683	246,741
शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) (1979–80)		3,308,273	142
महाविद्यालय (संख्या) (1979–80)		269	2
माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय (संख्या) (1979–80)		2,168	16
उच्च प्राथमिक शाला (संख्या) (1979–80)		5,175	49
प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक शाला (संख्या) (1979–80)		21,313	284
सड़क (कि. मी. में) (1979–80)		40,399	1,976
नगर/ग्राम विद्युतीकृत (31-3-80 की स्थिति)		13,831	15
कूएं विद्युतीकृत (1979–80 तक)		183,238	11

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ
प्राक्कथन	(३)
आमुख	(५)
आभार	(७)
परिचयात्मक आलेख	(१५)
जिला जैसलमेर–एक विहंगम दृष्टि	(१७)
जिला जनगणना पुस्तिका का इतिहास	(२९)
ग्राम एवं नगर निर्देशिका और प्राथमिक जनगणना सार का विषय-क्षेत्र	(३०)
जनगणना संकल्पनाएं	(३६)
प्राथमिक जनगणना सार का विश्लेषण	(४२)
जनगणना मकान एवं विकलांग व्यक्ति	(५५)
ग्राम व नगर निर्देशिका का विश्लेषण	(५७)

भाग—अ ग्राम व नगर निर्देशिका

अनुभाग I—ग्राम निर्देशिका

ग्राम निर्देशिका में विभिन्न सुविधाओं को दर्शाने हेतु प्रयुक्त किये गये संकेत 5

ग्राम निर्देशिका (तहसील के मानचित्र एवं वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची सहित) :

1. जैसलमेर तहसील 9
2. पोकरण तहसील 47

परिशिष्ट

परिशिष्ट I — शैक्षणिक, चिकित्सा और अन्य सुविधाओं का तहसीलवार सार 66

परिशिष्ट II — गैर नगरपालिका नगरों (जनगणना नगर) में भूमि उपयोग सम्बन्धी आंकड़े 70

परिशिष्ट III — आबाद ग्रामों की तहसीलवार सूची जहां शैक्षणिक, चिकित्सा, पीने का पानी, डाक व तार, बाजार/हाट के दिन या दिनों का नाम, संचार तथा बिजली की आपूर्ति की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं 71

परिशिष्ट IV — अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के समस्त जनसंख्या से अनुपात के विस्तार के अनुसार ग्रामों की सूची 72

अनुभाग II—नगर निर्देशिका

नगर निर्देशिका में विभिन्न सुविधाओं को दर्शाने हेतु प्रयुक्त किये गये संकेत 80

नगर निर्देशिका

विवरण I — प्रस्थिति और वृद्धि इतिहास 82

विवरण II — नगरों का भौतिक पक्ष और स्थिति, 1979 84

विवरण III — नगरपालिका वित्त, 1978–79 86

विवरण IV — सार्वजनिक और अन्य सुविधाएं, 1979 88

पृष्ठ

विवरण V — चिकित्सा, शैक्षणिक, मनोरंजन और सांस्कृतिक सुविधाएं, 1979 ... 90

विवरण VI — व्यापार, वाणिज्य, उद्योग और बैंक, 1979 92

परिशिष्ट

अपवृद्धि सहित नगर मय जनसंख्या 96

भाग—ब प्राथमिक जनगणना सार

जिला प्राथमिक जनगणना सार 98

ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार

1. जैसलमेर तहसील 102

2. पोकरण तहसील 124

नगरीय प्राथमिक जनगणना सार

I जैसलमेर नगर 134

II पोकरण नगर 134

परिशिष्ट

परिशिष्ट I — अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या—नगरीय ब्लॉकवार 139

परिशिष्ट II — जनसंख्या के आकारानुसार ग्रामों का वर्गीकरण 141

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित विशेष प्राथमिक जनगणना सार

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूची—राजस्थान 151

अनुसूचित जातियों के लिए प्राथमिक जनगणना सार 152

अनुसूचित जनजातियों के लिए प्राथमिक जनगणना सार 154

विशिष्ट अनुलग्नक

पंचायत समितिवार ग्राम निर्देशिका व प्राथमिक जनगणना सार

टिप्पणी 159

विशिष्ट अनुलग्नक I — पंचायत समितिवार ग्रामों की सूची 160

विशिष्ट अनुलग्नक II — पंचायत समितिवार ग्राम निर्देशिका सार 168

विशिष्ट अनुलग्नक III — पंचायत समितिवार प्राथमिक जनगणना सार 170

परिचयात्मक आलेख

1981 की जनगणना के दौरान 'व्यक्तिगत पर्ची' और 'परिवार अनुसूची' के माध्यम से एकत्र किये गये आंकड़ों के शत-प्रतिशत संकलन व सारणीकरण के पश्चात् जिला जनगणना पुस्तिकाओं की शृंखला तैयार की गयी है जिसमें लगभग 1,500 व्यक्तियों ने 12 माह से भी अधिक समय तक कार्य किया। पहली बार इस शृंखला में जनगणना एवं अन्य आंकड़े हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित करने का प्रयास किया गया है ताकि वे सभी वर्गों के लिये लाभप्रद हो सकें। हिन्दी राज-भाषा होने के कारण, सभी वर्गों के पाठक समुदाय की आवश्यकताओं की पूर्ति को ध्यान में रखते हुये विश्लेषणात्मक आलेख का हिन्दी अनुवाद भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

पंचायत समितियां विकास-प्रशासन व योजना की आधारभूत इकाइयाँ हैं। इनमें से केवल उन जिलों की जिनकी तहसीलों व पंचायत समितियों की सीमाएं एक समान नहीं हैं, सूची तैयार करली गई है और उनसे सम्बन्धित जनसंख्या आंकड़े एवं उनके अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामों में उपलब्ध जन-सुविधाओं की सूचना पंचायत समितिवार अलग से एक "पूरक जिला जनगणना पुस्तिका" (पंचायत समिति) में प्रकाशित किये जायेंगे। फिर भी सन्दर्भ के लिये मुख्य जिला जनगणना पुस्तिका में ऐसी सभी पंचायत समितियों के ग्रामों की सूची दी गयी है, जिनकी सीमाएं तहसील की सीमा के अनुरूप नहीं हैं। इसके साथ ही ऐसी पंचायत समिति की सम्पूर्ण जनसंख्या व जन-सुविधाओं का सार भी विशेष अनुलग्निका के रूप में दिया जा रहा है।

वर्तमान शृंखला की एक अन्य नवीन विशिष्टता यह है कि इसमें 1981 जनगणना के ग्रामवार आंकड़ों को विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में विभक्त कर दर्शाया गया है।

कुछ नये बिन्दुओं जैसे कि बिजली के उपयोग और निकटतम संचार बिन्दु जिनके बारे में 1971 की जनगणना के समय सूचना एकत्र नहीं की गयी थी के साथ-साथ प्रत्येक जिले के इतिहास, स्थलाकृति, भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक ढाँचा, पर्यटन व ऐतिहासिक महत्व के स्थानों सहित अन्य सामान्य जानकारी सम्मिलित करते हुए एक विशेष आलेख व्यापक व अधिक उपयोगी सूचना उपलब्ध कराने की दृष्टि से जोड़ा गया है।

समाज के कमजोर वर्ग के बहुमत का प्रतिनिधित्व करने वाली अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित जनसंख्या आँकड़े भी जिला/तहसील/नगर स्तर पर दिये गये हैं ताकि उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं आसानी से तैयार की जा सकें।

आशा की जाती है कि यह जिला जनगणना पुस्तिका योजनाविदों, कल्याणकारी योजनाओं के प्रशासकों एवं अन्य उपयोगकर्त्ताओं के लिये सहायक सिद्ध होगी।

जैसलमेर जिला – एक विहंगम दृष्टि

जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

जैसलमेर नगर राजा जैसा अथवा जैसल द्वारा बसाया गया था। जैसलमेर (जैसल का दुर्ग) शब्द की व्युत्पत्ति जैसल तथा मेरू, इन दो शब्दों के योग से हुई है। अनुमान है कि राज्य के तत्कालीन शासक राव जैसल ने उस समय की राजधानी लौद्रवा को प्रतिरक्षा की दृष्टि से अनुपयुक्त समझ कर एक अन्य नये नगर में अपनी राजधानी की स्थापना की, जिसका नाम जैसलमेर रखा। आज भी लौद्रवा भग्नावस्था में जैसलमेर के उत्तर-पश्चिम में जिले के मुख्यालय से 16 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। जिले का यह क्षेत्र, प्राचीनकाल में "माड़ धरा" अथवा "वल्ल मंडल" के नाम से प्रख्यात था। हालांकि इस क्षेत्र के प्राचीन इतिहास के बारे में प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, फिर भी यह आमतौर पर माना जाता है कि महाभारत युद्ध के पश्चात् अथवा कालान्तर में यादवों का मथुरा से काफी संख्या में बहिगमन हुआ। जैसलमेर के भूतपूर्व शासकों के पूर्वज, जो अपने वंश को भगवान कृष्ण के वंशानुक्रम में मानते हैं, संभवतः छठी शताब्दी (ईसा पूर्व) में इस क्षेत्र में आ बसे थे।

2. यह क्षेत्र जय, पराजय, वैभव और पराभव के विचित्र रंगों से रंजित इतिहास से भरा हुआ है। कहते हैं कि इस क्षेत्र का प्रथम महत्वपूर्ण शासक शालिवाहन था जिसने शालिवाहनपुर नगर, जिसे प्रायः सियालकोट नाम से जाना जाता है, बसाया था। शालिवाहन का पोता भाटी एक बहुत पराक्रमी योद्धा था। आगे चलकर उसका नाम ही जैसलमेर के शासकों का वंश-गोत्र बन गया। उसको "भाटिक संवत्" के नाम से एक संवत् आरम्भ करने का भी श्रेय मिला था, जिसका प्रारम्भिक वर्ष 623 ई. से मेल खाता है। उपरोक्त वर्णित योद्धाओं के अतिरिक्त इस वंश में और भी अनेक प्रसिद्ध शासक पैदा हुए। सबलसिंह, 1653 ई में गद्दी पर बैठा था और मुगल सम्राट शाहजहां का समकालीन था। उसके शासनकाल में जैसलमेर कीर्ति की चरम सीमा पर पहुंचा हुआ था।

3. विद्यमान जिला प्रमुखतया भूतपूर्व जैसलमेर राज्य से गठित है। भूतपूर्व जैसलमेर राज्य राजपूताना राज्यों में ब्रिटिश संरक्षण में जाने वाले अंतिम राज्यों में से था। 12 दिसम्बर, 1818 को मूलराज द्वितीय (1762–1819) ने ब्रिटिश सरकार के साथ एक रक्षा संधि की जिसके अनुसार ब्रिटिश सरकार ने मूलराज की भावी वंशजों के जैसलमेर के सत्ता अधिकार की गारन्टी प्रदान की। इस संधि के अन्तर्गत राज्य के शासक को ब्रिटिश सरकार के अधीनस्थ मिलजुल कर कार्य करना था।

4. सन् 1838–39 के प्रथम अफगान युद्ध के समय अंग्रेजों को अपनी मुख्य सेना के साथ सम्पर्क स्थापित करने हेतु अन्य सेनाओं को सिन्धु नदी के रास्ते से भेजना आवश्यक था। इन सेनाओं के परिवहन के लिए तात्कालीन शासक गजसिंह (1820–46 ई.) ने बहुत ही माकूल बन्दोबस्त किये। इस सामयिक सहयोग एवं मदद के लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें विशेष धन्यवाद का पात्र समझा तथा सिन्ध विजय के पश्चात् जैसलमेर राज्य के शाहगढ़ व घोटारू के जो दुर्ग जैसलमेर के शासकों से छिन चुके थे उन्हें सन् 1844 में पुनः वापस कर दिया गया।

5. सन् 1844 से 1949 (जब जैसलमेर का राजस्थान राज्य में विलय हुआ) तक राज्य की सीमा में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ। 6 अक्टूबर, 1949 को इस रियासत को जोधपुर खण्ड के अन्तर्गत एक पृथक् जिले का दर्जा दिया गया। उस समय यह जिला दो उपखण्डों, जैसलमेर एवं बाप में विभक्त था जिनमें पांच तहसीलें जैसलमेर, रामगढ़, साम, फतेहगढ़ व बाप थीं। बाद में उपखण्डों की संख्या घटा कर एक तथा तहसीलों की संख्या दो कर दी गई। रामगढ़, साम व फतेहगढ़ तहसीलों को जैसलमेर तहसील में मिला दिया गया।

6. मितव्ययता एवं प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से सन् 1953 में जैसलमेर को जिला स्तर से घटा कर, जोधपुर जिले के अन्तर्गत एक उपखण्ड बना दिया गया था। तत्पश्चात् सन् 1954 में इसे पुनः जिला स्तर प्रदान किया गया जिसमें जैसलमेर व पोकरण दो उपखण्ड तथा छः तहसीलें–जैसलमेर, पोकरण, रामगढ़, साम, नाचना और फतेहगढ़ बनीं। सन् 1962 में फतेहगढ़ तहसील समाप्त कर दी गई। सन् 1963 में रामगढ़, साम और नाचना का तहसील स्तर घटा कर उन्हें उप–तहसीलों में परिवर्तित कर दिया गया।

7. इस समय यह जिला, जैसलमेर व पोकरण, दो उपखण्डों मे विभाजित है। ये उपखण्ड होने के साथ-साथ तहसीलें भी हैं जो तीन उप-तहसीलों में विभाजित हैं यथा रामगढ़ व साम, जैसलमेर तहसील में और नाचना पोकरण तहसील में। दोनों तहसील मुख्यालय नगरपालिका क्षेत्र भी हैं। सन् 1971–81 के दौरान

जोधपुर जिले की फलौदी तहसील के ग्राम छायन–II को इस जिले की पोकरण तहसील में हस्तान्तरित कर दिया गया।

8. जिलाधीश, जिला दण्डनायक होने के अतिरिक्त जिले का प्रशासनिक प्रमुख है। प्रत्येक उपखण्ड एक उपखण्ड अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में है जब कि प्रत्येक तहसील एक तहसीलदार के पर्यवेक्षण और अधिकार क्षेत्र में है जिसे कार्यकारी दण्डनायक की शक्तियाँ भी प्रदत्त हैं।

9. राज्य में लोकतंत्रात्मक विकेन्द्रीकरण के फलस्वरूप जिले में तीन पंचायत समितियां जैसलमेर, साम व सांकड़ा बनाई गईं। इनका संचालन जिला परिषद् द्वारा होता है, जो जिला प्रमुख की अध्यक्षता में कार्य करती हैं। इनके कार्य का पर्यवेक्षण जिलाधीश द्वारा किया जाता है, जो पदेन जिला विकास अधिकारी है। सरकार का मूल उद्देश्य पंचायत समितियों को खण्ड स्तर पर समस्त विकास कार्यों का प्रमुख अभिकरण बनाना है।

10. जिले का सामान्य आकार, सात दिशाओं वाले अनियमित बहुभुज जैसा है, जिसके पक्ष की अधिकतम लम्बाई लगभग 338 कि.मी. है। यह राजस्थान के सुदूर पश्चिम में स्थित है और भारत के विशाल मरुस्थल थार का बड़ा भाग है। यह 26°01′ से 28°02′ उत्तरी अक्षांश व 69°29′ से 72°20′ पूर्वी रेखांश के मध्य स्थित है। जिला पश्चिम, उत्तर और उत्तर–पश्चिम की ओर पाकिस्तान से सीमित है तथा उत्तर–पूर्व में बीकानेर जिले से घिरा है। इसके दक्षिण मे बाड़मेर व पूर्व में जोधपुर जिले स्थित हैं।

भौगोलिक स्थिति

11. जिला भारत के विशाल मरुस्थल थार का भाग होने के फलस्वरूप रेतीला, सूखा तथा पानी की कमी वाला प्रदेश है। जैसलमेर नगर के निकट 64 कि.मी. व्यासार्द्ध में, अनेक चट्टानी टीलों व कठोर ऊंचे-नीचे (लहरदार) मैदानों से युक्त पथरीली जमीन भी पाई जाती है। इस अपवाद के अलावा जिला विविध आकार-प्रकार के बालू के टीबों का असीम सागर-सा दिखाई पड़ता है। सबसे बड़े टीबे रामगढ़ व साम उप-तहसीलों में पाये जाते हैं। इनमें से अधिकांश टीले स्थिर पहाड़ जैसे प्रतीत होते हैं। यह काफी आश्चर्य-जनक प्रतीत होता है कि थोड़ी सी वर्षा से इस क्षेत्र में काफी हरियाली हो जाती है तथा एक अच्छा खासा चरागाह बन जाता है।

12. साम उप–तहसील में स्थित डेड़ा के निकटवर्ती क्षेत्र में तथा पोकरण तहसील के लगभग आधे भाग में, भूमि बजरी पत्थर वाली है जिसको स्थानीय भाषा में भगरा कहते हैं। पोकरण तहसील में कुछ कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां भी देखी जा सकती हैं। इन पहाड़ियों की ऊँचाई समुद्र तल से 61 से 107 मीटर तक है तथा ये अधिकांशत: बोरड़ी तथा खेजड़ों के वृक्षों से ढकी रहती हैं।

13. जिले में एक भी बारहमासी नदी नहीं है। जैसलमेर नगर के आस-पास कुछ बरसाती नाले वर्षा ऋतु में अवश्य बहते हैं। इनमें से काकनी नाला जैसलमेर से लगभग 22 कि.मी. दक्षिण में स्थित कोटरी गांव के निकट से बहता है। आरम्भ में यह उत्तर दिशा की ओर बहता है और फिर पश्चिम की ओर मुड़ जाता है तथा अन्त में रूपसी ग्राम के निकट यह झील का आकार ले लेता है जिसे भुज झील कहा जाता है। अधिक वर्षा होने पर यह अपने सामान्य मार्ग से विचलित होकर पश्चिम की ओर मुड़ने की अपेक्षा लगभग 20 कि.मी. निरन्तर उत्तर की ओर प्रवाहित होता है जहां इसका पानी डैया बांध में एकत्रित किया जाता है। जिले में कोई भी प्राकृतिक झील नहीं हैं। वर्षा ऋतु में हालांकि अनेक नीचे क्षेत्रों में पानी एकत्र हो जाता है जो पीने के व अन्य घरेलू उपयोगों में लाया जाता है। जिले का जल-स्तर सतह के नीचे काफी गहरा है। यह गहराई विभिन्न स्थानों पर 38 से 46 मीटर (125 से 150 फुट) के बीच पाई जाती है। कहने का तात्पर्य यह है कि राजस्थान का कोई भी दूसरा भाग यहां जैसा स्फूर्तिहीन (जीवन रहित) तथा वीभत्स दिखाई नहीं देता।

जलवायु

14. जिले की जलवायु शुष्क एवं स्वास्थ्यवर्द्धक है। यह तापमान की पराकाष्ठाओं तथा अनियमित वर्षा के लक्षणों से युक्त है। ग्रीष्म ऋतु में, जो जून तक चलती है, काफी गर्मी पड़ती है। सन् 1980 में सर्वाधिक तापमान 46° सेंटीग्रेट जैसलमेर में रिकार्ड किया गया था जबकि न्यूनतम मात्र 2° सेंटीग्रेड था। इस वर्ष के दौरान औसत तापमान 24° सेंटीग्रेड पाया गया जबकि औसत आर्द्रता 56.4 प्रतिशत थी।

15. जिले में वर्षा काफी अपर्याप्त एवं अनिश्चित है तथा इसके विभिन्न भागों में काफी असमानता लिए है। जिले में औसत वार्षिक वर्षा सामान्यत: 16.40 सेमी होती है। वर्ष 1980 में केवल 14.25 सेमी वर्षा रिकार्ड की गई। जिले का दक्षिण–पूर्व से उत्तर–पश्चिम में वर्षा घटती जाती हैं। जिले का उत्तर–पश्चिम क्षेत्र उनमें से है जहां सबसे कम वर्षा होती है तथा यह दक्षिण–पश्चिम मानसून पर निर्भर करती है। इस समय कुल वार्षिक वर्षा की 86 प्रतिशत वर्षा होती है। सामान्यत: अगस्त अधिकतम वर्षा का महीना होता है।

भू-विज्ञान एवं खनिज सम्पदा

16. जैसा कि पहले कहा जा चुका है, जैसलमेर का क्षेत्र अधिकांशत: निरन्तर उड़ने वाली बालू मिट्टी के टीबों से ढका हुआ है जो आमतौर पर हवा के रुख के साथ बदलते रहते हैं। आज भी इस क्षेत्र में ज्यूरासिक चट्टानें देखने को मिलती हैं जो चूना पत्थर, बलुआ पत्थर, जम्बशिलाओं आदि से बनी हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के द्वारा सर्वेक्षित जैसलमेर जिले के अनु विकास को सात श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है जैसे इओसिन संरत्तर (तल),

अबुर संरत्तर, परिहार बलुआ पत्थर, बडसार संरत्तर, बैसाखी संरत्तर, जैसलमेर चूना पत्थर व लाठी संरत्तर ।

17. इस क्षेत्र में अब तक प्राप्त महत्वपूर्ण खनिजों में मुलतानी मिट्टी, चिकनी मिट्टी, आचूर्ण (जिप्सम), चूना पत्थर, रामरज तथा गेरू व फास्फोराइट हैं । यद्यपि जिले में मुलतानी मिट्टी का प्रचुर मात्रा में भण्डार प्राप्त है फिर भी इसका खुदाई कार्य मात्र मंडाऊ, मांडा, नेहडाई और रामगढ़ के निकटवर्ती क्षेत्र में ही सीमित है । चिकनी मिट्टी के भण्डार देवीकोट, छोड़ व मन्डाई क्षेत्र में उपलब्ध हैं । आचूर्ण (जिप्सम) की खुदाई मोहनगढ़ में की जा रही है । अन्य स्थान जहां इसके प्रचुर मात्रा में भण्डार होने की सम्भावना है वे हैं—हमीरवाली, लाखासर, लाखा, नोख और नेदाई । जैसलमेरी चूना पत्थर का उपयोग अधिकतर कलात्मक कार्यों में किया जाता है । चूने पत्थर की खानें अमरसागर, मूलसागर और जैसलमेर नगर के आस-पास के क्षेत्र में स्थित हैं । अच्छी पॉलिश हो जाने के पश्चात् इस पत्थर का सजावट में अच्छा उपयोग हो सकता है । इन पत्थरों के चिप्स का मौजिक टाइल व सीमेन्ट के फर्श बनाने में प्रयोग किया जाता है । देवीकोट के दक्षिण तथा पश्चिम में पीला और लाल गेरू पत्थर भी मिलता है । हाल ही में बरबानिया के निकट फॉस्फोराइट होने की संभावना व्यक्त की गई है । इस महत्वपूर्ण खनिज की प्राप्ति सुपर फॉस्फेट उर्वरक के निर्माण में बहुत ही मूल्यवान साबित होगी । तेल व गैस के भण्डारों का पता लगाने हेतु तेल व प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा नमूने के बतौर ड्रिलिंग का कार्य भी जिले मे काफी प्रगति पर है ।

वन, वनस्पति एवं जीव-जन्तु

18. जिले में वनों के अन्तर्गत केवल 59,601 हेक्टेयर भूमि आती है जो जिले के कुल क्षेत्रफल का लगभग 1.55 प्रतिशत है । अत: जलवायु संबंधी बाधाओं के फलस्वरूप जैसलमेर जिले में वन नाम-मात्र के हैं । जैसलमेर के उत्तर-पूर्व में एक बहुत ही छोटी-सी वन-पट्टी 48 कि.मी. के क्षेत्र में स्थित है । यह वन-पट्टी मूल रूप से घास भूमि है । नाचना में एक नर्सरी भी कार्यरत है जो सड़क के किनारों पर वृक्ष लगाने के लिये छोटी पौध तैयार करती है । जब तक नियमित रूप से पानी की व्यवस्था नहीं हो जाती, निकट भविष्य में, इस क्षेत्र में, वन विकास की संभावनाएं अत्यन्त क्षीण हैं ।

19. चूंकि सम्पूर्ण क्षेत्र रेतीला है अत: वनस्पति होना कठिन है । इस क्षेत्र की वनस्पति को ऊष्ण कटिबन्धीय कांटेदार वन क्षेत्र में सम्मिलित किया जा सकता है । इस क्षेत्र में पाये जाने वाले फूल वाले पौधों में आमतौर पर छोटी झाड़ियां तथा जंगली घासें हैं, जो वर्षा के कुछ ही महिनों पश्चात् जल जाती हैं । वृक्षों में बबूल, कुमट, नीम, जाल अथवा करेर, गुग्गल, काबुली कीकर (देशी खेजड़ी), मीठा झाल अथवा बड़ा पीलू, खारी झाल अथवा छोटा पीलू, रोहिड़ा अथवा रूडातोरा और बेर आमतौर पर पाये जाते हैं परन्तु इनमें से नीम, बबूल और खेजड़ी मुख्य किस्में हैं ।

20. झाड़ियों के अन्तर्गत बूई, आकड़ा, फोग, थोहर, बागरा, झड़बूटी अथवा लाना, हजेरन तथा सांठी आदि प्रमुख हैं ।

21. अच्छी वर्षा के तुरन्त पश्चात् सारा क्षेत्र हरे-भरे चरागाह में बदल जाता है तथा जंगली घास प्रचुरता से उग जाती है । घासों के वर्ग में लाप, धामन, दूब, मोठा, धरनियां घास, मोरान्त, भरूट, गांठिल, फालिज एवं सिवान प्रमुख हैं ।

22. चूंकि जिले में वन तथा पहाड़ नहीं के बराबर हैं अत: यहाँ जंगली पशु इत्यादि कोई खास नहीं हैं । आम किस्म के जीव-जन्तु जैसे जरख, मरू लौमड़ी, गीदड़ और चिंकारा जिले में देखे जा सकते हैं । किसी समय भेड़िये सामान्य रूप से पाये जाते थे परन्तु अब उनकी संख्या भी काफी कम हो गई प्रतीत होती है ।

23. जिले में काफी संख्या में सर्प पाये जाते हैं । विषैले सर्प जैसे पृदाक्, काला नाग व करैत आमतौर पर देखने को नहीं मिलते हैं । कहा जाता है कि एक किस्म का विषैला सर्प जिसे स्थानीय भाषा में "पिवना" कहते हैं तथा जो सर्प की तरह दिखता है, जिले में पाया जाता था । यह सर्प काटता नहीं है । कहा जाता है कि यह जन्तु सोए हुए व्यक्ति की छाती पर चढ़ जाता है तथा उसके नाक व मुंह में श्वांस छोड़ता है । पिवना की श्वांस विषैली होने के कारण विषाक्त किया गया व्यक्ति आमतौर पर ठीक नहीं हो पाता है ।

24. जिले में पाये जाने वाले आखेट पक्षियों में वृहत् ककर (इम्पीरियल सैंड ग्राउज), सामान्य महासारंग (कॉमन बस्टार्ड), भारतीय महासारंग (ग्रेट इंडियन बस्टार्ड), भारतीय शिप्रचला (इंडियन कोर्सर) तथा गौरा तीतर (ग्रे पार्टिज) प्रमुख हैं । वृहत् ककर इस क्षेत्र में शीतकाल में अक्टूबर से फरवरी माह के बीच आती है । इस जिले में शीतकाल में आने वाला दूसरा आकर्षक पक्षी पाटल सारिका (रोजीपैस्टर) है । यह पक्षी टिड्डियों को समाप्त कर फसल को नुकसान होने से रोकता है ।

भूमि-उपयोग :

25. जिले में कृषि उपयोग में आने वाली भूमि का रूप शुष्क कटिबन्धीय क्षेत्रों के अनुरूप है जिसमें बहुत बड़ा भाग (78.22 प्रतिशत) कृषि योग्य खाली भूमि का है जहां रेत के कारण केवल घास के सिवा और कुछ नही उग पाता है । वस्तुत: जिले के विभिन्न भागों में फैले हुए बालू के टीबों की विशालता व विस्तार ने ही कृषि कार्य तथा अन्य प्रयोजन के लिये भूमि के प्रभावी उपयोग को बहुत हद तक निर्धारित किया है ।

26. जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्र 38,44,446 हेक्टेयर है । भूमि उपयोग प्रयोजनार्थ प्रतिवेदित क्षेत्र 1979-80 में 38,38,406 हेक्टेयर था । जिले में इस अवधि में भूमि उपयोग का वर्गीकरण निम्न प्रकार रहा :

	भूमि उपयोग	क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)	प्रतिशत
1.	वन	59,601	1.55
2.	गैर कृषि उपयोग में भूमि	54,105	1.41
3.	बंजर व अकृषित भूमि	327,104	8.52
4.	अन्य अकृषित भूमि (पड़त भूमि के अतिरिक्त)	88,797	2.31
5.	कृषि योग्य खाली भूमि	30,02,198	78.22
6.	पड़त भूमि	59,860	1.56
7.	बोया गया कुल क्षेत्रफल	2,46,741	6.43
	योग	38,38,406	100.00

फसलें

27. जिले की मुख्य फसल खरीफ है। जिले में बोई जाने वाली महत्वपूर्ण खरीफ फसलें बाजरा, ज्वार, बेलों में लगने वाली दालें, मूंग, मोठ, तिल हैं। इनमें से बाजरा मुख्य है जो खरीफ ऋतु में 90 प्रतिशत कृषि भूमि पर बोया जाता है। रबी की फसल केवल उन भागों में की जाती है जहां कृत्रिम सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। परिणामस्वरूप इसकी खेती सीमित होती है। गेहूं व चना मुख्य रबी फसलों में से हैं।

28. उपरोक्त फसलों के अतिरिक्त, सब्जिजां जैसे मूली, बैंगन, प्याज आदि जैसलमेर व पोकरण नगरों के स्थानीय बाजारों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाड़ियों में मालियों द्वारा पैदा की जाती हैं। वर्षा ऋतु में कृषक अपने खेतों में मतीरा व ककड़ी भी उगाते हैं और ये प्रचुर मात्रा में उपजते हैं। निम्न विवरण प्रत्येक फसल की खेती के अन्तर्गत क्षेत्रफल तथा इसके टनों में उत्पादन के अन्तिम आंकड़े वर्ष 1979-80 के लिए दर्शाता है :

फसलें	क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)	उत्पादन (टनों में)
अ-खाद्यान्न		
बाजरा	1,71,153	856
ज्वार	2,598	182
गेहूं	2,384	2,485
ब-दालें :		
चना	210	138
अन्य खरीफ दालें	193	1
स-व्यापारिक फसलें		
तिल	795	27
तोरी व सरसों	14	6
मिर्च	8	2

29. खाद का उपयोग जिले में लगभग नहीं के बराबर है। कभी-कभी पशुओं को खेत में बांधकर उनका गोबर खेतों में डाल दिया जाता है। बड़े पैमाने पर कृत्रिम खाद देना तब तक बेकार पाया गया है जब तक कि फसलों की सिंचाई हेतु पर्याप्त व नियमित समय पर पानी की व्यवस्था न हो जावे। फिर भी सन् 1963-64 में नलकूप सैच्य क्षेत्रों में खेती आरम्भ होने के साथ ही रासायनिक उर्वरकों को प्रथम बार उपयोग में लाया गया। वर्ष 1979-80 के दौरान 1704 मैट्रिक टन अमोनियम सल्फेट जिसमें नाइट्रोजन होता है, 191 मैट्रिक टन सुपर फॉस्फेट तथा 101 मैट्रिक टन पोटेशियम कृषकों को उपलब्ध करवाये गये।

काश्तकारी

30. इस राज्य में काश्तकारी का नियंत्रण एवं नियमन राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के द्वारा किया जाता है। यह भूमि सुधार सम्बन्धी सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं प्रगतिशील अधिनियमों में से एक अधिनियम है। इस अधिनियम के प्रावधानों का प्रयोग राज्य सरकार भू-स्वामी के रूप में तहसीलदारों के माध्यम से काश्तकारों द्वारा धारित भूमि पर करती है। प्रत्येक भू-धारी, खातेदार या शिक्मी खातेदार अथवा आवंटी या अतिक्रमी होता है। काश्तकार वह व्यक्ति होता है, जिसे उस भूमि के उपयोग एवं कब्जे के बदले, जो उसे कृषि या कृषि सम्बन्धी अन्य कार्य में प्रयोग के लिए दी गई होती है, लगान देना होता है। लगान की अनुकूल दर पर अनुदानग्राही, इजारदार, ठेकेदार या अतिक्रमी काश्तकार नहीं माना जाता।

31. काश्तकारों के निम्नलिखित वर्ग हैं :—

(क) खातेदार काश्तकार,
(ख) मालिक,
(ग) खुदकाश्त काश्तकार, और
(घ) गैर-खातेदार काश्तकार।

32. खातेदार काश्तकार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के अन्तर्गत खातेदार काश्तकार को प्रदत्त सभी अधिकारों का हकदार है और इस अधिनियम में निहित इसके दायित्वों के लिए उत्तरदायी भी है। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम लागू होने की तारीख से रिकार्ड के अनुसार खुदकाश्त करने वाले जमींदार या बिस्वेदार को भी काश्तकार माना गया है चाहे उस दिन उसका वास्तव में भूमि पर कब्जा था अथवा नहीं।

33. मालिक ऐसा जमींदार या बिस्वेदार है जो 1959 में जमींदारी और बिस्वेदारी प्रथा की समाप्ति पर उसके द्वारा धारित खुदकाश्त भूमि का मालिक बन गया। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 14 में 'मालिक' शब्द को भी जोड़ा गया ताकि इन्हें काश्तकारों के एक वर्ग के रूप में वर्गीकृत किया जा सके। अधिनियम की धारा 13 के अनुसार मालिक को भी वह अधिकार और दायित्व दिये गये हैं जो एक खातेदार काश्तकार को दिये गये हैं और इस प्रकार काश्तकारों का यह वर्ग वस्तुतः खातेदार काश्तकार ही है।

34. चूंकि खुदकाश्त करने वाले जमींदारों और बिस्वेदारों को खातेदार काश्तकार माना गया है, अतः खुदकाश्त के काश्तकार भी, वस्तुतः शिक्मी काश्तकार ही हैं क्योंकि एक शिक्मी काश्तकार के जोत के अधिकार को खातेदार काश्तकार के विरुद्ध कानूनी संरक्षण प्राप्त है। खातेदार काश्तकार, खुदकाश्त के काश्तकार या शिक्मी काश्तकार के अतिरिक्त सभी काश्तकार गैर-खातेदार काश्तकार हैं।

35. अतिक्रमी वह व्यक्ति है, जो बिना प्राधिकार के भूमि पर कब्जा कर लेता है या कब्जा बनाये रखता है अथवा उस व्यक्ति को भूमि पर कब्जा प्राप्त करने से रोकता है, जिसे राज्य द्वारा वैध रूप से भूमि आवंटित की गयी है। अतिक्रमी भूमि के नियमन के बाद आवंटी बन जाता है। आवंटी को गैर-खातेदार काश्तकार माना गया है, जिसे आवंटन के दस वर्ष पश्चात् यदि आवंटी इसी अवधि के दौरान आवंटन की सभी शर्तों को पूरा करता हो तो उपखण्ड अधिकारी स्वतः खातेदारी अधिकार दे देता है। अन्य आवंटियों को भी, जिन्हें दूसरे (अधि) नियमों के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटित की गई है, ऐसे ही खातेदारी प्राप्त करने के अधिकार दिये गये हैं।

कृषि उपकरण

36. कृषक अभी भी पुराने प्रकार के कृषि उपकरण का उपयोग करते हैं। सन् 1977 में सम्पन्न पशुगणना के अनुसार जिले में 34,519 हल, 1,306 गाड़ियां, 3 गन्ना पेरने की मशीनें, 41 ट्रैक्टर, 29 डीजल इंजिन और 8 विद्युत् संचालित पम्प सैट जिले में कार्यरत थे।

सिंचाई

37. जिले की विद्यमान परिस्थितियों को देखते हुए यहां कोई भी बारहमासी नदी नहीं बहती तथा कुएं इतने गहरे हैं कि वे आर्थिक दृष्टि से अनुपयुक्त हैं, किसी भी सार्थक पैमाने पर कृत्रिम सिंचाई व्यावहारिक नहीं है। अतः कृषि उपज को पूर्ण रूप से मौसमी वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि नीचे के इलाकों में एकत्रित जल से, जिन्हें स्थानीय भाषा में खड़ीन कहते हैं, लघु सिंचाई का कार्य संभव है। खड़ीनों के तलों में गेहूँ व दूसरे अनाज बोये जाने की सामान्य परिपाटी है।

38. मरु क्षेत्रों के भूमिगत जल संसाधन के श्रेष्ठ उपयोग द्वारा पीने अथवा कृषि प्रयोजन के लिये पानी के अभाव की समस्या को दूर करने हेतु, खाद्य व कृषि मन्त्रालय, भारत सरकार ने राजस्थान भू-जल विभाग, व अन्वेषणात्मक नलकूप संगठन द्वारा 250 नलकूपों के निर्माण करने की परियोजना स्वीकृत की। पीने के पानी व सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा मरुस्थल के भयानक विस्तार को नियन्त्रित करने का भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य था।

39. जिले में 1979-80 के अन्त तक कुल 1683 कुए थे जिन्हें उपयोग में लाया जा रहा था। इनमें वे 11 कुएं भी शामिल हैं जिनमें विद्युत् संचालित पम्प सैट लगे हुए थे। इनके अतिरिक्त जिले में 32 नलकूप व 38 अन्य पम्प सैट मौजूद थे। वर्ष 1979-80 के दौरान जिले में कुल सिंचित क्षेत्रफल 142 हेक्टेयर था जिसमें से 53 हेक्टेयर में कुएं तथा नलकूपों तथा शेष 89 हेक्टेयर में अन्य साधनों जैसे खड़ीन से सिंचाई होती थी।

40. राजस्थान नहर परियोजना के दूसरे चरण के पूर्ण होने पर जैसलमेर जिले के कुछ भागों में, सिंचाई नहरों का जाल फैल जाने की आशा की जाती है। तब इस मरुस्थल क्षेत्र की विद्यमान आर्थिक व्यवस्था में पूर्णरूप से बदलाव आने की अपेक्षा की जाती है।

पशुपालन

41. जिले में कुल पशुओं की संख्या 13 लाख है जो कि जिले की जनसंख्या से लगभग छः गुनी है। इसके अतिरिक्त पांच हजार बतखें थीं। जिले में 1972 की तुलना में 1977 में पशु संख्या की स्थिति निम्न विवरण में दिखाई गयी है :

श्रेणी		पशुओं की संख्या		पशु संख्या में 1972 के बाद का अन्तर	
		1972	1977	वास्तविक	अन्तर %
अ-	पशु धन	616,435	1,300,419	+ 683,984	+ 110.96
	1. गाय बैल	65,135	123,629	+ 58,474	+ 89.75
	2. भैंसें	330	657	+ 327	+ 99.09
	3. भेड़ें	313,163	677,731	+ 364,568	+ 116.41
	4. बकरियां	192,568	437,013	+ 244,445	+ 126.94
	5. घोड़े, टट्टू व खच्चर	237	433	+ 196	+ 82.70
	6. गधे	7,368	15,418	+ 8,050	+ 109.26
	7. ऊँट	37,614	45,538	+ 7,924	+ 21.07
ब-	कुक्कुट	7,757	4,932	— 2,825	— 36.42
	1. बतख	7,757	4,932	— 2,825	— 36.42
	पशुधन व कुक्कुट योग	624,192	1,305,351	+ 681,159	+ 109.13

42. सन् 1977 की पशुगणना यह इंगित करती है कि जबकि राजस्थान में पशुओं की संख्या में 6.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, इस जिले में 1972 व 1977 के मध्य पांच वर्षों की अवधि में 111 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सभी प्रकार के पशुधन की संख्या में वृद्धि हुई है। दूसरी तरफ, इस अवधि में, कुक्कटों की संख्या में 36 प्रतिशत की अर्थपूर्ण घटोतरी दर्ज की गई है।

43. कुल पशुओं की संख्या में से 52.12 प्रतिशत भेड़ तथा 33.60 प्रतिशत बकरियां थीं। पशुधन के मामले में जिले का राज्य में 17वां स्थान है।

44. कृषि कार्य के लिए उचित साधनों के अभाव में जिले की अधिकांश ग्रामीण जनसंख्या के लिये सामान्य परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण जीविका का एक मात्र स्थान पशुपालन ही है। गाय, भैंस, ऊँट, भेड़ों व बकरियों के समुदाय इन लोगों की एक मात्र सम्पत्ति होती है। इन पशुओं में यह एक विशेषता होती है कि शुष्क प्रकृति के होते हुए भी इनका संवर्द्धन हो जाता है।

45. सम्पूर्ण जिले में गौ-पशु व्यापक रूप से पाले जाते हैं। गायें दूध तथा उससे निर्मित वस्तुओं जैसे दही व घी देने के प्रबल साधन हैं। घी का जिले से बाहर निर्यात भी होता है। कड़ी भूमि को जोतने के लिये बैलों का उपयोग किया जाता है। जिले में पाई जाने वाली गौ-पशुओं की महत्वपूर्ण नस्ल थार है जिसे स्थानीय भाषा में थार पारकर भी कहा जाता है। जिले के पूर्वी भागों में इसकी प्रधानता है। यह दूसरे प्रयोजन की नस्ल का पशुधन है। बैल बहुत अच्छे भारवाहक होते हैं जबकि गायों में अधिक दूध देने की क्षमता होती है। गौ-पशुओं की दूसरी नस्ल राठी है जो जिले के उत्तर-पूर्वी भागों में अधिकांश रूप से पाई जाती है। यह मुख्यतः दुधारू नस्ल होती है।

46. ऊंट जिले के अत्यन्त उपयोगी घरेलू जानवरों में से है। जैसलमेर के ऊंट विशिष्ट नस्ल के होने से अपने वेग, सहिष्णुता, सहनशक्ति व सुगम गति के लिये प्रसिद्ध हैं। ये भोजन अथवा पानी के बिना लम्बी दूरियों तक जा सकते हैं।

47. भेड़ पालन जिले के अधिकतम निवासियों का महत्वपूर्ण व्यवसाय है। यह धन्धा प्रमुख रूप से ऊन उत्पादन के लिये किया जाता है। अच्छे औसत किस्म की भेड़ सामान्य रूप से मध्यम श्रेणी की ऊन देती है यद्यपि कुछ किस्म की भेड़ों से अच्छी किस्म की ऊन भी प्राप्त होती है। जैसलमेरी भेड़ में काफी मात्रा में मांस होता है।

48. दूध व मांस के लिये जिले में बकरियां बहुतायत से पाली जाती हैं। जिले के अधिकांश भागों में मारवाड़ी व लोही नस्ल की बकरियां पाई जाती हैं।

49. जिले में 1979-80 में पांच पशु चिकित्सालय, एक-एक जैसलमेर व पोकरण नगरों में तथा एक-एक जैसलमेर, साम व सांकड़ा पंचायत समितियों के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त तीन पशु औषधालय भी इन पंचायत समितियों के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे थे। जैसलमेर व पोकरण नगरपालिकाओं के मुख्यालयों पर एक-एक भ्रमणशील पशु चिकित्सा इकाई भी इस

अवधि में पशुओं की बीमारियों के उपचार व रोकथाम के लिए कार्य कर रही थीं।

विद्युतीकरण

50. जिले में या उसके आसपास न तो कोई नदी है और न ही कोई जल-स्रोत जिनसे जल विद्युत् शक्ति उत्पन्न की जा सके। अतः इस जिले में विद्युत् उत्पादन का मूल साधन ताप-विद्युत् ही है। इस समय जैसलमेर व पोकरण में राजस्थान राज्य विद्युत् मण्डल द्वारा संचालित एक-एक विद्युत् गृह कार्यरत है।

51. राजस्थान के विनिर्माण से पूर्व जिले में केवल जैसलमेर नगर में विद्युत् सुविधा उपलब्ध थी। तब से 1979-80 के अन्त तक 11 ग्राम व दूसरे नगर में विद्युत् उपलब्ध हो चुकी है। इस अवधि में कुल 1880 उपभोक्ता (घरेलू कार्य हेतु) लाभान्वित हो रहे थे जिनमें से चार कृषि क्षेत्र में थे। जिले में कुल उपभोक्ताओं की संख्या इस अवधि में 2,425 थी।

उद्योग एवं श्रम

52. जिले में वर्ष 1980 के अन्त तक कुल चार पंजीकृत कारखाने थे जिनसे औसतन 116 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ। निम्न तालिका में इन कारखानों की वर्गानुसार संख्या के साथ-साथ इनमें नियोजित व्यक्तियों की अनुमानित औसत संख्या दर्शायी गयी है :

वर्ग	इकाइयों की संख्या	नियोजित श्रमिकों की औसत संख्या
1. पश्चिमी राज्य दुग्ध उत्पादक संघ लि०, पोकरण	1	17
2. लक्ष्मी मुद्रणालय	1	2
3. विद्युत् गृह, विद्युत् एवं मशीन डिपो, जैसलमेर	1	76
4. जैसलमेर जिला खादी ग्रामोद्योग	1	7

53. औद्योगीकरण की दृष्टि से जैसलमेर राज्य के सबसे पिछड़े हुए जिलों में से एक है। जिले की नैसर्गिक स्थितियां उद्योगों की स्थापना व विकास के लिये सहायक नहीं हैं। उद्योगों की स्थापना के लिए सहायक रूप से यहां न तो कच्चा माल ही उपलब्ध है और न ही विद्युत्, जल आदि की सुविधा उपलब्ध है। तदपि, जिले में आत्मनिर्भरता के प्रयास व परम्परा के अनुसार, कतिपय कुटीर व पारिवारिक उद्योग चलते हैं। ग्रामीण उद्योगों के अन्तर्गत मोटा सूती कपड़ा, ऊनी शाल अथवा लोइयां, ऊनी कम्बल, ऊंट के बालों से निर्मित कालीन, बकरी के बालों से बने थैले आदि लघु स्तर पर चलने वाले उद्योग हैं। यहां के निवासियों द्वारा पाले गये भेड़, बकरी व ऊंटों से उत्पन्न कच्चा माल ऊन उद्योग के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि ऊन उद्योग अभी भी जिले में भली भांति चल रहा है जबकि अन्य उद्योग लगभग समाप्तप्रायः हो गए हैं।

54. जिले में रामगढ़, गोमत व लावा ऊन उद्योग के लिये प्रमुख केन्द्र हैं। उपलब्ध कच्चे माल का पूर्ण उपयोग करने के लिये जैसलमेर, ऊन कताई संयंत्र की स्थापना के लिये अच्छा क्षेत्र है। ऊन का या तो कच्चे माल के रूप में निर्यात कर दिया जाता है अथवा इससे सादा कालीन या नमदे बनाए जाते हैं। आमतौर पर ऊन से बनी वस्तुएं, काले व सफेद, दो रंगों में बनाई जाती हैं। लाल किनार वाले कम्बल अपनी सुन्दरता व ऊष्मा के लिये काफी विख्यात हैं।

55. जयपुर में 1955 में स्थापित राजस्थान वित्त निगम राज्य के मध्यम व लघु उद्योगों को ऋण देकर वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह ऐसे उद्योगों के वर्द्धन, विकास व विस्तार को भी प्रोत्साहित करता है। निगम ने 1979-80 में जिले के 6 उद्योगों को रुपये 5.57 लाख के ऋण स्वीकृत किये थे जिसमें से रु० 62 हजार एक इकाई को उसी वर्ष के दौरान वितरित कर दिये गए।

56. जिला नियोजन कार्यालय, जिले के मुख्यालय, जैसलमेर में स्थित है। इस कार्यालय द्वारा 1980 के अन्त में, केन्द्रीय सरकार की 5, राज्य सरकार की 308 और अर्द्ध-सरकारी व स्वायत्त संस्थाओं की 287 के अतिरिक्त निजी क्षेत्र की 12 रिक्तियां अधिसूचित की गईं। इनमें से केन्द्रीय सरकार की 4, राज्य सरकार की 274, अर्द्ध-सरकारी व स्वायत्त संस्थाओं की 225 तथा निजी क्षेत्र की 11 रिक्तियां भर दी गईं। इस प्रकार वर्ष के दौरान विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों द्वारा अधिसूचित कुल 612 रिक्तियों में से 514 इस कार्यालय के माध्यम से भरी गईं।

व्यवसाय एवं वाणिज्य

57. इस जिले में कोई नियमित मंडियां नहीं हैं। जैसलमेर व पोकरण, थोक व फुटकर व्यापार के दो महत्वपूर्ण वितरण केन्द्र हैं। फुटकर बाजार बड़े गांवों में भी होते हैं जहां महाजन लोग रहते हैं। ये बाजार भले ही किसी खास मापदण्ड के अनुसार महत्वपूर्ण नहीं हों, किन्तु यहां के निवासियों के लिये व जिले की अर्थव्यवस्था में इनका महत्व है। रामदेवरा मेले के समय लगाया गया बाजार भी क्रेताओं और विक्रेताओं के भारी जनसमूह को आकर्षित करता है, यद्यपि व्यापार की मात्रा भले ही सीमित हो।

58. वर्ष 1980 के अन्त तक जिले में विभिन्न बैंकों की 11 शाखाएं थीं जिनमें से 10 अनुसूचित व्यापारिक बैंकों की तथा एक

सहकारी बैंक की थी। अनुसूचित बैंकों की 6 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 4 नगरीय व अर्द्ध-नगरीय क्षेत्रों में स्थित थीं। व्यापारिक बैंकों की उसी समय में जमा राशि व उधार राशि क्रमशः 298 लाख व 48 लाख थी।

59. जिले में 1979-80 के अन्त में 3 दुकानें भारत में बनी विदेशी शराब और 6 दुकानें भाँग, चरस की थीं। अकेले इसी वर्ष के दौरान ही जिले में 45,700 किग्रा. पोस्त, 410 किग्रा. भांग, 1,452 लीटर भारत में बनी विदेशी शराब तथा 156 लीटर भारत में बनी बीयर का समाज के विभिन्न वर्गों ने उपभोग किया।

60. जिले में 1980 में कुल मिलाकर 105 उचित मूल्य की दुकानें थीं जिनमें से 7 नगरीय क्षेत्रों में तथा 98 ग्रामीण क्षेत्रों में थीं। 31 दुकानों (7 नगरीय क्षेत्रों तथा 24 ग्रामीण क्षेत्रों) की व्यवस्था विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा होती थी जबकि शेष 74 दुकानें, जो सभी ग्रामीण क्षेत्रों में थीं, निजी व्यक्तियों द्वारा चलाई जाती थीं।

61. जिले में केवल एक सिनेमाघर है जो मुख्यालय जैसलमेर में स्थित है। इस सिनेमाघर में 400 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता है। वर्ष 1979-80 के दौरान इससे रुपये 34 हजार सरकार को मनोरंजन कर के रूप में प्राप्त हुए।

शिक्षा

62. रियासत के समय जिले में शिक्षा की प्रगति अधिक प्रभावकारी नहीं थी। अर्सकिन के अनुसार सन् 1890 तक राज्य में केवल एक शिक्षण संस्था थी। सन् 1980 में तीन पाठशालाओं की स्थापना की गई जिनमें से दो राजधानी जैसलमेर में तथा तीसरी बाप में स्थित थी। ये सभी पाठशालाएं लड़कों के लिये थीं। जैसलमेर नगर की एक प्राथमिक पाठशाला को मिडिल स्कूल और बाद में सन् 1934 में हाई स्कूल तक उन्नत कर दिया गया। सन् 1948 में राज्य में एक अध्यापक वाली पांच पाठशालाएं और खोली गईं। राज्य में अब तक महिला शिक्षा पूर्णतया उपेक्षित रही थी। सन् 1948 में जैसलमेर में सर्वप्रथम एक कन्या पाठशाला खोली गई।

63. सन् 1949 में भूतपूर्व जैसलमेर राज्य के राजस्थान में विलय के पश्चात् शैक्षणिक सुविधाओं में सारभूत विस्तार हुआ। सन् 1951 तक जिले में पाठशालाओं की संख्या 26 तक बढ़ गई, जिनमें 24 प्राथमिक पाठशालाएं, एक माध्यमिक विद्यालय व एक हाई स्कूल था। 1979-80 की समाप्ति तक, जिले में कुल 352 शैक्षणिक संस्थाएं कार्यरत थीं जिनमें से 2 महाविद्यालय (एक-एक सामान्य शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा हेतु) थे। विद्यालयों की श्रेणी में, जिले में इस अवधि में 284 प्राथमिक विद्यालय, 49 मिडिल स्कूल और 16 उच्चतर माध्यमिक व माध्यमिक विद्यालय कार्यरत थे। इनके अलावा एक व्यावसायिक विद्यालय भी चल रहा था। महाविद्यालय स्तर की शिक्षा की सुविधा जैसलमेर नगर में ही उपलब्ध थी।

64. वर्ष 1979-80 की समाप्ति तक कुल 288 शिक्षणार्थी (279 लड़के व 9 लड़कियां) महाविद्यालय शिक्षा के लिए भर्ती हुए। इस अवधि में 2,809 शिक्षणार्थी (2,493 लड़के व 316 लड़कियां) उच्चतर माध्यमिक व माध्यमिक शिक्षा के लिये, 5,652 शिक्षणार्थी (4,364 लड़के व 1,288 लड़कियां) मिडिल स्तर की शिक्षा के लिये, 7,824 शिक्षणार्थी (6,265 लड़के व 1,559 लड़कियां) प्राथमिक शिक्षा के लिये तथा 139 शिक्षणार्थी व्यावसायिक शिक्षा के लिये भर्ती हुए जिनमें से 113 लड़के व 26 लड़कियां थीं। इस अवधि में कुल मिलाकर 997 शिक्षक थे जिनमें 905 पुरुष व 92 स्त्रियां थीं। सरकारी शिक्षण संस्थाओं पर वर्ष 1979-80 के दौरान कुल रु० 70 लाख खर्च हुए जबकि 1975-76 की अवधि में मात्र 33 लाख खर्च हुए थे।

65. सरकार की अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिये बनाई गई सामान्य नीति के अनुसार, जिले में समाज के पिछड़े वर्गों का शैक्षणिक स्तर ऊंचा उठाने के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इन समुदायों के विद्यार्थियों के लिये 1979-80 में 6 छात्रावास थे, जिनमे से पांच अनुसूचित जातियों व एक अनुसूचित जनजातियों के लिए था। इन छात्रावासों में 260 विद्यार्थी रहते थे। जिनमें से 220 अनुसूचित जाति व 40 अनुसूचित जनजाति के थे। इन समुदाय के शिक्षणार्थियों को छात्र-वृत्ति के रूप में इस अवधि में 71 हजार रुपया स्वीकृत किया गया।

चिकित्सा एवं जन-स्वास्थ्य

66. जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं स्थिर गति से बढ़ी हैं। वर्ष 1976 में जिले में कुल 15 चिकित्सा संस्थाएं थीं जो 1979 में बढ़कर 19 हो गई हैं। इनमें से 2 सामान्य चिकित्सालय, 13 औषधालय, 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं एक मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र थे। इन संस्थाओं में उपलब्ध शय्याओं की कुल संख्या इस प्रकार थी : सामान्य 50; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 18; क्षय रोग 10 तथा मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र 6।

67. वर्ष 1979 के दौरान सरकारी चिकित्सा संस्थाओं में कुल 4,104 अन्तरंग रोगियों और 154,981 बाह्य रोगियों का उपचार किया गया। कुल अन्तरंग रोगियों में से 62 या 1.5 प्रतिशत रोग मुक्त नहीं हो सके और उनकी चिकित्सालयों में मृत्यु हो गई।

68. जिले में परिवार नियोजन धीरे-धीरे जड़ पकड़ता जा रहा है। 1979-80 के दौरान जिले में परिवार नियोजन सुविधाएं प्रदान करने वाले 4 परिवार कल्याण केन्द्र (एक नगरीय क्षेत्र में तथा 3 ग्रामीण क्षेत्रों में) तथा 21 उपकेन्द्र (9 स्वास्थ्य के अन्तर्गत तथा 12 परिवार नियोजन के अन्तर्गत) कार्यरत थे।

इस अवधि में 132 बन्ध्याकरण ऑपरेशन किए गए जिनमें से 46 पुरुष और 86 स्त्री बन्ध्याकरण ऑपरेशन थे। इस अवधि में प्रजनक आयु वर्ग के अनुमानित दम्पत्तियों की कुल संख्या 37,861 थी जो राज्य से कुल दम्पत्तियों के 0.7 प्रतिशत थे। इनमें से केवल 3.9 प्रतिशत बन्ध्याकरण द्वारा संरक्षित थे। यह आश्चर्यजनक है कि वर्ष 1979–80 में परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाने वाले व्यक्तियों की संख्या मात्र 496 थी।

69. स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् आयुर्वेदिक व यूनानी औषधालय काफी खोले गए। जिले में इनकी संख्या वर्ष 1979–80 में जैसलमेर स्थित चिकित्सालय के अतिरिक्त 24 थी। इस चिकित्सालय में केवल पांच अन्तरंग रोगी शय्याएं हैं।

परिवहन एवं संचार

70. जिला रेल व सड़क मार्ग द्वारा भली भांति सम्बद्ध है। उत्तरी रेलवे के मीटर गेज भाग पर पड़ने वाले इस जिले का मुख्यालय जोधपुर से रात्रि सेवा से जुड़ा है। सबसे नजदीक हवाई अड्डा जोधपुर में स्थित है जो 285 कि.मी की दूरी पर है। वायु सेवा जोधपुर को बम्बई, देहली, जयपुर, उदयपुर व अहमदाबाद से जोड़ती है। जैसलमेर सड़क मार्ग द्वारा देश व राज्य के कुछ महत्वपूर्ण शहरों से जुड़ा है। इनमें से मुख्य हैं : जोधपुर (285 कि.मी), बाड़मेर (153 कि.मी.), बीकानेर (330 कि.मी.), जयपुर (638 कि.मी.), उदयपुर (663 कि.मी.) व देहली (897 कि.मी.)।

71. राष्ट्रीय मार्ग 15 जिले में से होकर गुजरता है। बीकानेर से जैसलमेर तथा जैसलमेर से बाड़मेर के मार्ग इस राष्ट्रीय मार्ग पर पड़ते हैं। जिले में होकर गुजरने वाला महत्वपूर्ण राज्य मार्ग जोधपुर जैसलमेर है जो पोकरण होकर जाता है। इस प्रकार जैसलमेर के अतिरिक्त पोकरण नगर भी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्ग से जुड़ा है।

72. जिले में पिछले तीस वर्षों के दौरान सड़कों के विकास में अर्थपूर्ण प्रगति हुई है। प्रथम पंच वर्षीय योजना (1951-56) के अन्त तक जिले में कुल 612 कि.मी. लम्बी सड़कें थीं जो 1979-80 के अन्त में बढ़कर 1976 कि.मी. हो गई हैं। इनमें से पक्की सड़कों की कुल लम्बाई 1094 कि.मी. है जिसमें 196 कि.मी. लम्बा राष्ट्रीय मार्ग भी सम्मिलित है। इनके अतिरिक्त कच्ची सड़कें 100 कि.मी., कंकड़ बिछी सड़कें 676 कि.मी. तथा 106 कि.मी. लम्बी खुश्क मौसमी व अन्य प्रकार से तैयार किए गए रास्ते हैं।

73. जिले में निजी कारें व जीपें, मोटर साईकल व आटोरिक्शा, अनुबंधित व टैक्सी वाहन, सार्वजनिक व निजी भार वाहन तथा ट्रैक्टर संचालित वाहनों की मुख्य किस्में हैं। 1980 में कुल मिलाकर 862 पंजीकृत वाहन थे जिनमें से 331 सार्वजनिक व निजी भार वाहन; 218 निजी कारें व जीपें; 106 मोटर साइकल, स्कूटर व आटोरिक्शा; 99 ट्रैक्टर; 56 पड़ाव वाहन तथा मात्र एक अनुबंधित टैक्सी के अतिरिक्त 51 अन्य वाहन थे।

74. वर्ष 1979–80 के दौरान, 141 डाकघर, 7 तारघर, 2 टेलिफोन एक्सचेंज और 7 सार्वजनिक टेलीफोन घर थे। इसी अवधि में 1,833 रेडियो अनुज्ञापत्रधारी थे जिनमें से 1,581 को घरेलू उपयोग के लिये अनुज्ञापत्र जारी किये गये थे।

75. राज्य सरकार का सार्वजनिक निर्माण विभाग सात महत्वपूर्ण स्थानों पर डाक बंगले/विश्राम गृहों का रखरखाव करता है। दोनों तहसील व नगरपालिका मुख्यालयों पर यह सुविधा उपलब्ध है। रामगढ़, साम, म्यालजर जैसलमेर तहसील के तथा लाठी व नाचना पोकरण तहसील के ऐसे महत्वपूर्ण स्थान हैं जहां ये सुविधाएं उपलब्ध हैं। जैसलमेर नगर में अनेक निजी व राजकीय स्वामित्व वाले होटल भी हैं।

स्वयत्त संस्थायें एवं सहकारी आंदोलन

76. वर्ष 1939 के पूर्व जैसलमेर राज्य के नगरीय क्षेत्रों की देखभाल के लिये अलग से कोई संस्था या नगरपालिका नहीं थी। राजधानी क्षेत्र में सफाई व पानी की व्यवस्था स्थानीय अधिकारियों द्वारा ही की जाती थी। वर्ष 1941 में जैसलमेर में पहली नगरपालिका स्थापित की गई। 1955 तक यही एक अकेली स्वायत्तशाषी संस्था थी। प्रशासनिक सुविधा के अनुसार वर्ष 1955 में पोकरण नगर, जो पहले जोधपुर जिले का भाग था, को जैससमेर जिले में शामिल कर दिया गया। वर्ष 1934–35 में जोधपुर रियासत द्वारा पोकरण "ठिकाने" को वहां के निवासियों से कुछ मूल सुविधाओं के उपलब्ध कराने के बदले में कर वसूल करने का अधिकार दिया गया था। इसी वर्ष में उक्त कार्य के सम्पादन हेतु पोकरण के ठाकुर ने अपनी मर्जी से एक नगर बोर्ड की स्थापना करदी। इस कार्य का अनुमोदन जोधपुर रियासत ने सन् 1945 में किया। अब जैसलमेर व पोकरण की नगरपालिकाएं राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 1959 के अन्तर्गत कार्य कर रही हैं। ये नगरपालिकाएं, उनकी कल्याणकारी नीतियों को क्रियान्वित करने के लिये चुंगी के अतिरिक्त निश्चित उल्लेखित कर भी लगा सकती हैं। नगरपालिकाओं के साधनों के अनुपूरण के लिये, सरकार भी उनको समय-समय पर ऋण व अनुदान प्रदान करती है।

77. पंचायत समितियों का अधिकार क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों में होता है। जैसलमेर जिले में तीन पंचायत समितियां सांकड़ा (मुख्यालय पोकरण), जैसलमेर, साम (मुख्यालय जैसलमेर) कार्यरत हैं। ये समितियां संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से कार्य संचालन करती हैं।

78. वर्ष 1979–80 में विभिन्न प्रकार की 245 सहकारी समितियां कार्यरत थीं। इनकी कुल सदस्य संख्या 21,210 व्यक्तियों की थी। इन समितियो की कुल अंश पूंजी रु० 12.12 लाख थी जबकि इनकी कार्यकारी पूंजी लगभग 102.46 लाख थी। इस अवधि में इन समितियों ने अपने सदस्यों को रु० 32.76 लाख के ऋण वितरित किये जबकि पुराने सदस्यों से वसूलियां

रु० 13.60 लाख की हुई। जून 1980 के अन्त में बकाया ऋणों की कुल राशि लगभग रु० 40.39 लाख थी। निम्न तालिका विभिन्न वर्गों व प्रकृतियों के सहकारी समितियों का विवरण प्रस्तुत करती है :

समिति का प्रकार	संख्या	सदस्यता
1. केन्द्रीय अऋणदात्री समितियां	1	53
2. कृषि ऋणदात्री समितियां	62	12,889
3. कृषि अऋणदात्री समितियां	88	3,163
4. अकृषि ऋणदात्री समितियां	2	29
5. अकृषि अऋणदात्री समितियां	66	4,224
6. परिसमापन के अन्तर्गत समितियां	26	852

अन्य विकासात्मक गतिविधियां

79. जैसलमेर जिला आमतौर पर अकालग्रस्त रहता है। जिले की आबादी को स्थायी तौर पर अकाल से राहत दिलाने हेतु कई योजनाएं बनाई गई हैं। वर्ष 1980–81 में जिले के 376 गांवों एवं ढाणियों में पेयजल की व्यवस्था हेतु कठोर कदम उठाये गए। घास डिपो के माध्यम से घास की व्यवस्था कर पशुधन संरक्षण के पूर्ण प्रबन्ध किये गये। इसी का परिणाम है कि सन् 1980–81 में जिले के लगभग 16 लाख पशुधन में से मात्र 28 हजार के लगभग पशुओं का निष्क्रमण ही पड़ौसी जिलों में हुआ जबकि जिला उस समय भयंकर रूप से अकालग्रस्त था। इसी अवधि में जिले में सात घास विक्रय केन्द्र खोले गये तथा अन्य सात के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इनके अतिरिक्त अकाल राहत सहायता कार्यों के तहत 53 कार्य खोलकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

80. राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के अन्तर्गत 268 अधूरे कार्यों को पूरा करने का कार्य भी सन् 1980–81 में हाथ में लिया गया। इनमें से 72 कार्य वर्ष के दौरान पूरे कर लिये गए तथा 84 कार्यों पर कार्य प्रगति पर था जिनसे ग्रामीण जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा था। पशु पालन पर आश्रित जनसंख्या वाले इस जिले में वर्ष 1980–81 में 27,209 लोगों को विभिन्न कार्यशील योजनाओं के द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया गया।

81. राजस्थान नहर परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है जो आने वाले समय में इस मरुस्थल की काया पलट कर देगा।

82. जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं मरु विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1980–81 में क्रमशः 40.17 लाख एवं 48.14 लाख रु० व्यय किये गये। इसी अवधि में 18 नये खड़ीनों का निर्माण किया गया तथा 18 खड़ीनों का कार्य प्रगति पर था।

83. एकीकृत ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 1980–81 में 615 युवकों को औद्योगिक प्रशिक्षण दिया गया एवं 2.70 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया। 17.11 लाख रु० का अनुदान स्वीकृत कर 726 परिवारों को अन्य विभिन्न प्रकार की मदद भी प्रदान की गई। अनुसूचित जाति के परिवारों को ऋण और अनुदान उपलब्ध कराने हेतु अभिकरण द्वारा 427 परिवारों को भेड़, ऊंट-गाड़ी एवं गायों की खरीद के लिये अनुदान स्वीकृत किया जिससे 20 मार्च 1981 तक 388 परिवार लाभान्वित भी हुए।

84. वर्ष 1980–81 में सिंचाई विभाग द्वारा किए गए प्रयासों के अन्तर्गत मरु विकास कार्यक्रमों के तहत करीब 23 लाख रु० की लागत से 20 सिंचाई खड़ीन कार्य पूरे कर 922 हैक्टर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराकर 238 काश्तकारों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार सूखा संभाव्य क्षेत्र योजना के अन्तर्गत एक खड़ीन बांधा गया तथा 13 अन्य कार्य प्रगति पर थे। करीब 30 लाख रु० की लागत के इन 14 खड़ीनों से 676 हैक्टर भूमि सिंचित और 150 काश्तकार लाभान्वित होने की संभावना थी। अकाल राहत कार्यों के अन्तर्गत 8 लाख रु० की लागत के स्वीकृत 24 खड़ीन कार्यों में से 14 कार्य 1980–81 में प्रगति पर थे।

85. वर्ष 1980–81 में 10 गांवों में विद्युत् पहुंचाई गई जिस पर कुल 13.83 लाख रु० व्यय हुए। इसमें से 6.04 लाख रु० ग्रामीण विद्युतीकरण निगम एवं 7.79 लाख रु० ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा व्यय किए गए। राजस्थान राज्य सहकारी बैंक द्वारा भी जिले में निर्धारित 50 लाख रु० के लक्ष्य के विरुद्ध 57.5 लाख रु० के अल्पकालीन ऋण वितरित किये गए। इनमें से 60 प्रतिशत ऋण पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए। मध्यकालीन ऋण के मद में 17 लाख रु० के लक्ष्य के विरुद्ध 25.90 लाख रु० के ऋण वितरित किये गए। इनसे 590 व्यक्ति लाभान्वित हुए जिनमें से 505 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के थे।

समाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां

86. राज्य के अन्य भागों की तरह, जिले के लोग कई मेले व त्यौहार मनाते हैं। राज्य के प्रायः सभी भागों में मनाये जाने वाले त्यौहारों में दीवाली, मोहर्रम, दशहरा, होली व रक्षाबन्धन के अतिरिक्त स्थानीय त्यौहार जैसे शीतला, गणगौर बैसाखी, गंगा सप्तमी, तीज, गोगा नवमी आदि भी भारी जय जयकार व उमंग के साथ मनाये जाते हैं। रामदेव जी, उदलदेमा, कालाडूंगर, अमरसागर, विजय मेला, गांधी मेला व स्वांजियोजी के मेले जिले के महत्वपूर्ण मेलों में से हैं।

87. जिले में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मेला रामदेवजी का है जो रामदेवरा (पोकरण तहसील) में प्रतिवर्ष माह अगस्त-सितम्बर (माघ और भाद्रपद सुदी 2 से 11 तक) में लगता है। 15वीं शताब्दी के प्रसिद्ध मारवाड़ के सन्त श्री रामदेव जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दूर व पास के स्थानों से दो लाख से भी अधिक लोग यहां एकत्र होते हैं। यद्यपि यह एक धार्मिक मेला है फिर भी इसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं तथा मन्दिर में चढ़ाने की वस्तुओं का व्यापार मेले के समय होता है। दुकानदार फलोदी, जोधपुर, पोकरण व उत्तर प्रदेश के कतिपय स्थानों से आते हैं।

धार्मिक ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा पर्यटक अभिरुचि के स्थान

सोनार किला

88. त्रिभुजाकार पहाड़ी पर 99 बुर्जों वाले परकोटे से घिरा यह दुर्ग आज से कोई 825 वर्ष पूर्व निर्मित किया गया था। चूंकि यह किला और इसमें स्थित सैकड़ों आवासीय भवन पीले रेतीले पत्थरों से बने हुए हैं इसलिए यह स्वर्णिम दुर्ग अथवा "सोनार किला" के नाम से जाना जाता है। पूर्वोन्मुख विशाल द्वार से पत्थरों की सड़क के सहारे आखे पोल, सूरजपोल, गणेशपोल एवं हवापोल को पार कर दुर्ग तक पहुंचा जा सकता है। हवापोल पार करते ही दुर्ग में स्थित रंग महल, गजविलास, मोतीमहल आदि इमारतें दृष्टिगोचर होती हैं। इन इमारतों पर की गई बारीक खुदाई एवं आकर्षक चित्रकारी देखने योग्य हैं। दुर्ग में अनेकों वैष्णव एवं जैन मन्दिर बने हैं। लक्ष्मीनाथजी का मन्दिर अपने सोने व चांदी से मढ़े कपाटों के कारण विशेष महत्व रखता है जबकि जैन मन्दिर उत्कृष्ट नक्काशी से युक्त हैं। इन्हीं जैन मन्दिरों के तहखानों में "ज्ञान भण्डार" बना हुआ हैं जिसमें काफी बड़ी मात्रा में प्राचीन पुस्तकों का भण्डार है जो संस्कृत, मागधी, पाली, गुजराती, मालवी, डिंगल व अन्य कई भाषाओं में अनेकों विषयों पर लिखे गए हैं जिनमें से प्रमुख उपासना, पूजा, अर्थ, न्याय, ज्योतिष, व्याकरण आदि हैं। "जिन भद्रसूरि ज्ञान भण्डार" हजारों प्राचीन ताड़पत्रों व कागजी पुस्तकों एवं ग्रन्थों के संग्रह के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर हस्तलिखित सरस्वती स्तोत्र पांच फीट ऊंचे व चार फीट चौड़े कांच में मढ़ा कर रखा हुआ है।

गडीसर तालाब

89. गडीसर जैसलमेर नगर के प्रवेश द्वार के दक्षिण-पूर्व में थोड़ी-सी दूरी पर स्थित है तथा इसका नाम प्रवेश द्वार के नाम पर ही है। कहा जाता है कि इसका निर्माण गड़सीरावल ने करवाया था। यह तालाब न केवल अपने मुख्य द्वार तथा तालाब के मध्य स्थित सुन्दर छतरियों व निकटस्थ बगीचियों के कारण प्रसिद्ध है वरन् लम्बे अर्से तक परम्परागत रूप से जल का प्रमुख स्रोत भी रहा है।

अमरसागर

90. लौद्रवा के रास्ते में जैसलमेर से पांच किलोमीटर दूर अमर सागर तालाब और उसके उद्यान स्थित हैं। यहां आकर दर्शक कुछ क्षणों के लिए यह भी भूल जाता है कि वह मरु प्रदेश की यात्रा पर आया हुआ है। कुछ वर्ष पूर्व एक दिवसीय भारी वर्षा से अमर सागर तालाब में पर्याप्त पानी का भण्डार हो गया था जिसके फलस्वरूप यहां एक जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जो अपने आप में एक नवीन बात थी। अमर सागर अब एक अवकाश मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित हो गया है।

बडा बाग

91. जैसलमेर से तीन-चार किलोमीटर उत्तर की ओर बडा बाग नामक उद्यान है। एक तरफ दिवंगत ऐतिहासिक पुरुषों की कलात्मक छतरियां हैं जिनकी तलहटी में एक सुन्दर सरोवर है तो दूसरी तरफ विभिन्न प्रकार के फल-फूलों के वृक्ष व लताओं से पल्लवित यह उद्यान अपने नाम को सार्थक करता है।

मूल सागर

92. जैसलमेर-सम मार्ग पर स्थित मूल सागर यद्यपि आज अपना सरोवर का स्वरूप खो चुका है किन्तु इस पर स्थित सुन्दर किन्तु छोटा-सा बाग व इसमें बनाए गए कृत्रिम झरने कश्मीर के निशात एवं शालीमार बागों की हल्की-सी झलक देते हैं। इस बाग में लगे पुष्प एवं फल वृक्षों को देखकर यह आभास होता है कि यदि पानी की समुचित व्यवस्था कर दी जावे तो इस भूमि एवं जलवायु में प्रायः अधिकांश भारतीय फूलों का उत्पादन करने की क्षमता है।

फॉसिल्स वुड पार्क

93. जैसलमेर-बाड़मेर बस मार्ग पर जैसलमेर से 15 किलोमीटर आकल ग्राम में फॉसिल्स पार्क स्थित है जहां 18 करोड़ वर्ष पुराने पेड़-पौधे जलवायु एवं वातावरण के प्रभाव से फॉसिल्स में परिवर्तित हो गए हैं। भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग द्वारा खोजे गए इस क्षेत्र को प्रकृति की अमूल्य धरोहर के रूप में संरक्षित रखने का कार्य राज्य के वन विभाग को सौंपा गया है।

लौद्रवा

94. जैसलमेर से 15 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन लौद्रवा तत्कालीन जैसलमेर राज्य की राजधानी था। विदेशी आक्रमणों के शिकार लौद्रवा के भग्नावशेषों में कुछ धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार जैन धर्मावलम्बियों ने किया है। फलस्वरूप आधुनिक लौद्रवा जैन सम्प्रदाय का एक प्रमुख तीर्थस्थल बन गया है। लौद्रवा के इतिहास में इस बात के संकेत मिलते हैं कि यहां स्थित होंगलाज माता के मन्दिर में सम्राट अकबर ने भी पूजन किया था। लौद्रवा मन्दिर का तोरणद्वार जहां इसकी प्राचीनता का द्योतक है, वहां यह मन्दिर अपनी कलात्मक जालियों के कारण अद्वितीय स्थापत्य कला

का परिचायक है। कहा जाता है कि प्राचीन लौद्रवा युगल प्रणय जोड़ी मूमल-महेन्द्रा का प्रणय-स्थल थी। शुष्क काक नदी के किनारे मूमल मेंडी के भग्नावशेष आज भी इस अमर प्रेम गाथा को प्रमाणित करते हैं।

रामदेवरा

95. रामदेवरा, जिसे रूनिचा भी कहा जाता है, जैसलमेर-बीकानेर मार्ग पर जैसलमेर से लगभग 125 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह पोकरण से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा जोधपुर जैसलमेर रेल मार्ग पर रेल्वे स्टेशन है। यहां प्रतिवर्ष भाद्रपद सुदी 2 से 11 की अवधि में सुविख्यात बाबा रामदेव, जिन्हें भगवान कृष्ण का अवतार भी माना गया है, का मेला लगता है। बाबा रामदेव की समाधि के दर्शनार्थ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु भक्त यहां गुजरात, मारवाड़, मध्यप्रदेश, सहित अनेकों पड़ौसी अंचलों से आते हैं। यहां एक "रामदेव अन्न क्षेत्र" नामक संस्था भी कार्यरत है जो मेले के अवसर पर एकत्रित होने वाले साधू व भिखारियों को नि:शुल्क वितरण के लिए अन्न जुटाती है।

सम

96. इस ग्राम में ऐतिहासिक महत्व के कुछ प्राचीन स्थल मौजूद हैं। सामान्यत: भाद्रपद के महिने में यहां मेला लगता है परन्तु सम उप-तहसील बड़े-बड़े बालू के टोबों के लिये प्रसिद्ध है तथा पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र है।

तनोट

97. जैसलमेर नगर से लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तनोट, भूतपूर्व जैसलमेर शासकों की प्राचीनतम राजधानी होने का गौरव रखता है, जिन्होंने बाद में लौद्रवा को अपनी राजधानी बनाया। प्राय: भाद्रपद मास में यहां एक मेला लगता है जब भक्तजन तन्नो देवी के मन्दिर में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित होते हैं। तन्नो देवी जैसलमेर के भूतपूर्व भाटी शासकों की कुल देवी मानी जाती है। तनोट से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर घंटियालीजी का मन्दिर स्थित है।

कलात्मक हवेलियां

98. वैसे तो जैसलमेर नगर के सभी बड़े भवन पीले पत्थर से निर्मित और सुन्दर कलात्मक खुदाई से सज्जित हैं। तथापि, विशेष रूप से ध्यानाकर्षित करने वाली "हवेलियों" में से कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय हैं। उदाहरणस्वरूप नथमल जी की हवेली, एक सुन्दर भवन, कठोर पाषण में कोमल कशीदाकारी के कारण नक्काशी की कला में दक्षता का उत्कृष्ट नमूना है; सालिमसिंह की हवेली, श्रेष्ठतम भवनों में से एक, छ: मंजिला है जिस पर सुपरिष्कृत अलंकरण हैं, विशेषकर सबसे ऊपर की मंजिल में एक शानदार चमकीला नीला गुम्बद्ध, आकाश से होड़ करता, पास-पड़ोस की गरम भूरी दीप्ति में असाधारण; पटवों की हवेली, एक और शानदार इमारत, जहां नक्काशीदार खम्भों के सहारे नक्काशीदार मेहराबें टिकी हैं, एक के ऊपर एक, अकाश को छू लेने के प्रयत्न में ऊपर ऊठती हुई, जिसका प्राचीन स्थापत्य सौंदर्य और जालियों की नक्काशी मुक्त कंठ से प्रशंसनीय है। नजदीक और गौर से देखने पर ही उस महान् श्रम का आभास मिलता है, जो इन सभी सुन्दर और आलीशान भवनों की शिल्प सज्जा पर किया गया है जिनके अग्रभाग सुन्दर और जटिल नक्काशी से युक्त खिड़कियों और लाजवाब शानदार बारीक जालियों की खुदाई के काम से युक्त आगे निकले हुए बारजों से अलंकृत हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

जिला जनगणना पुस्तिका का इतिहास

1951 से पूर्व, जनगणना प्रतिवेदन समस्त प्रदेश अथवा राज्य के लिए प्रकाशित किया जाता था। प्रत्येक जिले के लिये अलग-अलग जिला जनगणना पुस्तिकाएं प्रकाशित करने का विचार सर्वप्रथम 1951 की जनगणना के दौरान जिले के नीचे स्तर जैसे ग्राम/नगर तक की इकाइयों के जनगणना आंकड़ों को सुरक्षित रखने की प्रभावी पद्धति अपनाने की योजना के अन्तर्गत सामने आया। अतः इस विचार ने जन्म लिया कि समस्त जिला सारणियों को सम्मिलित रूप से जिला जनगणना पुस्तक के नाम से प्रकाशित किया जाय। उस समय से निरन्तर जिला जनगणना पुस्तिकाएं प्रकाशित की जाती रही हैं।

2. 1951 की जिला जनगणना पुस्तिकाओं की शृंखला दो भागों में प्रकाशित हुई थी। प्रथम भाग में, पांच सामान्य जनसंख्या सारणियां (ए शृंखला), तीन आर्थिक (बी शृंखला), पांच पारिवारिक एवं आयु संबंधी (सी शृंखला), सात सामाजिक एवं सांस्कृतिक सारणियां (डी शृंखला) सम्मिलित की गई थीं। जिला जनगणना पुस्तिका के द्वितीय भाग में "प्राथमिक जनगणना सार एवं ग्राम निर्देशिका" जो प्रत्येक ग्राम या नगर के आजीविका के आधार पर वर्गीकृत आधारभूत जनसंख्या आंकड़े प्रस्तुत करती है, के साथ-साथ कुछ सामान्य रुचि की सूचनायें भी सम्मिलित की गई थीं।

3. जनगणना 1961 के लिए जिला जनगणना पुस्तिकाओं की शृंखला एक ही खण्ड में प्रकाशित की गई थी इसमें प्रत्येक ग्राम एवं नगर/वार्ड स्तर के लिए प्राथमिक जनगणना सार और ग्राम निर्देशिका प्रत्येक ग्राम के लिए प्रस्तुत की गई थी। इन पुस्तिकाओं में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों सहित चार सामान्य जनसंख्या सारणियां (ए शृंखला), सोलह आर्थिक एवं पारिवारिक (बी शृंखला), सात सामाजिक एवं सांस्कृतिक (सी शृंखला), चार आवास (इ शृंखला) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संबंधी आठ विशेष सारणियां दी गई थीं। 1961 में सर्वप्रथम जिले और तहसीलों के मानचित्रों को भी जिला जनगणना पुस्तिकाओं में सम्मिलित किया गया था।

4. जनगणना 1971 के लिये प्रकाशित जिला पुस्तिकाओं की शृंखला में ग्राम निर्देशिका सम्मिलित की गई थी जिसमें ग्राम में उपलब्ध सेवाओं/ सुविधाओं को भी दर्शाया गया था। नगरों से सम्बन्धित नगर निर्देशिका सर्वप्रथम इसी जनगणना में सम्मिलित कि गई थी। जिले के सभी नगरों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनायें इसमें प्रकाशित की गई थीं। इन जिला पुस्तिकाओं में "ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार" सम्पूर्ण ग्राम के लिए तथा "नगरीय प्राथमिक जनगणना सार" ब्लॉक स्तर तक दिया गया था। जबकि जनगणना 1971 की जिला पुस्तिकाओं में जिला, तहसील और नगर के मानचित्रों को सम्मिलित किया गया था, वहीं जनगणना सारणियों को इस बार नहीं दिया गया था।

5. 1981 की जिला जनगणना पुस्तिकाओं की शृंखला के विस्तृत स्वरूप में अधिकाधिक सूचनायें विशेष रूप से जन सुविधाओं व भूमि उपयोग के सम्बन्ध में विवरण सम्मिलित किये गये हैं। बिजली का उपयोग, परिवहन साधनों के विराम-स्थल जैसी कुछ नई मदें जिनके बारे में 1971 की जनगणना में सूचना एकत्रित नहीं की गयी थी, के अतिरिक्त प्रत्येक जिले के सम्बन्ध में एक संक्षिप्त आलेख दिया गया है जिसमें इतिहास, स्थलाकृति, वनस्पति, जीव-जन्तु और प्रशासनिक स्वरूप आदि से सम्बन्धित सामान्य जानकारी को भी सम्मिलित किया गया है। 1981 की जनगणना के दौरान पूछे गये आर्थिक एवं अन्य प्रश्नों में किये गये कतिपय परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए "प्राथमिक-जनगणना-सार" की विवरणिका को पुनः संरचित किया गया है किन्तु साथ ही यह भी प्रयत्न किया गया है कि 1971 के जनगणना आंकड़ों से इनकी तुलना की जा सके। जनगणना 1981 की शृंखला में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित तहसील/नगर स्तरीय प्राथमिक जनगणना सार का सम्मिलित किया जाना एक अन्य नया प्रयास है।

❀ ❀ ❀

ग्राम एवं नगर निर्देशिका तथा प्राथमिक जनगणना सार का विषय-क्षेत्र

जिला जनगणना पुस्तिकाओं के भाग "अ" में जो ग्राम एवं नगर निर्देशिका भी कहलाती है, राज्य की प्रत्येक ग्रामीण एवं नगरीय इकाइयों में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से सम्बन्धित सूचनायें प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र की इकाई ग्राम तथा नगरीय क्षेत्र की इकाई नगर/नगर समूह है। ग्रामीण क्षेत्रों एवं जनगणना नगरों के सम्बन्ध में सूचनायें पटवारियों के माध्यम से एकत्रित की गई हैं तथा 'जनगणना नगरों' के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनायें, सम्बन्धित नगर-पालिका/छावनी बोर्ड/'अधिसूचित क्षेत्र समिति' के माध्यम से एकत्रित की गई हैं। इन सूचनाओं को प्रमाणिक बनाने के लिये सम्बन्धित विभागों और अभिकरणों से भी उनके पास उपलब्ध सूचनायें प्राप्त की गई हैं। सुविधाओं के सम्बन्ध में एकत्रित की गई सभी सूचनायें वर्ष 1980 की हैं और भूमि–उपयोग के बारे में एकत्रित की गई, सूचनायें संवत् 2036 अर्थात् 30 जून, 1980 को समाप्त कृषि वर्ष से सम्बन्धित हैं।

ग्राम निर्देशिका

2. प्रारम्भ में ऐसे मदों पर विचार कर लेना उचित होगा जिनसे सम्बन्धित सूचनायें ग्राम निर्देशिका में दी गई हैं। प्रत्येक ग्राम से सम्बन्धित सूचनायें बीस कॉलम के एक प्रपत्र में दी गई हैं, जिससे ग्रामों को तहसील स्तर पर आवंटित लोकेशन कोड के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। प्रथम 4 कॉलमों में सामान्य सूचना अर्थात् लोकेशन कोड संख्या, ग्राम का नाम, क्षेत्रफल (हेक्टेयरों में) एवं जनगणना 1981 के अनुसार जनसंख्या व ग्राम में रह रहे परिवारों की संख्या को प्रस्तुत किया गया है। ग्राम में उपलब्ध सुविधाओं को कॉलम 5–14 में दर्शाया गया है। भूमि–उपयोग से सम्बन्धित सूचनाएं कॉलम 15–19 में दी गई हैं तथा ग्राम से सम्बन्धित विशेष सूचनाएं जैसे धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व के स्थान आदि यदि वहीं हों तो, उनका उल्लेख कॉलम 20 में किया गया है। गैर–आबाद ग्रामों के सम्बन्ध में केवल कॉलम 1–4, 12 और 15–19 की सूचनाएं ही दर्ज की गई हैं, शेष कॉलमों के लिये शब्द "गैर आबाद" लिखा गया है। प्रत्येक तहसील की प्रविष्टियों के अन्त में, कॉलम 3–6 और 15–19 (कुल क्षेत्रफल, सुविधायें और भूमि-उपयोग आदि से सम्बन्धित) योग भी दिये गये हैं।

3. ग्राम में उपलब्ध सुविधाओं को सन्दर्भित ग्राम के नाम के आगे भिन्न-भिन्न कोड की सहायता से प्रस्तुत किया गया है जैसे पीने का पानी, संचार, डाक व तार आदि। विभिन्न कॉलमों से संबंधित कोडों का विवरण इस पुस्तक के भाग "अ" के अनुभाग–I के प्रारम्भ में दिया गया है। शैक्षणिक, चिकित्सा एवं डाकतार सुविधाओं के संबंध में प्रत्येक प्रकार की सुविधाओं को उपयुक्त कोड देकर कोष्ठक में इनकी संख्या को भी दर्शाया गया है।

4. यदि किसी ग्राम में कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है तो संबंधित कॉलम में डेश (–) दिया गया है, और इसके पश्चात् सन्दर्भित ग्राम से निकटतम स्थान की दूरी को, जहां वह सुविधा उपलब्ध है, विस्तृत श्रेणियों जैसे – 5 कि. मी., 5–10 की. मी. और 10+ कि. मी. में दर्शाया गया है।

5. शैक्षणिक संस्थाओं को निम्नलिखित प्रकार से दर्शाया गया है :

1. पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को प्राथमिक शाला माना गया है। इसके अन्तर्गत नर्सरी स्कूल, किन्डरगार्टन स्कूल, पूर्व बेसिक और पूर्व प्राथमिक स्कूल और कक्षा पांच तक के जूनियर बेसिक स्कूल सम्मिलित हैं।

2. कक्षा 6 से 8 तक के सभी स्कूलों को उच्च प्राथमिक शाला माना गया है।

3. कक्षा नौ एवं दस वाले सभी स्कूलों को सैकण्डरी स्कूल माना गया है।

4. कक्षा ग्यारह एवं बारह वाले सभी स्कूलों को हायर सैकेण्डरी स्कूल माना गया है। इनमें सीनियर कैम्ब्रिज स्कूल, 10+2 पद्धति के स्कूल, इन्टर-मीडिएट, प्री-यूनीवर्सिटी और जूनियर कॉलेज आदि सम्मिलित हैं।

6. संयुक्त स्कूलों के लिए अनुरूप कक्षा वर्गों को अलग-अलग दर्शाया गया है। उदाहरणार्थ, यदि किसी स्कूल में पहली से बारहवीं तक कक्षाएं हैं तो वहां एक प्राथमिक स्कूल, एक मिडिल स्कूल, एक सैकेण्डरी स्कूल और एक हायर सैकेन्डरी स्कूल का होना दर्शाया गया है। "महाविद्यालय" के अन्तर्गत सभी प्रकार की कला/विज्ञान/वाणिज्य/चिकित्सा/अभियांत्रिकी/कृषि और अन्य स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाएं "महाविद्यालय" मानी गई हैं। औद्योगिक स्कूलों, प्रशिक्षण स्कूलों और प्रौढ़–शिक्षण कक्षाओं के केन्द्रों के अतिरिक्त सभी संस्थाओं को "अन्य" श्रेणी के अन्तर्गत दर्शाया गया है।

7. चिकित्सा संस्थाओं के अन्तर्गत सभी एलोपेथी, आयुर्वेदिक,

यूनानी और होमियोपेथी अस्पतालों व डिस्पेन्सरियों, को सम्मिलित किया गया है। अन्य संस्थाओं के अन्तर्गत सभी प्रकार के यौगिक और प्राकृतिक चिकित्सालय एवं औषधालयों और कोढ़ उपचार केन्द्रों आदि को सम्मिलित किया गया है।

8. यदि किसी ग्राम में पीने के पानी के एक से अधिक स्रोत उपलब्ध हों तो इन सभी स्रोतों का उल्लेख अलग-अलग किया गया है। डाक सुविधाओं के अन्तर्गत डाकघर, तारघर और टेलीफोनों को सम्मिलित किया गया है तथा इन्हें अलग-अलग दर्शाया गया है। जहां कहीं बाजार/हाट लगते हैं तो बाजार/हाट लगने के दिन या दिनों को दर्शाया गया है। यदि कहीं संचार की सुविधायें एक से अधिक हों तो उन्हें उपयुक्त कोडों के द्वारा अलग-अलग दर्शाया गया है।

9. ग्राम में पहुंचने के रास्ते से तात्पर्य संचार केन्द्र अर्थात् बस स्टेण्ड/रेलवे स्टेशन से ग्राम को जाने वाली सड़क आदि की स्थिति से है। इससे यह पता चलता है कि क्या उक्त ग्राम में सभी मौसमों में आसानी से पहुंचा जा सकता है अथवा वर्ष में कोई मौसम ऐसा होता है जब उस ग्राम में पहुंचना कठिन हो जाता है। जहां कहीं पहुंचने के एक से अधिक मार्ग हों, तो इन सभी को उपयुक्त कोड देकर अलग-अलग दर्शाया गया है।

10. निकटतम नगर की सूचना में उस नगर का नाम और संदर्भित ग्राम से उस नगर की दूरी का उल्लेख किया गया है चाहे वह नगर राजस्थान राज्य में हो अथवा किसी अन्य पड़ौसी राज्य में। उन नगरों के लिए जो राजस्थान के अतिरिक्त किसी अन्य राज्य में स्थित हैं, सम्बन्धित राज्य का उल्लेख संक्षिप्त रूप में कोष्ठक में किया गया है। यहाँ "नगर" शब्द से तात्पर्य उन नगरीय केन्द्रों में से किसी एक से है जिन्हें 1981 की जनगणना में सम्बन्धित राज्य में नगर माना गया है।

11. विद्युत् के विभिन्न उपयोगों के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिये यदि संदर्भित ग्राम में विद्युत् उपलब्ध है तो उसे "विद्युत् आपूर्ति" शीर्षक के अन्तर्गत दर्शाया गया है। मुख्य खाद्यान्न से तात्पर्य उस ग्राम की अधिकांश जनसंख्या द्वारा वर्ष के अधिकांश समय में उपभोग किये जाने वाले अनाज से है तथा जहां कई प्रकार के अनाजों का उपयोग किया जाता है वहां सम्मिलित रूप से उनका उल्लेख किया गया है। जिन अनाजों को प्रथम वरीयता दी जाती है उनका उल्लेख क्रम के अनुसार पहले किया गया है।

भूमि–उपयोग

12. भूमि के उपयोग को निम्नलिखित पांच शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया गया है :

1. **वन** : भूमि जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा वन घोषित किया गया है।

2. **सिंचित भूमि** : वह भूमि है जो संदर्भित वर्ष में वास्तव में सिंचित की गई है। सिंचाई के स्रोतवार विभाजन को प्रस्तुत नहीं किया गया है क्योंकि ऐसी सूचनायें शुद्ध सिंचित क्षेत्र के सम्बन्ध में उपलब्ध नहीं थीं।

3. **असिंचित भूमि** : इस शीर्षक के अन्तर्गत संदर्भित वर्ष में बोई गई सभी असिंचित भूमि तथा पिछले चार वर्षों तक की पड़त भूमि को सम्मिलित किया गया है।

4. **कृषि योग्य बंजर भूमि** : इस शीर्षक के अन्तर्गत गोचर भूमि अर्थात् चरागाह तथा उपवन दर्शाये गए हैं।

5. **कृषि के लिये अनुपलब्ध क्षेत्र** : इसके अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित भूमि के अतिरिक्त शेष सभी प्रकार की भूमि दिखाई गई है जिसमें मकान बनाने की भूमि, सड़कें, नदियां, नाले और पहाड़ियां आदि के अन्तर्गत प्रयुक्त भूमि सम्मिलित है।

13. विशेष विवरण के कॉलम में धार्मिक, ऐतिहासिक या पुरातत्व महत्व के स्थानों के विवरण के साथ-साथ संदर्भित ग्राम में समाचार–पत्रों के वितरण की संख्या और मोटर गाड़ियों तथा ट्रेक्टरों की संख्या का भी उल्लेख किया गया है।

14. निम्नलिखित चार परिशिष्टों में ग्राम निर्देशिका के सन्दर्भ में समस्त तहसीलों एवं जिले के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी, जनसंख्या की विशेषताओं के अनुसार ग्रामों का वर्गीकरण और जनगणना नगरों में भूमि-उपयोग दिये जा रहे हैं :

1. शैक्षणिक, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का तहसीलवार सारांश।

2. जनगणना नगरों के सम्बन्ध में भूमि-उपयोग के आंकड़े।

3. ऐसे ग्रामों की तहसीलवार सूची जहां शैक्षणिक, चिकित्सा, पीने का पानी, डाक एवं तार आदि की कोई भी सुविधा उपलब्ध न हो तथा जहां बाजार/हाट किसी भी दिन न लगते हों एवं संचार एवं विद्युत् आपूर्ति सुविधायें उपलब्ध न हों।

4. कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अनुपात के वर्गानुसार, तहसीलवार ग्राम सूची। इसके दो भाग हैं : भाग (अ) अनुसूचित जाति तथा भाग (ब) अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित।

नगर निर्देशिका

15. प्रत्येक नगर से सम्बन्धित जानकारी को छः विवरणों में प्रस्तुत किया गया है। ऐसे नगरों के सम्बन्ध में जहां कि अधिघोषित कच्ची बस्तियां हैं, एक अतिरिक्त विवरण IV (अ) दिया गया है, जिसमें उक्त अधिघोषित कच्ची बस्ती में उपलब्ध नागरिक तथा अन्य सुविधाओं के बारे में सूचना प्रस्तुत की जा रही है। प्रत्येक विवरण में नगरों का उल्लेख अंग्रेजी के वर्णक्रमानुसार किया गया है।

16. जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, नगर समूह दो प्रकार के हैं, प्रथम वे जो कि दो या दो से अधिक स्वतंत्र नगरों से मिलकर बने हैं तथा दूसरे वे जहां कि नगरों से सटे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय प्रवृत्तियां विकसित हो गयी हैं तथा ऐसे क्षेत्र संदर्भित नगर की अपवृद्धि के रूप में विकसित हो गये हैं।

17. जहां नगर समूह दो या दो से अधिक स्वतंत्र नगरों के मिलने से बना है, वहां सम्बन्धित नगरों के नामों का उल्लेख अंग्रेजी के वर्णक्रमानुसार किया गया है, किन्तु इनके नामों का उल्लेख एक बार फिर मुख्य नगर के नाम के साथ दिये गये नगर समूह में भी अंग्रेजी के वर्णक्रमानुसार अलग-अलग किया गया है और यहां भी इनसे सम्बन्धित सूचना को प्रस्तुत किया गया है। नगर समूह की संघटक इकाइयों का विवरण जहां उनका नाम वर्णक्रमानुसार आता है वहां नहीं दुहराया गया है। यहां केवल उनके नाम का वर्णक्रमानुसार उल्लेख किया गया है तथा केवल "संदर्भित नगर समूह देखें" की टिप्पणी दी गई है। ऐसी लाइनों पर जिनमें पूरे नगर समूह की सूचना एक स्थान पर दी गई है, नम्बर नहीं दिया गया है किन्तु जहां अंग्रेजी वर्णक्रमानुसार संघटक इकाइयों का अलग-अलग उल्लेख है वहीं लाइनों को नम्बर दिये गये हैं ताकि अन्तिम संख्या का उस जिले के नगरों की कुल संख्या से मिलान हो सके। विवरण II, III और VI में नगर समूह से सम्बन्धित लाइनों में "संघटक इकाइयों को देखें" की टिप्पणी दी गई है तथा इसके नीचे अलग से इन सभी सघटकों के बारे में सूचनायें दी गई हैं।

18. अपवृद्धि वाले नगरों के नामों को तारांकित किया गया है। अपवृद्धि से सम्बन्धित सूचनायें अलग-अलग न दिखाकर सम्बन्धित नगरों की सूचनाओं में सम्मिलित की गई हैं।

19. सुविधाओं और अन्य तथ्यों को कोडों की सहायता से बतलाया गया है। प्रत्येक विवरण में प्रयुक्त कोड रचना एवं संक्षिप्त शब्दों की एक सूची इस पुस्तक के भाग 'अ' अनुभाग II के प्रारम्भ में दी गई है।

अब हम नगर निर्देशिका के विभिन्न विवरणों पर विचार करें:

विवरण–I

20. यह विवरण नगर की प्रस्थिति एवं विकास के इतिहास से सम्बन्धित है। कॉलम 1 से 6 में नगर की श्रेणी, नाम, नगर-पालिकाओं के स्तर, लोकेशन कोड नम्बर, उस तहसील का नाम जिसमें यह नगर स्थित है, क्षेत्रफल (वर्ग कि. मी. में) और 1981 की जनगणना के अनुसार बेघरबार परिवारों सहित समस्त परिवारों की संख्या दी गई है। नगर की श्रेणी का निर्धारण 1981 की जनगणना में प्राप्त जनसंख्या के आधार पर किया गया है और प्रशासनिक इकाई का वर्ग वर्ष 1980 के अनुसार दिया गया है। कॉलम 7 से 15 में 1901 से 1981 तक की विभिन्न दस वर्षीय जनगणनाओं के अनुसार नगर की जनसंख्या को दर्शाया गया है। पिछली जनगणनाओं की तुलना में जनसंख्या वृद्धि दर प्रतिशत का उल्लेख कॉलम 8 और उससे आगे के कॉलमों में वर्णित जनसंख्या आंकड़ों के नीचे दर्शाया गया है।

21. इन कॉलमों में "डैश (—)" का चिन्ह यह बतलाता है कि संदर्भित नगर को संदर्भित जनगणना में नगरीय स्तर प्राप्त नहीं था। जनगणना 1981 के अनुसार प्रति वर्ग मि. मी. जनसंख्या का घनत्व कॉलम 16 में दर्शाया गया है तथा स्त्री–पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या) को 1961 से 1981 की तीन जनगणनाओं के लिये कॉलम 17 से 19 में दिया गया है।

विवरण–II

22. यह विवरण नगर के भौतिक पहलू और 1979 में उस नगर की स्थिति के बारे में सूचना प्रस्तुत करता है। प्रथम दो कॉलम नगर की क्रम संख्या, नाम व श्रेणी दर्शाते हैं। कॉलम संख्या 3 से 5 भौतिक पहलू अर्थात् वर्षा और तापमान के संबंध में हैं। वर्षा संबंधी आंकड़े वर्ष 1979-80 में समाप्त पिछले दस वर्षों की औसत बताते हैं। यदि वर्षा सम्बन्धी सूचना किसी नगर के लिए उपलब्ध नहीं है तो यह सूचना उस निकटतम स्थान के लिये दी गई है जहां के लिए उपलब्ध हो। वर्षा सम्बन्धी आंकड़े 'मि. मी. प्रति वर्ष' में दिये गये हैं। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सेंटीग्रेड में दिये गये हैं। यदि तापमान की सूचनायें किसी नगर के बारे में उपलब्ध नहीं हैं तो उस निकटतम स्थान के लिये दी गई हैं जहां के लिये यह उपलब्ध हो। उस निकटतम स्थान का नाम पाद-टिप्पणी में दिया गया है।

23. विभिन्न प्रशासनिक मुख्यालयों एवं निकटतम शहर से संदर्भित नगर की अवस्थिति को कॉलम संख्या 6 से 9 में दर्शाया गया है। संदर्भित नगर की विभिन्न प्रशासनिक मुख्यालयों से अवस्थिति दर्शाने के लिए उस स्थान का नाम तथा संदर्भित नगर से उसकी दूरी उस स्थान के नाम के नीचे कोष्ठक में किलोमीटरों में दर्शायी गयी है। यदि संदर्भित नगर स्वयं ही प्रशासनिक मुख्यालय है तो इस दूरी को शून्य बतलाया गया है। एक लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले निकटतम नगर के बारे में सूचना राज्य में ही

इसकी अवस्थिति या अन्य राज्य में इसकी अवस्थिति के आधार पर दी गई है अर्थात् वह शहर किसी अन्य राज्य में भी स्थित हो सकता है। यदि निकटतम शहर किसी अन्य राज्य में स्थित है तो उस राज्य के नाम का उल्लेख उस शहर के आगे संक्षिप्त रूप में कोष्ठक में दिया गया है। संदर्भित नगर तक कैसे पहुंचा जा सकता है, इसका उल्लेख कॉलम 10 से 12 में किया गया है जो आवागमन की 10 कि.मी. के अन्दर उपलब्ध सुविधाओं जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टाप और नौगम्य नदियों / नहरों के बारे में सूचना देते हैं। राजस्थान में कोई भी नौगम्य नदी या नहर नहीं है।

विवरण–III

24. यह स्थानीय नागरिक प्रशासन को नियंत्रित करने वाले नागरिक निकाय के वित्त प्रबन्ध के बारे में '00 रुपयों में सूचना देता है। इस विवरण में डेश (—) यह बताता है कि उस विशेष शीर्ष के अन्तर्गत कोई आय अथवा व्यय नहीं हुआ है और एन (N) एक नगण्य राशि को बताता है। पहले तीन कॉलम सामान्य सूचनाओं से सम्बन्धित हैं। कॉलम 4 से 10 प्रमुख वर्गों में आय को तथा कुल आय को बताते हैं तथा कॉलम 11 से 17 में प्रमुख वर्गों में व्यय एवं कुल व्यय का उल्लेख किया गया है। आय और व्यय को 6 प्रमुख वर्गों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। जबकि करों से प्राप्त आय में सभी अनिवार्य करों एवं अन्य प्रकार के करों से प्राप्त आय तथा नगरपालिका की सम्पत्ति और प्रदत्त शक्तियों से प्राप्त राजस्व सम्मिलित होते हैं, इसके अन्तर्गत मेले और प्रदर्शनियों के लगाने, दूध की आपूर्ति, अनुज्ञा–पत्र शुल्क, कांजी हाउस जुर्माना और दण्ड, परिवहन सेवाएं, मनोरंजन के स्थान, भूमि के आवंटन/विक्रय/ पट्टे पर देने एवं किराये आदि से प्राप्त आय भी इसमें सम्मिलित है। सरकारी अनुदान के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति अनुदान, सार्वजनिक निर्माण विभाग से प्राप्त अनुदान तथा समाज कल्याण विभाग तथा अन्य विभागों से प्राप्त अनुदान सम्मिलित हैं। जहां तक सम्भव हुआ है आय के अन्य स्रोतों का वर्णन किया गया है किन्तु सामान्यतः ये विविध श्रेणी से प्राप्त होते हैं।

25. सामान्य प्रशासन पर किये गये व्यय में कर्मचारियों को दिये गये वेतन एवं पारिश्रमिक, स्टॉफ पर किये गये आकस्मिक व्यय तथा स्टॉफ को दिये गये अनुदान, ऋण और अग्रिम आदि सम्मिलित हैं। जन-सुरक्षा शीर्ष में किये गये व्यय के अन्तर्गत अग्नि शमन सेवाएं, विद्युत्, पानी एवं पट्टे देने की सुविधायें, खतरनाक व संकटजनक व्यापार या काम-धन्धों का नियंत्रण, जल-आपूर्ति, जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण, कूड़ा-करकट, कचरा तथा मल की निकासी आदि सम्मिलित हैं। जन स्वास्थ्य एवं सुविधाओं के अन्तर्गत सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता एवं निराश्रितों की देखभाल पर किये गये व्यय सम्मिलित हैं। लोक-निर्माण के अन्तर्गत सड़कों एवं भवनों का निर्माण एवं रख-रखाव तथा अकाल एवं अभाव के समय किये गये सहायता कार्य सम्मिलित हैं। सार्वजनिक संस्थाओं के अन्तर्गत सभी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं पर जो कि या तो नगरपालिका द्वारा चलाई जाती हों या जिन्हें नगरपालिका द्वारा संरक्षण प्राप्त हो, पर किया गया व्यय सम्मिलित है। जहां तक संभव हुआ है व्यय के अन्य स्रोतों का उल्लेख किया गया है किन्तु ये सामान्यतः विविध प्रकार के हैं।

विवरण–IV

26. यह विवरण नागरिक एवं अन्य प्रकार की सुविधाओं से संबंधित है तथा अन्य सामान्य सूचनाओं के साथ-साथ सड़कों की लम्बाई, जल-मल निकासी व्यवस्था, पेय-जल की आपूर्ति, अग्नि शमन सेवाओं की उपलब्धता तथा विद्युतीकरण से संबंधित सूचनायें भी देता है। जल-आपूर्ति के विषय में जल के स्रोत तथा इसके भण्डारण की व्यवस्था का उल्लेख भी किया गया है। भण्डारण क्षमता लीटरों में बतलाई गई है। मल निकासी एवं पेय-जल आपूर्ति के संबंध में यदि उस नगर में एक से अधिक तरीके/स्रोत उपलब्ध हैं तो महत्त्व के क्रम के अनुसार दो तरीकों/स्रोतों के बारे में विवरण दिये गये हैं। अग्नि शमन सुविधा के मामले में यदि यह सुविधा नगर में उपलब्ध नहीं है तो उसी जिले में उस निकटतम स्थान का नाम या उसी राज्य में उस निकटतम जिले का नाम या अन्य राज्य के नाम का उल्लेख संदर्भित नगर से उसकी दूरी सहित किया गया है, जहां यह उपलब्ध है।

विवरण–IV (अ)

27. इस विवरण में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के नगरों की अधिघोषित कच्ची बस्तियों के सम्बन्ध में सूचना दी गई है ताकि हमें इन कच्ची बस्तियों के निवासियों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। प्रत्येक नगर की प्रत्येक कच्ची बस्तियों में, यदि कोई हो तो, रोड़ी पड़ी हुई सड़कें, जल-मल निकासी की व्यवस्था, पेय-जल की आपूर्ति के लिये नलों/सार्वजनिक नलकूपों की संख्या और विद्युतीकरण के सम्बन्ध में सूचना दी गई है।

विवरण–V

28. इसमें नगर में उपलब्ध चिकित्सा, शैक्षणिक, मनोरंजन और सांस्कृतिक सुविधाओं के सम्बन्ध में विवरण दिया गया है तथा इनमें से प्रत्येक प्रकार की सुविधाओं की संख्या को भी उपयुक्त कोड सहित कोष्ठक में दिया गया है।

29. चिकित्सा सुविधाओं के बारे में शैयाओं की संख्या भी, यदि कहीं उपलब्ध है तो बतलाई गई है। एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सालयों/औषधालयों को अलग–अलग दर्शाया गया है। एलोपैथिक संस्थानों के लिये किसी भी प्रकार के कोड का प्रयोग नहीं किया गया है। इनकी संख्या को केवल अंकों में बतलाया गया है। इस प्रकार चिकित्सालय के कोड "H" के बाद "1" का अर्थ एक ऐलोपैथिक चिकित्सालय को बतलाता है। चिकित्सा के अन्य तीन प्रकार की सुविधाओं के लिये अलग–अलग कोड दिये गये हैं।

30. यदि नगर में चिकित्सा या शैक्षिणक सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसी जिले में उस निकटतम स्थान का नाम या उसी राज्य म उस निकटतम जिले का नाम या उस राज्य का नाम लिखा गया है जहां वह उपलब्ध है और संदर्भित नगर से उसकी दूरी कि०मी० में दी गई है। "अन्य" शीर्षक के अन्तर्गत उल्लेखित चिकित्सा संस्थानों का ब्यौरा विवरण के नीचे पाद-टिप्पणी में दिया गया है।

31. कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालयों को अलग-अलग दर्शाया गया है। हायर सैकण्डरी स्तर तक की शैक्षणिक संस्थाओं का उल्लेख उसी प्रकार से किया गया है जिस प्रकार इन संस्थाओं का उल्लेख ग्राम निर्देशिका में किया गया है (पैरा 5 का अवलोकन करें)। संयुक्त स्कूलों के मामले में सम्बन्धित कक्षाओं के वर्गों को अलग-अलग माना गया है। उदाहरणार्थ यदि किसी स्कूल में 1 से 12 तक की कक्षायें हैं तो वहां एक प्राथमिक स्कूल, एक माध्यमिक स्कूल, एक सैकण्डरी स्कूल और एक हायर सैकण्डरी स्कूल माना गया है।

32. शेष सभी प्रकार की शिक्षण संस्थाओं, जिनका उल्लेख कॉलम 6 से 14 में नहीं हो पाया है, को कॉलम 15 में "अन्य" शीर्षक के अन्तर्गत शामिल किया गया है। इनमें तकनीकी/व्यवसायिक और प्रशिक्षण संस्थाओं जैसे व्यवहारिक चित्रकला महाविद्यालय/शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय/संस्थान, संगीत/नृत्य स्कूल आदि को सम्मिलित किया गया है तथा इनके बारे में विस्तृत सूचना इस विवरण के नीचे पाद-टिप्पणी में दी गई है।

विवरण -VI

33. इस विवरण में व्यवसायों, वाणिज्य, उद्योग एवं बैंकों के बारे में तथ्य दिये गये हैं। इसमें तीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण उत्पादित वस्तुओं के नाम दिये गये हैं जिनका आयात, निर्यात या निर्माण उस नगर में होता हो। साथ ही नगर में कार्यरत बैंकों एवं कृषि व गैर-कृषि समितियों के बारे में भी सूचना दी गई है। नगर निर्देशिका के अन्त में अपवृद्धियों की, यदि कोई हों, तो एक सूची भी जनसंख्या एवं मुख्य नगर के नाम सहित दी गई है।

प्राथमिक जनगणना सार

34. प्राथमिक जनगणना सार को तीन स्तरों पर प्रस्तुत किया गया है :

1. जिला प्राथमिक जनगणना सार,
2. नगरीय/ग्राम प्राथमिक जनगणना सार,
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित जिला स्तर पर विशेष प्राथमिक जनगणना सार।

35. जिला प्राथमिक जनगणना सार में 39 कॉलम हैं तथा इसमें जिला/तहसील/नगर समूह/महानगर/नगर स्तर तक के आंकड़े दिये गये हैं। पहले कॉलम में क्रम संख्या और दूसरे कॉलम में जिला/तहसील/नगर समूह/महानगर/नगर का नाम दिया गया है। कॉलम तीन में ग्रामीण/नगर स्तर दिये गये हैं। संदर्भित इकाई का क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटरों में कॉलम संख्या चार में दिया गया है। कॉलम पांच एवं छः में आवासीय मकानों की संख्या एवं इकाई में निवास करने वाले परिवारों की संख्या दी गयी है। कुल जनसंख्या को, जिसमें संस्थागत एवं बेघरबार जनसंख्या भी सम्मिलित है, स्त्री-पुरुष विभाजन के साथ कॉलम 7 से 9 में प्रस्तुत किया गया है।

36. कॉलम संख्या 10–12 एवं 13–15 में क्रमशः अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या को स्त्री-पुरुष विभाजन के साथ प्रस्तुत किया गया है। साक्षरों के सम्बन्ध में सूचना कॉलम संख्या 16–18 में दी गई है। कॉलम 19 से 21 में मुख्य काम करने वालों का स्त्री-पुरुष विभाजन दिया गया है तथा कॉलम 22–33 में मुख्य काम करने वालों को स्त्री–पुरुष विभाजन सहित चार मुख्य वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ग वही हैं जो 1971 की जनगणना में काम करने वालों के वर्ग के रूप में प्रयुक्त हुए थे तथा कृषकों एवं खेतिहर मजदूरों की संख्या को प्रस्तुत करते हैं। तीसरा वर्ग पारिवारिक उद्योगों, उत्पादन, सर्विसिंग एवं मरम्मत में कार्यरत काम करने वालों को दर्शाता है जो कि 1971 की जनगणना के वर्ग V (a) के समान है। शेष सभी काम करने वालों को एक चौथे वर्ग में एक ही समूह में रखा गया है जिसमें 1971 के प्राथमिक जनगणना सार के III, IV, V (b) और VI से IX वर्ग सम्मिलित हैं और जिन्हें नीचे दर्शाया गया है। कॉलम 34 से 41 में क्रमशः सीमान्तिक काम करने वालों तथा काम न करने वालों का स्त्री-पुरुष विभाजन दर्शाया गया है :

जनगणना 1971 में काम करने वालों की श्रेणी जो कि जनगणना 1981 में अन्य काम करने वालों में सम्मिलित किये गये	विवरण
1	2
III	पशुपालन, जंगलात के कार्य, मत्स्य पालन, शिकार और वृक्षारोपण, बागवानी तथा सम्बन्धित कार्य,
IV	खनन तथा उत्खनन,
V (b)	पारिवारिक उद्योग के अतिरिक्त उत्पादन, संसाधन, सर्विसिंग एवं मरम्मत का कार्य,
VI	निर्माण कार्य,
VII	व्यापार एवं वाणिज्य,
VIII	यातायात, भंडारण एवं संचार,
IX	अन्य सेवाएं।

37. नगर/ग्राम स्तर के ग्रांकड़े प्रस्तुत करने हेतु प्राथमिक जनगणना सार में 28 कॉलम हैं। प्रथम कॉलम में उस इकाई का, जिस विषय में सूचना प्रस्तुत की जा रही है, लोकेशन कोड नम्बर दिया गया है तथा दूसरे कॉलम में तहसील/ग्राम/नगर/वार्ड के नाम दिये गये हैं। कॉलम 3 में ग्रामों के क्षेत्रफल को हैक्टेयरों में तथा नगर/तहसील के क्षेत्रफल को किलोमीटरों में दर्शाया गया है।

38. कॉलम चार एवम् पांच में ग्रावासीय मकानों एवं संदर्भित इकाई में निवास करने वाले परिवारों की संख्या शामिल की गयी है। कुल जनसंख्या के सम्बन्ध में सूचनायें स्त्री-पुरुष विभाजन के साथ कॉलम 6 से 8 में दी गई हैं। यहां कुल जनसंख्या में संस्थागत जनसंख्या एवं बेघरबार जनसंख्या सम्मिलित है।

39. ग्रनुसूचित जाति एवं ग्रनुसूचित जनजाति की जनसंख्या से सम्बन्धित सूचनाग्रों को स्त्री-पुरुष विभाजन सहित कॉलम 9–10 एवं 11–12 में प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक संदर्भित इकाई में उपलब्ध साक्षर पुरुषों एवं स्त्रियों की संख्या को कॉलम 13 व 14 में दर्शाया गया है।

40. कॉलम 15 एवं 16 क्रमशः मुख्य काम करने वाले पुरुषों एवं स्त्रियों के संदर्भ में हैं तथा कॉलम 17 से 24 में मुख्य काम करने वालों को चार मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया है। कॉलम 25 व 26 में सीमान्तिक काम करने वाले पुरुषों एवं स्त्रियों तथा कॉलम 27 से 28 में काम नहीं करने वाले पुरुषों एवं स्त्रियों की संख्या दी गयी है।

41. ग्रनुसूचित जाति एवं ग्रनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित ग्रांकड़ों को जिला/तहसील/नगर समूह/महानगर/नगर स्तर पर ग्रलग से विशेष प्राथमिक जनगणना सार में दर्शाया गया है। इस प्रपत्र में 31 कॉलम हैं। प्रारम्भ के दो कॉलमों में क्रम संख्या एवं क्रमशः जिला/तहसील/नगर समूह/महानगर/नगर के नाम दिये गये-हैं, कॉलम 3 में बताया गया है कि ये सूचनायें कुल नगर या ग्रामीण क्षेत्रों के सम्बन्ध में हैं। कॉलम 4 ग्रनुसूचित जाति/ग्रनुसूचित जनजाति के सदस्यों वाले परिवारों की संख्या के सम्बन्ध में है। कॉलम 5–7 में ग्रनुसूचित जाति/ग्रनुसूचित जनजाति की जनसंख्या को स्त्री-पुरुष विभाजन सहित दर्शाया गया है।

42. कॉलम 8–10 में ग्रनुसूचित जाति/ग्रनुसूचित जनजाति में ग्रलग-ग्रलग स्त्री-पुरुष साक्षरों को दर्शाया गया है। कॉलम 11–13 में मुख्य काम करने वालों को तथा कॉलम 14–25 में मुख्य काम करने वालों का स्त्री-पुरुष विभाजन चार मुख्य वर्गों में प्रस्तुत किया गया है। कॉलम 26–28 में ग्रनुसूचित जाति/ग्रनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में सीमान्तिक काम करने वालों का स्त्री-पुरुष विभाजन तथा कॉलम 29–31 में काम न करने वालों का स्त्री-पुरुष विभाजन बताया गया है।

क्षेत्रफल के ग्रांकड़े

43. क्षेत्रफल के ग्रांकड़े दो विभिन्न माध्यमों से प्राप्त किए गये हैं। सम्पूर्ण जिले के लिए भारत के महासर्वेक्षक द्वारा भेजे गए क्षेत्रफल का प्रयोग किया गया है। किसी भी जिले के वास्तविक ग्रामीण क्षेत्रफल को निकालने के लिए उस जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों के क्षेत्रफल को जिले के कुल क्षेत्रफल से घटाया गया है। विभिन्न नगरों को क्षेत्रफल सम्बन्धित नगरपालिकाग्रों या तहसीलों से प्राप्त किए गए हैं। कतिपय नगरों में जहां ग्रपवृद्धि घोषित की गई है यदि उनका सही क्षेत्रफल सम्बन्धित नगरपालिका से प्राप्त नहीं हो सका, तो ग्रनुमानित क्षेत्रफल दर्ज किया गया है। तहसील स्तर पर ग्रामीण व नगरीय इलाकों का क्षेत्रफल सम्बन्धित ग्रामों/नगरों के क्षेत्रफल को जोड़कर निकाला गया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि जहां तहसील स्तर पर दिया गया नगरों के क्षेत्रफल का योग जिला स्तर पर दिए गए नगरीय क्षेत्रों के क्षेत्रफल के बराबर होगा वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह संभव नहीं होगा। इस प्रकार विभिन्न तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों के कुल योग क्षेत्रफल के जोड़ का जिला स्तर पर दर्शाए गए ग्रामीण क्षेत्रों के कुल योग से मिलान नहीं हो सकेगा जबकि जिले का कुल क्षेत्रफल एवं उसके ग्रामीण इलाकों का क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में केवल एक दशमलव तक प्रस्तुत किया गया है। नगरीय क्षेत्रों के लिए यह दो दशमलव तक प्रस्तुत किया गया है।

❀ ❀ ❀

जनगणना संकल्पनाएं

सही सूचनाएं प्राप्त करने एवं यथासम्भव समस्त राष्ट्र में एकरूपता लाने की दृष्टि से 1981 की जनगणना में कतिपय संकल्पनाओं एवं परिभाषाओं को अपनाया और काम में लिया गया है जैसे कि भवन, जनगणना मकान, परिवार, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, साक्षर, मुख्य काम करने वाले, सीमान्तिक काम करने वाले, काम नहीं करने वाले आदि एवं जनसंख्या का ग्रामीण और नगरीय स्वरूप।

ग्रामीण/नगरीय क्षेत्र

2. जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय विवरण की जानकारी जनगणना से प्राप्त जनसंख्या की मौलिक विशेषताओं में से एक है। ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत इकाई राजस्व ग्राम है जिसकी निश्चित सर्वेक्षित सीमायें होती हैं। राजस्व ग्राम में कई ढाणियां सम्मिलित हो सकती हैं किन्तु आंकड़े प्रस्तुत करने हेतु समस्त ग्राम को एक ही इकाई माना गया है। जंगलात के मध्य में स्थित असर्वेक्षित ग्रामों के सिलसिले में स्थानीय रूप से मान्य प्रत्येक आबाद आवासीय क्षेत्र को एक इकाई माना गया है।

3. जनगणना की दृष्टि से नगरीय क्षेत्रों को विशेष रूप से परिभाषित किया गया है। जनगणना 1981 में भी आंशिक परिवर्तनों के साथ वही मानदण्ड अपनाये गये हैं जो कि 1961 में एवं 1971 की जनगणनाओं में अपनाये गये थे। 1981 की जनगणना में निम्नलिखित क्षेत्रों को नगरीय माना गया है :—

(अ) वे सभी क्षेत्र जहां नगरपालिका, नगर निगम या छावनी बोर्ड या अधिसूचित नगरीय क्षेत्र हों।

(ब) ऐसे सभी क्षेत्र जिन पर निम्नलिखित मानदण्ड पूर्णतः लागू हों :

(1) कम से कम 5,000 की जनसंख्या।

(2) काम करने वाली पुरुष जनसंख्या का कम से कम 75 प्रतिशत गैर-कृषि (और सम्बन्धित) कार्यों में लगा हो।

(3) जनसंख्या का घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. (1,000 व्यक्ति प्रति वर्ग मील) हो।

4. 1981 में अपनाया गया मानदण्ड 1961 एवं 1971 की जनगणनाओं से आंशिक रूप से इस प्रकार अलग है कि मछली-पालन, लकड़ी के लट्ठे आदि के काम करने वाले पुरुषों को गैर-कृषि कार्यों में लगी जनसंख्या माना गया था और इस प्रकार 1961 एवं 1971 की जनगणनाओं में 75 प्रतिशत वाले मानदण्ड सम्मिलित थे जबकि जनगणना 1981 में इन गतिविधियों को मानदण्ड के अनुसार काश्तकारी एवं खेतीहर मजदूरों के समकक्ष माना गया।

5. परिभाषा एवं मानदण्ड के अनुसार नगरीय इकाइयाँ दो अलग-अलग प्रकार की हैं। प्रथम वर्ग में वे इकाइयां हैं जो मानदण्ड की अपेक्षाओं को एक सरकारी विज्ञप्ति के अन्तर्गत पूरी करती हैं और जिनका उल्लेख उसी वर्ग नाम से किया गया है जिसे उस विज्ञप्ति में अपनाया गया है जैसे—नगर निगम, नगरपालिका मण्डल और अधिसूचित क्षेत्र समिति आदि। दूसरे प्रकार की नगरीय इकाइयाँ वे हैं जो मानदण्ड (ब) की अपेक्षाओं को पूरा करती हैं और जो अन्यथा ग्रामीण अर्थात् ग्राम मानी जाती हैं किन्तु जनगणना की दृष्टि से उन्हें जनगणना नगरों या गैर-नगरपालिका नगरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ऐसा केवल इनको मानदण्ड (अ) के अन्तर्गत उल्लेखित वैधानिक नगरों से अन्तर करने व अलग दर्शाने के लिये किया गया है। यहां यह बताना आवश्यक है कि अधिकतर ऐसे ग्रामों को जिन्हें मानदण्ड (ब) के अनुसार जनगणना के उद्देश्य से नगरीय इकाई माना जाता है, राजस्व अभिलेख में बहुधा ग्राम सूची के अर्न्तगत ही दर्शाया गया है। जनगणना प्रकाशनों में सामान्यतः इनके लिये यथावश्यक अन्योन्य संदर्भ उपलब्ध होते हैं तथा इनसे इन इकाइयों को मालूम कर सकते हैं।

नगर समूह

6. नगर समूह के बारे में जो संकल्पना 1971 में अपनायी गयी थी उसे ही जनगणना 1981 में भी अपनाया गया है। प्रायः बड़ी-बड़ी रेलवे कॉलोनियां, विश्वविद्यालय परिसर, बन्दरगाह क्षेत्र, सैन्य-शिविर आदि महानगर अथवा नगर की वैधानिक सीमाओं से बाहर किन्तु इनसे सटे हुए होते हैं। इस प्रकार ऐसे क्षेत्रों को अलग नगर का स्तर नहीं दिया जा सकता है किन्तु यदि वे नगर के साथ एक निरन्तर विस्तार क्षेत्र बनाते हैं तो वे नगर की अपवृद्धि हैं और नगरीय माने जाने योग्य हैं। ऐसे नगरों को उनकी अपवृद्धियों सहित एक नगरीय इकाई माना गया है जिसे नगर समूह कहा जाता है। नगर समूह निम्न से बनता है :

(अ) निरन्तर अपवृद्धि वाला महानगर (अपवृद्धि वाला भाग नगर की वैधानिक सीमाओं के बाहर हो किन्तु इस सीमा से लगे ग्राम/ग्रामों की सीमाओं में स्थित हो);

(ब) इस प्रकार की अपवृद्धि वाला एक नगर अथवा (अ) में बताये तरीके से अपनी-अपनी अपवृद्धियों सहित दो या दो से अधिक एक दूसरे से जुड़े हुए नगर; या

(स) एक महानगर और इसके साथ जुड़े हुए एक या एक से अधिक नगर और उनकी अपवृद्धियां जो निरन्तर विस्तार बनाते हों।

भवन

7. आमतौर पर एक पूरी इमारत को भवन कहते हैं। कभी-कभी इमारतों में एक से अधिक संघटक इकाइयां होती हैं, जिन्हें निवास अथवा प्रतिष्ठान जैसे दुकान, व्यापार-घर, कार्यालय, कारखाना, वर्कशॉप, वर्कशेड, स्कूल, मनोरंजन-स्थल, पूजा-स्थल, गोदाम, स्टोर आदि के रूप में उपयोग में लाया जाता है या लाये जाने की सम्भावना है। यह भी सम्भव है कि ऐसा भवन जिसमें संघटक इकाइयां हों, विभिन्न उपयोगों में लाया जाता हो, जैसे दुकान–सह–निवास, वर्कशॉप–सह–निवास, कार्यालय–सह–निवास आदि।

8. कहीं-कहीं एक सड़क पर लगातार कई भवन होते हैं जो एक दूसरे से दोनों तरफ जुड़े रहते हैं और ऐसा लगता है कि वे एक ही भवन हैं। वस्तुतः ये अलग–अलग इकाइयां (भवनों की) होती हैं और सम्भव है कि अलग–अलग समय पर बनी हों और उनके अलग-अलग मालिक हों। हालांकि ऐसी स्थिति में जुड़ी हुई इकाइयों सहित यह सम्पूर्ण इमारत देखने में एक भवन नज़र आती है फिर भी इसके प्रत्येक हिस्से को एक अलग भवन माना गया है। दूसरी ओर विशेषतः बड़े नगरों में बहु-मंजिली इमारतों के ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिनमें अलग-अलग फ्लैटों के अलग-अलग मालिक हों, ऐसी बहु-मंजिली इमारतों के मामलों में जिसमें कई फ्लैटों के अलग–अलग मालिक हों पूरी इमारत को एक भवन तथा प्रत्येक फ्लैट को एक अलग जनगणना मकान माना गया है।

9. कभी-कभी महानगरों में स्थानीय प्रशासन इन फ्लैटों को एक ब्लॉक या बड़ी कॉलोनियों में अलग-अलग भवन मानकर उन्हें उसी तरह नम्बर दे देता है। यदि स्थानीय प्रशासन द्वारा दिये गये नम्बर वैसे ही काम में लिये गये हैं तो प्रत्येक फ्लैट को अलग-अलग भवन माना गया है ताकि प्रत्येक फ्लैट को दुबारा नम्बर न देना पड़े।*

10. यदि किसी बड़े अहाते में कई अलग-अलग इमारतें हों जिनके अलग-अलग व्यक्ति मालिक हों तो प्रत्येक ऐसी इमारत को एक या एक से अधिक अलग-अलग भवन माना गया है। कभी-कभी एक घिरे हुए क्षेत्र या अहाते में कई इमारतें होती हैं जिनका मालिक कोई उपक्रम (Undertaking), कम्पनी या सरकार होती है और जिनमें उनके कर्मचारी रहते हैं। ऐसी प्रत्येक इमारत को एक भवन माना गया है। यदि ऐसे भवनों में कई फ्लैट या ब्लॉक हैं जो एक दूसरे से स्वतंत्र हों और उनमें जाने का अलग से रास्ता साझे के अहाते या जीने में से हो और अलग-अलग परिवारों के कब्जे में हो तो प्रत्येक ऐसे फ्लैट या ब्लॉक को अलग जनगणना मकान माना गया है।

11. सामान्यतः एक संरचना (Structure) में चार दीवारें और छत होती है लेकिन कुछ क्षेत्रों में मकानों की बनावट का स्वरूप ऐसा होता है कि उनमें कोई दीवार ही नहीं होती। उदाहरण के लिये कई क्षेत्रों में झोंपड़ियों की छत शंक्वाकार (Conical) होती है, किन्तु इनमें प्रवेश द्वार भी होता है। ऐसी संरचनाओं को भी भवन या जनगणना मकान, जैसी भी इकाई हो, माना गया है।

12. यदि किसी घिरे हुए या खुले अहाते (परिसर) में एक ही मालिक की एक या अधिक इमारतें हों जैसे मुख्य भवन, नौकरों के लिये क्वार्टर, गैरेज आदि, तो पूरे परिसर को एक भवन माना गया है और प्रत्येक संघटक इमारत को एक जनगणना मकान माना गया है, बशर्ते ये इमारतें आगे दी गयी एक जनगणना मकान की परिभाषा को पूरा करती हों।

जनगणना मकान

13. जनगणना मकान एक भवन या भवन का वह भाग है जिसका रास्ते से या साझे के अहाते, जीने आदि में से अलग से एक मुख्य प्रवेश द्वार हो और जो एक पृथक् इकाई की तरह प्रयोग में आता है या समझा जाता है, चाहे यह खाली हो या किसी तरह के उपयोग में आता हो। यह आवासीय या गैर-आवासीय या दोनों प्रकार के उपयोग में आ सकता है।

14. यदि किसी भवन में कई फ्लैट या ब्लॉक हों जो एक दूसरे से स्वतंत्र हों और उनमें से प्रत्येक का अपना अलग से प्रवेश द्वार, रास्ते, सड़क, साझे के जीने या अहाते में हों जहां से मुख्य प्रवेश द्वार तक जाया जा सके तो ऐसे प्रत्येक फ्लैट या ब्लॉक को अलग जनगणना मकान माना गया है। यदि किसी बड़े घिरे हुए अहाते में अलग-अलग भवन हों जिनके भिन्न-भिन्न व्यक्ति मालिक हों तो ऐसा प्रत्येक भवन एक या अधिक जनगणना मकान माना गया है। एक घिरे हुए अहाते में एक ही निगम या कम्पनी या सरकार के भी अलग-अलग भवन हो सकते हैं जो वास्तव में विभिन्न व्यक्तियों के कब्जे में हों। उदाहरणार्थ भारतीय तेल निगम की कॉलोनी जहां भवनों का स्वामित्व तो निगम का है लेकिन ये उनके कर्मचारियों के कब्जे में हैं। ऐसी प्रत्येक इमारत को एक अलग भवन माना गया है। लेकिन यदि इनमें से किसी भवन में कई फ्लैट अलग–अलग परिवारों के कब्जे में हों तो ऐसे प्रत्येक फ्लैट को एक अलग जनगणना मकान माना गया है।

15 कुछ मामलों में जनगणना मकान की परिभाषा को अक्षरशः लागू करने में कठिनाई हो सकती है। उदाहरण के लिये किसी नगरीय क्षेत्र में एक फ्लैट में पांच कमरे हैं और प्रत्येक कमरे से साझे के जीने या आंगन में सीधे प्रवेश किया जा सकता है। परिभाषा के अनुसार इन्हें पांच जनगणना मकान माना जाएगा। परन्तु यदि इन कमरों में एक ही परिवार रह रहा हो तो इन्हें पांच जनगणना मकान मानना उचित नहीं होगा। ऐसे मामलों

* राजस्थान में किसी भी शहरी इकाई में नगरपालिका द्वारा डाले गये नम्बरों को नहीं अपनाया गया है।

में मुख्य मकान के साथ इन कमरों के "उपयोग का एकत्व" को ध्यान में रखते हुए पूरे फ्लैट को ही एक जनगणना मकान माना गया है। दूसरी ओर यदि दो अलग-अलग परिवार इन पांच कमरों में रह रहे हों, जिनमें एक के पास तीन कमरे और दूसरे के पास दो कमरे हों तो उपयोग को ध्यान में रखते हुए पहले तीन कमरों को एक जनगणना मकान और शेष दो कमरों को दूसरा जनगणना मकान माना जाता है परन्तु यदि प्रत्येक कमरा अलग-अलग परिवार के पास हो तो प्रत्येक कमरे को अलग-अलग जनगणना मकान माना जाता है।

16. होस्टल, होटल आदि में प्रत्येक कमरे का, जिनमें लोग रहते हैं, दरवाजा साझे के बरामदा, जीना, आंगन या साझे के कमरे में खुलता हो, जैसा कि सामान्यतः पाया जाता है, तो ऐसे मामलों में सम्पूर्ण होस्टल/होटल के भवन को एक जनगणना मकान माना गया है परन्तु ऐसे होस्टल/होटल में ऐसा आउट हाउस या कोई इमारत हो जिसका उपयोग विभिन्न प्रयोजनों या एक ही प्रयोजन के लिये किया जाता हो तो मुख्य होस्टल/होटल से सम्बद्ध ऐसी प्रत्येक इमारत को अलग जनगणना मकान माना गया है। देश के कुछ भागों में ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की बसावट का ऐसा स्वरूप पाया जाता है कि कई झोंपड़ियां एक खुले या बंद अहाते में एक परिवार के कब्जे में होती हैं। जबकि मुख्य निवास किसी एक झोंपड़ी में होता है, अन्य झोंपड़ियों को सोने के लिये, रसोई, स्नान-गृह, बैठक आदि के रूप में प्रयोग किया जाता है। हालांकि प्रत्येक झोंपड़ी एक अलग संरचना है लेकिन वे सब आवास की एक ही इकाई बनाती हैं और इसलिये इकट्ठे रूप में उन्हें एक ही जनगणना मकान माना जाएगा। यदि कुछ ऐसी झोंपड़ियां एक परिवार के रहने के काम आती हों और बाकी दूसरे के, तो झोंपड़ियों के दो वर्ग, दो अलग-अलग जनगणना मकान माने जायेंगे। फिर भी, यदि उस अहाते में कुछ ऐसी झोंपड़ियां भी हों जिनका उपयोग परिवार के रहने के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिये किया जाता है जैसे पशुओं के रहने के लिये शेड, काम करने के लिये शेड आदि, तो उन्हें अलग जनगणना मकान माना जाएगा।

17. यह भी सम्भव है कि कोई परिवार किसी अन्य संरचना का उपयोग करता हो जो मुख्य निवास स्थान से, कुछ दूरी पर हो या जिसे अन्य इमारत या किसी सड़क द्वारा अलग कर दिया गया हो जैसे बैठक। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि बैठक के रूप में उपयोग की जाने वाली ऐसी अलग संरचना को अलग जनगणना मकान समझा जाए।

18. नगरपालिका नगरों और शहरों में यह प्रायः देखने में आता है कि प्रत्येक स्थान को, चाहे उस पर मकान बना हुआ है या नहीं, स्वामित्व के आधार पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा नम्बर दे दिया जाता है। इस प्रकार के खुले स्थान को, चाहे वे चहार-दीवारी से घिरे हुए भी हों, जनगणना के काम के लिये सूचीबद्ध नहीं किया जायेगा। केवल वे ही इकाइयां जहां छत वाली संरचना बन चुकी है, जनगणना मकान माने जाकर सूचीबद्ध किये गये हैं। कुछ इलाकों में बनावट की मूल प्रकृति ऐसी होती है कि दीवार बिल्कुल ही न हो,— उदाहरणार्थ जमीन को करीब-करीब छूती हुई शंक्वाकार छत जिसमें दरवाजा तो दिया हो किन्तु दीवार जैसी कोई चीज न हो। ऐसी संरचनायें भी निश्चित ही उपयोग के अनुसार भवन और जनगणना मकान मानी गयी हैं।

19. पम्प हाउस, मन्दिर और इसी प्रकार की अन्य संरचनाओं को भी जनगणना मकान माना गया है क्योंकि ये ऐसी जगह हैं जहां मनुष्य रह भी सकते हैं, किन्तु निश्चित ही ऐसी संरचनाओं को जनगणना मकान नहीं माना जायेगा यदि वे इतनी छोटी हों कि कोई भी व्यक्ति उनमें रह न सके।

परिवार

20. परिवार ऐसे व्यक्तियो का समूह है जो सामान्यतः एक साथ रहते हों और यदि काम की आवश्यकता उनमें से किसी को ऐसा करने से मजबूर न करे तो एक ही रसोई का बना खाना खाते हों। परिवार ऐसे व्यक्तियों का हो सकता है जिनका आपस में रक्त सम्बन्ध हो अथवा ऐसा सम्बन्ध नहीं भी हो या उसमें दोनों प्रकार के व्यक्ति हों। असम्बन्धित व्यक्तियों के परिवार के उदाहरण हैं, बोर्डिंग हाउस, मैस, होस्टल, आवासीय होटल, उद्धार-गृह, जेल, आश्रम आदि। इन्हें "संस्थागत परिवार" कहा जाता है। परिवार एक व्यक्ति का, दो व्यक्तियों का या अनेक व्यक्तियों का भी हो सकता है। जनगणना प्रयोजनों के लिये इस प्रकार की प्रत्येक इकाई को "परिवार" समझा जाता है।

21. यदि असम्बन्धित व्यक्तियों का समूह एक जनगणना परिवार में रहता है लेकिन वे एक रसोई से खाना नहीं खाते हैं तो उन्हें संस्थागत परिवार नहीं माना जाएगा। प्रत्येक ऐसे व्यक्ति को एक अलग परिवार माना जायेगा। यह जानने के लिये कि कहीं एक परिवार है अथवा नहीं, सबसे महत्वपूर्ण बात सामूहिक रसोई का होना है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति

22. किसी व्यक्ति की अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्य के रूप में पहचान भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (संशोधित) आदेश, 1976 के अन्तर्गत प्रदत्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सूचियों के आधार पर की जाती है। अनुसूचित जाति केवल हिन्दुओं या सिक्खों में हो ही सकती हैं जबकि अनुसूचित जनजाति का सदस्य किसी भी धर्म का मानने वाला हो सकता है। यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य अपनी कोई जाति या जनजाति बतलाता है तो उसे अनुसूचित जाति या अनुसूचित

जनजाति का सदस्य तभी माना जायेगा जबकि उस जाति या जनजाति का नाम विहित सूची में उल्लेखित हो ।

साक्षर

23. वह व्यक्ति जो किसी भाषा को समझदारी के साथ लिख और पढ़ सकता है, साक्षर माना जाता है । वह व्यक्ति जो सिर्फ पढ़ सकता है लेकिन लिख नहीं सकता साक्षर नहीं माना गया है । साक्षर होने के लिये यह जरूरी नहीं है कि जो व्यक्ति साक्षर हो उसने कोई कम से कम परीक्षा जरूर पास की हो । वैसे चार साल या उससे कम आयु के सभी बच्चों को निरक्षर माना जाता है, भले ही वे स्कूल जाते हों और थोड़ा-बहुत लिखना-पढ़ना भी सीख चुके हों ।

मुख्य काम करने वाले, सीमान्तिक काम करने वाले और काम न करने वाले

24. "काम" को किसी आर्थिक रूप से उत्पादक गतिविधि में भाग लेने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है । यह भाग लेना शारीरिक या मानसिक प्रकृति का हो सकता है । काम की परिभाषा में केवल वास्तविक काम करना ही नहीं अपितु काम का प्रभावी पर्यवेक्षण और निर्देशन भी सम्मिलित है ।

25. 1981 की जनगणना में 1971 व 1961 की जनगणनाओं में अपनाये गये काम के सिद्धान्त को ही अपनाया गया है न कि इससे पहले की जनगणनाओं के आय अथवा आर्थिक स्वावलम्बन के सिद्धान्त को । किन्तु, व्यक्तियों के काम करने वालों के रूप में वर्गीकरण के मानदण्ड को बदल दिया गया है । जबकि 1961 व 1971 की जनगणनाओं में विभिन्न पद्धतियां जैसे सामान्य आजीविका स्थिति एवं वर्तमान आजीविका स्थिति जिसमें मौसमी कार्यों और नियमित कार्यों के लिये क्रमशः एक वर्ष एवं एक सप्ताह की अवधि निश्चित की गई थी, को अपनाया गया था, 1981 की जनगणना में सामान्य आजीविका स्थिति पद्धति को ही सभी कार्यों के लिये एकरूपता से अपनाया गया है । 1961 की जनगणना में यदि किसी व्यक्ति ने पूरे मौसम में कार्य किया था या जनगणना होने से पूर्व 15 दिनों में यदि एक दिन भी नियमित गैर-मौसमी कार्य में काम किया था तो उसे काम करने वाला माना गया था । 1971 की जनगणना में किसी व्यक्ति को केवल तभी काम करने वाला माना गया था जबकि उसने अपना समय अधिकांशतः काम में ही लगाया हो अथवा यदि उसने पिछले सप्ताह में एक दिन भी नियमित कार्य (गैर-मौसमी) किया हो । 1961 व 1971 की जनगणनाओं में अपनाये गये काम करने वाले और काम नहीं करने वाले द्विभागीय परिभाषा की जगह 1981 में मुख्य काम करने वाले, सीमान्तिक काम करने वाले और काम न करने वाले त्रिभागीय परिभाषा को अपनाया गया है । मुख्य काम करने वालों के लिये कार्य में लगे होने के समय की अवधि का मानदण्ड वर्ष के अधिकांश समय में अर्थात् 183 दिन या इससे अधिक समय कार्य करना है । दूसरी ओर जिन्होंने पिछले वर्ष थोड़े समय के लिए कार्य किया हो किन्तु अधिकांश समय काम न किया हो अर्थात् जिन्होंने 183 दिन या उससे अधिक काम न किया हो उन्हें सीमान्तिक काम करने वाला माना गया है । जिन लोगों ने पिछले वर्ष कभी भी काम नहीं किया उन्हें काम नहीं करने वालों में माना गया है । यह त्रिभागीय परिभाषा 1981 के आर्थिक आंकड़ों की, कुछ अंश तक 1971 व 1961 के आंकड़ों से तुलना करने में सहायता करती है । इस प्रकार 1981 में मुख्य काम करने वाले 1971 के काम करने वालों, तथा 1981 के मुख्य काम करने वाले और सीमान्तिक काम करने वाले मिलकर 1961 के काम करने वालों के समकक्ष होने चाहिये ।

26. मुख्य काम करने वालों को (अर्थात् वे जिन्होंने परिगणना से पहिले के एक वर्ष में 183 दिन या उससे अधिक काम किया था) कृषकों, खेतिहर मजदूरों, पारिवारिक उद्योगों में लगे या 'अन्य' की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है ।

काश्तकार

27. जनगणना की दृष्टि से काश्तकार वह व्यक्ति है जो अपनी स्वयं की भूमि पर अथवा सरकार या किसी दूसरे व्यक्ति/संस्था की भूमि पर धन, जिन्स या बटाई पर अथवा अकेला या पारिवारिक काम करने वाले के रूप में करता है । काश्तकारी में काश्त की देखरेख और निर्देशन भी सम्मिलित है ।

28. वह व्यक्ति जिसने अपनी भूमि किसी दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों को खेती करने के लिये धन, जिन्स या बटाई के बदले में दे दी है और जो खेती का निर्देशन या देखभाल भी नहीं करता है, काश्तकार नहीं माना गया है । इस प्रकार वह व्यक्ति जो दूसरों की जमीन पर नकद या जिन्स या दोनों में मजदूरी पर काम करता है (अर्थात् खेतिहर मजदूर है), काश्तकार नहीं माना जाता है । काश्तकारी में हल जोतना, बोना, काटना और मोटे अनाज जैसे गेहूं, धान, ज्वार, बाजरा, रागी आदि फसलें उगाना जिनमें अन्य फसलें जैसे दालें, कच्चा जूट, अच्छे रेशे वाली जूट, रूई, गन्ना, मूंगफली, तम्बाकू आदि भी सम्मिलित हैं । लेकिन इसमें फल और सब्जी उगाना, फलों के बाग-बगीचे लगाना या चाय, कॉफी, रबड़, सिन्कोना और दूसरी औषधि के बागान में काम करना शामिल नहीं है ।

खेतिहर मजदूर

29. जो व्यक्ति नकद, जिन्स या बटाई के रूप में मजदूरी लेकर किसी दूसरे व्यक्ति के खेत में काम करता है वह खेतिहर मजदूर कहलाता है । उसकी काश्त में कोई जोखिम नहीं होती वह तो केवल दूसरे के खेत में मजदूरी पर काम करता है । खेतिहर मजदूर का उस भूमि पर जिस पर वह काम करता है पट्टे या ठेके का हक नहीं होता है ।

पारिवारिक उद्योग

30. पारिवारिक उद्योग वह उद्योग है जो परिवार के मुखिया

द्वारा स्वयं और या परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर या गांव की सीमा के अन्दर और नगरीय क्षेत्रों में उस मकान के अहाते में जिसमें परिवार रहता है, चलाया जाता है। पारिवारिक उद्योगों में काम करने वालों का अधिकतम भाग उस परिवार के सदस्यों का ही होना चाहिये। उद्योग को पंजीकृत कारखाने के स्तर पर चलने वाला नहीं होना चाहिये जिससे उसका भारतीय कारखाना अधिनियम के अधीन पंजीकृत होना अनिवार्य हो जाये। ऐसा उद्योग जिसे बृहद् संयुक्त परिवार के 10 से अधिक व्यक्ति चलाते हों और जहां ऊर्जा का उपयोग तो नहीं किया जाता है किन्तु 20 से अधिक व्यक्तियों द्वारा चलाया जाता है, जो कि यद्यपि एक ही परिवार के सदस्य हैं, पारिवारिक उद्योग नहीं माना जाता है। इस प्रकार 'पंजीकृत कारखाने के स्तर पर चलने वाले 'उद्योग' से तात्पर्य उपरोक्त सभी प्रकार के मामलों से है चाहे वे पंजीकृत हों या नहीं।

31. पारिवारिक उद्योग का मुख्य मानदण्ड परिवार के एक या उससे अधिक सदस्यों का भाग लेना है। यह मानदण्ड नगरीय क्षेत्रों में भी लागू होता है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग वास्तव में घर पर नहीं है और ग्राम की सीमा के अन्दर कहीं भी चलाया जाता है तो भी परिवार के सदस्यों की उसमें भाग लेने की अधिक संभावना है। नगरीय क्षेत्रों में जहां संगठित उद्योग का अधिक महत्व है, पारिवारिक उद्योग अधिकांशतः उस घर के अहाते तक ही सीमित रहता है जहां उद्योग में काम करने वाले रहते हों। नगरीय क्षेत्रों में यदि परिवार के सदस्यों द्वारा स्वयं ही उद्योग चलाया जा रहा है लेकिन यह उनके घर से दूर है तो इसे पारिवारिक उद्योग नहीं माना जायेगा।

32. पारिवारिक उद्योग का संबंध सामान के उत्पादन, संसाधन, सर्विसिंग, मरम्मत या सामान बनाने और बेचने (केवल बेचने से नहीं) से होता है। इसमें वकील, डॉक्टर, नाई, गायक, नर्तक, भिश्ती, माली, धोबी, ज्योतिषी इत्यादि के पेशे या केवल व्यापार और व्यवसाय करने वाले इसमें सम्मिलित नहीं हैं चाहे ये पेशे, व्यापार या सेवाएं परिवार के सदस्यों द्वारा घर पर ही क्यों न की जा रही हों।

33. यह हो सकता है कि कोई व्यक्ति अपने घर पर चलने वाले पारिवारिक उद्योग में कार्य नहीं करे और दूसरों के पारिवारिक उद्योग में काम करे। ऐसी स्थिति में उसे भी पारिवारिक उद्योग में लगा माना जायेगा।

34. कुछ कार्य, चाहे वे उसी परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से किये जा रहे हों, पारिवारिक उद्योग नहीं माने जायेंगे जैसे बागान का काम, पशुओं की देखभाल, पशु प्रजनन, शिकार, जाल में फंसाना और बेचना, पेड़-पौधे लगाना या लकड़ी के लट्ठे बनाने का काम, मछली पकड़ना, खनन और उत्खनन कार्य।

अन्य काम करने वाले

35. सभी काम करने वाले अर्थात् वे सब व्यक्ति जिन्होंने आर्थिक रूप से उत्पादन की किसी भी गतिविधि में पिछले साल भाग लिया लेकिन जो काश्तकार, खेतिहर मजदूर या पारिवारिक उद्योग में नहीं लगे थे अन्य काम करने वाले माने गये हैं। काम करने वालों की इस श्रेणी के अन्तर्गत जो लोग आते हैं उनमें कारखाने में काम करने वाले, बागान में काम करने वाले, व्यापार, वाणिज्य, व्यवसाय, परिवहन, खनन, निर्माण में काम करने वाले, राजनैतिक या सामाजिक कार्यकर्ता, सभी सरकारी कर्मचारी, नगरपालिका कर्मचारी, अध्यापक, पुजारी, मनोरंजन करने वाले कलाकार आदि शामिल हैं।

सीमान्तिक कार्य करने वाले

36. सीमान्तिक काम करने वाले वे व्यक्ति हैं जिन्होंने परिगणना के पूर्व के एक वर्ष में किसी भी समय कुछ भी काम किया है किन्तु उन्होंने वर्ष के 'अधिकांश' समय में काम नहीं किया है। दूसरे शब्दों में वे जिन्होंने परिगणना से पिछले वर्ष में कभी काम किया है किन्तु वह अवधि जिसमें उन्होंने काम किया है, 183 दिन से कम है उन्हें सीमान्तिक काम करने वाला माना गया है। स्पष्ट है जिन्होंने वर्ष के अधिकांश समय अर्थात् 183 दिन या उससे अधिक काम किया है उन्हें 'मुख्य काम करने वाले' की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इस प्रकार "अन्य काम करने वाले", मुख्य काम करने वाले या सीमान्तिक काम करने वाले कोई भी हो सकते हैं।

काम न करने वाले

37. अन्य काम करने वाले और काम न करने वालों के मध्य अन्तर करने के लिये कार्य करने की परिभाषा का संदर्भ देना विषयानुकूल होगा। जबकि अन्य काम करने वाले ने आर्थिक रूप से उत्पादक गतिविधि में भाग लिया है और इस प्रकार काम किया है, काम न करने वाले ने परिगणना से पूर्व के पूरे वर्ष में आर्थिक रूप से किसी भी उत्पादक गतिविधि में भाग नहीं लिया है। काम न करने वाला निम्नलिखित सात वर्गों में से किसी भी एक वर्ग का हो सकता है :

घरेलू कार्य

38. इसमें वे सभी व्यक्ति आते हैं जो बिना पारिश्रमिक घरेलू काम में लगे हैं और जिन्होंने परिगणना से पिछले वर्ष कोई काम नहीं किया है। कोई व्यक्ति जो सामान्यतः घर पर काम करता है और साथ-साथ कोई न कोई आर्थिक कार्य-कलाप भी करता है, वह काम करने वाला है, 'काम न करने वाला' नहीं। उदाहरण के लिये किसी गृहणी ने पारिवारिक काश्तकारी या खेती में सहयोग दिया हो या खाली समय में गोबर के उपले बनाकर बेचे हों या पापड़ या अचार आदि बनाया और बेचा हो तो उसे काम करने वाली माना जाएगा। यद्यपि वह मुख्यतः गृहणी है, परन्तु उसे काम करने वाली कहा जाएगा न कि काम नहीं करने वाली।

विद्यार्थी

39. इस वर्ग में सभी पूर्णकालिक विद्यार्थी और स्कूल जाने वाले बच्चे आते हैं। यदि कोई विद्यार्थी आर्थिक रूप से उत्पादन के किसी कार्य-कलाप में भाग लेता है जैसे बिना मजदूरी पारिवारिक काम करने वाले के रूप में, घर की खेती, पारिवारिक उद्योग, व्यापार या व्यवसाय में तो उसे काम करने वाला माना गया है न कि विद्यार्थी। इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति मुख्यतः घर का काम-काज करता हो लेकिन पत्राचार के माध्यम से अध्ययन कर रहा हो या अंशकालिक कक्षाओं में जाकर पढ़ाई कर रहा हो तो उसे गृह-कार्य में रत माना जाएगा।

आश्रित

40. इस श्रेणी में सभी आश्रित जैसे शिशु और स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे या बीमारी या बुढ़ापे के कारण स्थायी तौर पर विकलांग व्यक्ति आते हैं। आश्रितों में हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति भी आते हैं यदि वे काम न करने वालों के किसी अन्य वर्ग में नहीं आ रहे हों तथा दूसरों पर आश्रित हों, फिर भी यदि ऐसा व्यक्ति जो गुजारे के लिए दूसरों पर आश्रित हो, काम खोजता रहा हो तो उसे "अन्य काम न करने वाला" माना गया है।

अवकाश प्राप्त व्यक्ति या किराया भोगी

41. वह व्यक्ति जो सेवा-निवृत्त हो चुका है और कोई दूसरा काम नहीं कर रहा है अर्थात् किसी पूर्णकालिक काम में नहीं लगा है यानि खेती, व्यापार, व्यवसाय इत्यादि नहीं कर रहा है अथवा ऐसा व्यक्ति जो किराया भोगी है या किराये, कृषि या गैर-कृषि रॉयल्टी या लाभांश के द्वारा अपना जीवन-यापन करता है अथवा ऐसा व्यक्ति जिसे काम किये बिना ही कुछ आय प्राप्त होती है, इस श्रेणी में आता है। यदि अवकाश प्राप्त व्यक्ति पेंशन के अलावा और कोई दूसरा काम भी कर रहा हो तो उसे काम करने वाला माना जायेगा न कि अवकाश प्राप्त।

भिखारी इत्यादि

42. इस श्रेणी में वे व्यक्ति आते हैं जो भिखारी या आवारा हैं अथवा जिनकी आमदनी के साधन का पता नहीं है एवं जिनके गुजारे के तरीके निश्चित नहीं हैं और जो आर्थिक रूप से उत्पादनकारी कार्य-कलाप में भाग नहीं ले रहे हैं।

संस्थानों के निवासी

43. इस श्रेणी में जेल में रहने वाले, सज़ायाफ्ता अपराधी, दण्ड देने वाली एवं मनोचिकित्सालय या धर्मार्थ संस्थाओं में रहने वाले आते हैं, चाहे उन्हें इन संस्थाओं में बढ़ईगिरी, दरी बुनना, सब्जी उगाना आदि काम करने को बाध्य भी किया जाता हो। लेकिन ऐसे मुलज़िम के लिये जिस पर मुकदमा चल रहा हो, वह कार्य दर्ज किया गया है जो वह पकड़े जाने से पहले कर रहा था। इसी प्रकार ऐसा व्यक्ति जो अस्थायी तौर पर किसी अस्पताल या इसी प्रकार की किसी अन्य संस्था में भर्ती हो उसके लिये वह कार्य दर्ज किया गया है जो वह अस्पताल/संस्था में भर्ती होने से पहले कर रहा था। किन्तु ऐसे मुलज़िम के लिये जिन पर लम्बे समय से मुकदमा चल रहा हो अथवा लम्बे समय से सज़ायाफ्ता हो अथवा जो लम्बे समय से किसी दण्ड देने वाली, धर्मार्थ या मनोचिकित्सालय आदि संस्थाओं में रह रहे हों तो उनका पिछला काम दर्ज नहीं किया जायेगा। किसी व्यक्ति के लिये लम्बी अवधि तब मानी जायेगी जब वह उस संस्था में छः माह या उससे अधिक अवधि से रह रहा हो।

अन्य काम न करने वाले

44. इस श्रेणी में वे सभी काम न करने वाले आते हैं जो ऊपर बताई हुई छः श्रेणियों में से किसी में भी न आते हों और जो काम-धन्धे की तलाश में हों। वह लड़की या लड़का जिसने शिक्षा पूरी कर ली है या पढ़ाई छोड़ दी है और काम की तलाश में है, इस वर्ग में आएगा।

❀ ❀ ❀

प्राथमिक जनगणना सार का विश्लेषण

जनसंख्या का वितरण एवं वृद्धि

जनगणना के अन्तिम आंकड़ों के अनुसार जैसलमेर जिले की जनसंख्या 1 मार्च, 1981 को सूर्योदय के समय 243,082 पाई गयी। कुल जनसंख्या में से 134,204 पुरुष एवं 108,878 स्त्रियां थीं। जिले की आबादी मुख्यत: ग्रामीण है क्योंकि इसके 462 आबाद ग्रामों में 210,155 या 89.45 प्रतिशत व्यक्ति एवं 2 नगरीय इकाइयों, जैसलमेर एवं पोकरण में 32,927 या 13.55 प्रतिशत व्यक्ति निवास करते हैं। इस जिले में 53 ग्राम गैर-आबाद हैं, जहां कोई जनसंख्या नहीं है।

निम्नलिखित तालिका इस जिले की विभिन्न तहसीलों में जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय वितरण को प्रस्तुत करती है और साथ ही तहसीलों के गांव एवं नगरों की संख्या भी :

तालिका 1

जनसंख्या, ग्रामों तथा नगरों की संख्या, 1981

जिला/तहसील	जनसंख्या									ग्रामों की संख्या		नगरों की संख्या
	कुल			ग्रामीण			नगरीय					
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	कुल	आबाद	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
जिला जैसलमेर	**243,082**	**134,204**	**108,878**	**210,155**	**115,337**	**94,818**	**32,927**	**18,867**	**14,060**	**515**	**462**	**2**
	(100.00)			**(100.00)**			**(100.00)**					
जैसलमेर तहसील	126,506	70,630	55,876	104,465	57,891	46,574	22,041	12,739	9,302	394	346	1
	(52.04)			(49.71)			(66.94)					
पोकरण तहसील	116,576	63,547	53,002	105,690	57,446	48,244	10,886	6,128	4,758	121	116	1
	(47.96)			(50.29)			(33.06)					

2. जनसंख्या का अधिकतम अनुपात जिले की जैसलमेर तहसील में निवासित है, जबकि पोकरण तहसील में सम्पूर्ण जनसंख्या का 47.96 प्रतिशत रहता है। जैसलमेर जिले के नगरीय क्षेत्रों में सम्पूर्ण नगरीय जनसंख्या का अधिकतम भाग पुन: जैसलमेर तहसील में, 66.94 प्रतिशत, सर्वोच्च है, जबकि न्यूनतम अनुपात पोकरण तहसील में 33.06 प्रतिशत है। तथापि ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पूर्ण ग्रामीण जनसंख्या का अधिकतम अनुपात पोकरण तहसील में 50.29 प्रतिशत व न्यूनतम 49.71 प्रतिशत भाग जैसलमेर तहसील में है, जो कि इसके निचले क्रम पर है।

3. जिले की जनसंख्या वर्तमान शताब्दी में तिगुनी से कुछ अधिक बढ़ी है। यह स्थिर गति से बढ़ रही है तथा 1951 में 1.10 लाख से बढ़कर 1981 में 2.43 लाख हो गई है अर्थात् पिछले तीस वर्षों में यह दो गुनी से भी अधिक हो गई है। 1901 से जिले की जनसंख्या में जो विभिन्नता पायी गयी है, उससे ज्ञात होता है कि 1911-21 के दशक में हुई 20.58 प्रतिशत की गिरावट को अपवाद मानकर 1921 के पश्चात् सामान्यतया इस जिले में जनसंख्या वृद्धि में निरन्तर ऊंची दर रिकार्ड हुई है। जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर 1971-81 के दशक में रिकार्ड हुई है। 1911-21 के दशक में जनसंख्या वृद्धि दर में जो गिरावट आई उसका मुख्य कारण उस दशक में हुई महामारी थी जैसे इन्फ्लूएंजा, प्लेग, छोटी माता का प्रकोप आदि। मौटे तौर पर पिछले 80 वर्षों (1901 से 1981) के दौरान जिले की जनसंख्या में करीब 1.67 लाख की वृद्धि हुई है। इसमें से करीब 34 हजार इस शताब्दी के प्रथम पचास वर्षों में बढ़ी है जबकि पिछले दस वर्षों में करीब 75 हजार व्यक्ति इस जिले की जनसंख्या में बढ़ गये हैं। 1901 से 1951 तक के पहले पचास वर्षों में कुल जनसंख्या में हुई वृद्धि

से, यह वृद्धि लगभग 41 हजार अधिक है। नीचे दी गई तालिका 1901 से जिले की जनसंख्या व दशकीय वृद्धि दर दर्शाती है :

तालिका 2

1901 से जनसंख्या

जनगणना वर्ष	जनसंख्या	प्रतिशत दशकीय परिवर्तन
1	2	3
1901	75,551	—
1911	87,162	+15.37
1921	69,224	—20.58
1931	78,646	+13.61
1941	96,958	+23.28
1951	109,658	+13.10
1961	141,242	+28.80
1971	167,824	+18.82
1981	243,082	+44.84

4. 1981 की जनगणना में जिले की जनसंख्या वृद्धि दर 44.84 प्रतिशत रिकार्ड की गई, जिसकी तुलना में राज्य की जनसंख्या औसत वृद्धि दर 32.97 प्रतिशत रही। 1961–71 के दशक में जनसंख्या औसत वृद्धि 18.82 प्रतिशत थी। यह भी देखा गया है कि इस जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि दर 46.47 प्रतिशत रही जबकि नगरीय क्षेत्रों में यह दर 35.24 प्रतिशत रही। इसका अर्थ यह है कि नगरीय क्षेत्रों की अपेक्षा यह वृद्धि दर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक हुई।

5. तहसील स्तर पर 1971–81 दशक के दौरान अधिकतम जनसंख्या वृद्धि 45.41 प्रतिशत पोकरण तहसील में रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर जैसलमेर तहसील (44.33 प्रतिशत) है। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि दर का विश्लेषण अलग-अलग करने पर ज्ञात होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जैसलमेर तहसील में अधिकतम 46.98 प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि दर रिकार्ड की गई। जबकि नगरीय क्षेत्रों में 40.12 प्रतिशत पोकरण तहसील में सर्वाधिक वृद्धि दर रिकार्ड की गई। जिले की दोनों तहसीलों में एक-एक ही नगर है अतः प्रत्येक तहसील के लिए रिकार्ड की गई नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर सम्बन्धित नगरों की वृद्धि दर ही दर्शाती है। निम्न तालिका में जिले के कुल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अलग-अलग जनसंख्या वितरण में दशकीय परिवर्तन को दर्शाया गया है :

तालिका 3

जनसंख्या के वितरण में दशकीय परिवर्तन

जिला/तहसील	जनसंख्या						प्रतिशत दशकीय (1971–81) परिवर्तन		
	1971			1981					
	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
जिला जैसलमेर	**167,824**	**143,477**	**24,347**	**243,082**	**210,155**	**32,927**	**+44.84**	**+46.47**	**+35.24**
जैसलमेर तहसील	87,652	71,074	16,578	126,506	104,465	22,041	+44.33	+46.98	+32.95
पोकरण तहसील	80,172	72,403	7,769	116,576	105,690	10,886	+45.41	+45.97	+40.12

जनसंख्या के अनुसार ग्रामों का वर्गीकरण

6. इस जिले में कुल 515 ग्राम हैं जिनमें से 462 ग्राम आबाद हैं तथा शेष 53 ग्राम गैर-आबाद हैं जिनमें जनगणना के समय आबादी नहीं थी। इन ग्रामों के आकार में केवल क्षेत्रफल की दृष्टि से ही नहीं अपितु जनसंख्या की दृष्टि से भी काफी अन्तर पाया गया है। कुछ गांवों में जनसंख्या नगण्य है जो कि कभी-कभी एक अंक तक सीमित रह जाती है। दूसरी तरफ इनमें से एक ग्राम की जनसंख्या दस हजार व्यक्तियों से भी अधिक है। इस जिले में 195 ग्राम (कुल आबाद ग्रामों का 42.21 प्रतिशत) ऐसे हैं जिनकी आबादी 200 से भी कम है। अन्य 145 ग्राम, अथवा 31.38 प्रतिशत, 200 से 499 जनसंख्या वर्ग वाले ग्राम हैं। जिले में 500 से 1,999 जनसंख्या वाले ग्रामों की श्रेणी में 112 ग्राम आते हैं जो कि कुल आबाद ग्रामों के 24.24 प्रतिशत हैं। जिले में सामान्यतः

बड़े ग्राम नहीं हैं । केवल 10 ग्राम ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 2,000 व्यक्तियों से भी अधिक है । इसी श्रेणी में 2 गांव ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 5,000 व्यक्तियों से भी अधिक है । इस प्रकार 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम कुल आबाद ग्रामों के दो प्रतिशत से कुछ अधिक हैं जिनमें से 1.73 प्रतिशत ग्राम ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 2,000 से 4,999 के मध्य है । निम्नलिखित तालिका जनसंख्या श्रेणियों के अनुसार ग्रामों के वितरण को प्रस्तुत करती है :

तालिका 4
जनसंख्या श्रेणियों के अनुसार ग्रामों का वर्गीकरण

जनसंख्या श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में आबाद ग्रामों की संख्या	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत	जनसंख्या श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में आबाद ग्रामों की संख्या	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत
1	2	3	1	2	3
200 से कम	195	42.21	5,000 - 9,999	1	0.22
200 - 499	145	31.38	10,000 एवं अधिक	1	0.22
500 - 1,999	112	24.24			
2,000 - 4,999	8	1.73	योग	462	100.00

7. निम्नलिखित तालिका में तहसील स्तर पर विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में जनसंख्या के वितरण को बतलाया गया है :

तालिका 5
ग्रामों का जनसंख्या वर्ग के अनुसार वितरण

जिला/तहसील	कुल आबाद ग्राम	प्रत्येक वर्ग में ग्रामों की संख्या (कोष्ठक में दी गई संख्यायें प्रत्येक वर्ग के प्रतिशत को बतलाती हैं)					
		200 से कम	200–499	500–1,999	2,000–4,999	5,000–9,999	10,000 एवं अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8
जिला जैसलमेर	**462**	**195**	**145**	**112**	**8**	**1**	**1**
	(100.00)	**(42.21)**	**(31.38)**	**(24.24)**	**(1.73)**	**(0.22)**	**(0.22)**
जैसलमेर तहसील	346	173	115	56	2	—	—
	(100.00)	(50.00)	(33.24)	(16.18)	(0.58)		
पोकरण तहसील	116	22	30	56	6	1	1
	(100.00)	(18.97)	(25.86)	(48.28)	(5.17)	(0.86)	(0.86)

जनसंख्या का घनत्व

8. भौगोलिक आकार की दृष्टि से इस जिले में तहसील स्तर पर जैसलमेर तहसील का क्षेत्रफल (74.90 प्रतिशत) सर्वाधिक है । दूसरी तरफ क्षेत्रफल की दृष्टि से पोकरण तहसील का अन्तिम स्थान है । इसका क्षेत्रफल जिले के कुल क्षेत्रफल का 25.10 प्रतिशत है । जनसंख्या की दृष्टि से भी इस जिले की जनसंख्या में अधिकतम योगदान जैसलमेर तहसील का रहा है जबकि पोकरण तहसील का दूसरा स्थान रहा । इसका जिले की कुल जनसंख्या में न्यूनतम (47.96 प्रतिशत) योगदान रहा । निम्न तालिका में क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के आधार पर तहसीलों का क्रमीकरण किया गया है :

तालिका 6

क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के अनुसार तहसीलों का स्थान

तहसील का नाम	क्षेत्रफल		जनसंख्या	
	जिले के क्षेत्रफल का प्रतिशत	स्थान	जिले की जनसंख्या का प्रतिशत	स्थान
1	2	3	4	5
जैसलमेर तहसील	74.90	1	52.04	1
पोकरण तहसील	25.10	2	47.96	2

9. औसतन जिले में जनसंख्या का घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर में निवासित व्यक्तियों की संख्या) 6 पाया गया जो कि राज्य में सबसे कम है। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भी काफी असमानता है। जनसंख्या का घनत्व ग्रामीण क्षेत्र के लिए मात्र 5 पाया गया है जबकि नगरीय क्षेत्रों में यह 251 है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों से पचास गुना से भी अधिक है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पोकरण तहसील में जनसंख्या का उच्चतम घनत्व 11 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर पाया गया है जो कि जैसलमेर तहसील में दर्ज घनत्व (4 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.) से लगभग तीन गुना ज्यादा है। नगरीय क्षेत्र में घनी आबादी वाला नगर पोकरण है। इस नगर में जनसंख्या का घनत्व 2,177 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर पाया गया है। निम्नलिखित तालिका में जिले के कुल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों का घनत्व दर्शाया गया है :

तालिका 7

कुल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व

जिला/तहसील	घनत्व प्रति वर्ग किलोमीटर		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4
जिला जैसलमेर	**6**	**5**	**251**
जैसलमेर तहसील	4	4	175
पोकरण तहसील	12	11	2,177

10. इस जिले में कुल 76 ग्राम ऐसे हैं जिनमें जनसंख्या का घनत्व 10 से अधिक है। ऐसे गांव कुल आबाद ग्रामों के छटे हिस्से से भी कुछ कम ही हैं। इस श्रेणी में 29 ग्राम (6.28 प्रतिशत) ऐसे भी हैं जिनमें जनसंख्या का घनत्व 20 व्यक्ति या इससे अधिक है तथा अन्य 47 ग्रामों (10.17 प्रतिशत) में जनसंख्या घनत्व 11 से 20 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर के मध्य है। जिले के शेष 386 ग्राम (83.55 प्रतिशत) कम आबादी वाले हैं और उनमें जनसंख्या का घनत्व 10 से कम है। इस स्थिति को आगे दी जा रही तालिका में स्पष्ट किया गया है :

तालिका 8

जनसंख्या घनत्व की श्रेणियों के अनुसार ग्रामों का वितरण

घनत्व की श्रेणी (प्रति वर्ग कि.मी.)	प्रत्येक घनत्व श्रेणी में आबाद ग्रामों की कुल संख्या	प्रत्येक घनत्व श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत	घनत्व की श्रेणी (प्रति वर्ग कि.मी.)	प्रत्येक घनत्व श्रेणी में आबाद ग्रामों का कुल संख्या	प्रत्येक घनत्व श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत
1	2	3	1	2	3
10 तक	386	83.55	201–300	—	—
11– 20	47	10.17	301–500	—	—
21– 50	29	6.28	501 एवं अधिक	—	—
51–100	—	—			
101–200	—	—	योग	462	100.00

11. निम्न तालिका देखने पर ग्रामों में तहसील स्तर पर जनसंख्या घनत्व की स्थिति और अधिक स्पष्ट होती है :

तालिका 9

जनसंख्या घनत्व के अनुसार ग्रामों का वितरण

जिला/तहसील	कुल आबाद ग्राम	प्रत्येक जनसंख्या घनत्व वर्ग में ग्रामों की संख्या (कोष्ठक में दी गई संख्यायें प्रत्येक वर्ग के ग्रामों के प्रतिशत को बतलाती हैं)								
		0–10	11–20	21–50	51–100	101–200	201–300	301–500	501 एवं अधिक	अवर्गीकृत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
जिला जैसलमेर	**462**	**386**	**47**	**29**	—	—	—	—	—	—
	(100.00)	**(83.55)**	**(10.17)**	**(6.28)**						
जैसलमेर तहसील	346	335	8	3	—	—	—	—	—	—
	(100.00)	(96.82)	(2.31)	(0.87)						
पोकरण तहसील	116	51	39	26	—	—	—	—	—	—
	(100.00)	(43.97)	(33.62)	(22.41)						

स्त्री-पुरुष अनुपात

12. जिले में 1901 के बाद के दशकों में स्त्री-पुरुष अनुपात में पर्याप्त परिवर्तन आया है। जिले की जनसंख्या में स्त्रियों का अनुपात पुरुषों की तुलना में हमेशा कम रहा है।

13. यदि हम ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्त्री-पुरुष अनुपात की तुलना करें तो हमें ज्ञात होगा कि 1921 तक तुलनात्मक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय क्षेत्रों में स्त्रियों का अनुपात अधिक था। यहां तक कि 1941 तक व तत्पश्चात् 1961 में भी नगरीय क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षाकृत स्त्रियों का अनुपात अधिक पाया गया। परन्तु 1961 के पश्चात् स्थिति में परिवर्तन आया और 1981 की जनगणना तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत स्त्रियों का अनुपात बढ़ गया। यह अन्तर काफी चौंकाने वाला था। निम्न तालिका में वर्ष 1901 से 1981 की अवधि में दर्ज जिले के स्त्री-पुरुष अनुपात को बतलाया गया है :

तालिका 10

1901 से स्त्री-पुरुष अनुपात

जनगणना वर्ष	प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या			जनगणना वर्ष	प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय		कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	1	2	3	4
1901	870	839	1,010	1951	817	820	793
1911	837	807	1,027	1961	802	795	874
1921	808	781	1,002				
1931	851	832	961	1971	810	823	739
1941	829	815	932	1981	811	822	745

14. अब हम जिले की दोनों तहसीलों में उपलब्ध स्त्री-पुरुष अनुपात के बारे में गौर करेंगे। तुलनात्मक अध्ययन के लिए 1971 के आंकड़े भी दर्शाए गए हैं। वर्ष 1981 में पोकरण तहसील मे कुल पुरुषों की जनसंख्या में स्त्रियों का अनुपात उच्चतर (834)

था। यह अनुपात 1971 में 838 दर्ज किया गया था। यही स्थिति ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में देखी गई है। दूसरी तरफ जैसलमेर तहसील में स्त्री-पुरुष अनुपात ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम पाया गया है निम्न तालिका में 1971 एवं 1981 की जनगणना के आधार पर तहसील स्तर पर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के स्त्री-पुरुष अनुपात के आंकड़े अलग-अलग दर्शाए गए हैं :

तालिका 11

1971 एवं 1981 में तहसील स्तर पर स्त्री-पुरुष अनुपात

जिला/तहसील	प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या					
	1971			1981		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
जिला जैसलमेर	**810**	**823**	**739**	**811**	**822**	**745**
जैसलमेर तहसील	785	807	698	791	805	730
पोकरण तहसील	838	839	832	834	840	776

प्रतिशत था। जिले के नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात क्रमश: 2.52 एवं 2.88 प्रतिशत था जो यह दर्शाता है कि नगरीय क्षेत्रों में इस समुदाय के अनुपात में 0.36 प्रतिशत की कमी हुई। जिले एवं इसकी विभिन्न तहसीलों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनसंख्या वितरण (प्रतिशत) को कुल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के अनुसार नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित किया गया है :

तालिका 12

1981 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत वितरण

जिला/तहसील	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति का प्रतिशत			कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
जिला जैसलमेर	**14.52**	**15.24**	**9.90**	**4.39**	**4.69**	**2.52**
जैसलमेर तहसील	15.52	16.95	8.69	4.85	5.44	2.06
पोकरण तहसील	13.43	13.54	12.34	3.90	3.95	3.44

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति जनसंख्या

15. 1981 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति का अनुपात 14.52 प्रतिशत रहा जबकि 1971 में यह 13.6 प्रतिशत था अर्थात् दशक 1971–81 में अनुसूचित जाति के लोगों में एक प्रतिशत की भी वृद्धि नहीं हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में 1981 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल ग्रामीण जनसंख्या में अनुसूचित जातियों का अनुपात 15.24 प्रतिशत रहा जबकि नगरीय क्षेत्रों में इनका अनुपात 9.90 प्रतिशत ही दर्ज किया गया। 1971 में यह अनुपात ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के लिए क्रमश: 14.5 और 8.2 प्रतिशत था।

16. जिले में अनुसूचित जातियों की तुलना में अनुसूचित जनजातियों का अनुपात काफी कम है। 1981 में अनुसूचित जनजाति का अनुपात जिले की कुल जनसंख्या में 4.39 प्रतिशत है जबकि 1971 में यह 4.13 प्रतिशत था जो कि जिले में अनुसूचित जनजाति की संख्या में 0.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 1981 की जनगणना के अनुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति का अनुपात 4.69 प्रतिशत है, जबकि 1971 में यह 4.34

17. जिले में तहसील स्तर पर अनुसूचित जाति की जनसंख्या के वितरण का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात होता है कि जैसलमेर तहसील में अधिकतम 55.63 प्रतिशत और पोकरण तहसील में न्यूनतम 44.37 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में भी यही स्थिति पाई गई है। जहां तक दोनों तहसीलों में अनुसूचित जनजाति के वितरण का संबंध है, यह जैसलमेर में 57.43 प्रतिशत और पोकरण तहसील में 42.57 प्रतिशत है। जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में भी यही स्थिति पाई गई है।

18. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकांश लोग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित हैं। अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या 35,284 का अधिकतम भाग 32,025 (90.76 प्रतिशत व्यक्ति) ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। इसके विपरीत अनुसूचित जनजाति के कुल 10,680 व्यक्तियों में से 92 प्रतिशत से भी कुछ अधिक व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और 8 प्रतिशत से कुछ कम नगरीय क्षेत्रों में रहते पाए गए हैं। नीचे दी जा रही तालिका में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनसंख्या वितरण एवं जिले की कुल जनसंख्या में इनके अनुपात को दर्शाया गया है :

तालिका 13

जिला एवं तहसील स्तर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का ग्रामीण/नगरीय वितरण

जिला/तहसील	अनुसूचित जाति जनसंख्या			अनुसूचित जनजाति जनसंख्या		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
जिला जैसलमेर	**35,284**	**32,025**	**3,259**	**10,680**	**9,851**	**829**
	(100.00)	**(100.00)**	**(100.00)**	**(100.00)**	**(100.00)**	**(100.00)**
जैसलमेर तहसील	**19,628**	**17,712**	**1,916**	**6,134**	**5,679**	**455**
	(55.63)	**(55.31)**	**(58.79)**	**(57.43)**	**(57.65)**	**(54.89)**
पोकरण तहसील	**15,656**	**14,313**	**1,343**	**4,546**	**4,172**	**374**
	(44.37)	**(44.69)**	**(41.21)**	**(42.57)**	**(42.35)**	**(45.11)**

19. जिले में ग्राम स्तर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के वितरण का विश्लेषण करने पर हमें ज्ञात होता है कि आबाद ग्रामो में करीब 20.78 प्रतिशत (96 ग्राम) ऐसे है जहां कि अनुसूचित जाति के लोग कुल जनसंख्या के 20 प्रतिशत से अधिक हैं। करीब 7.79 प्रतिशत (36) ग्रामों में 16 से 20 प्रतिशत, 9.09 प्रतिशत (42 ग्रामों) में 11 से 15 प्रतिशत, 10.82 प्रतिशत (50 ग्रामों) में 6 से 10 प्रतिशत और शेष 10.18 प्रतिशत (47) ग्रामों में कुल आबादी में इस समुदाय का अनुपात 5 प्रतिशत से भी कम है। इससे पता चलता है कि अनुसूचित जाति के लोग ग्रामों के आकर और जनसंख्या के अनुपात में समान रूप से वितरित हैं। हालांकि 191 ग्राम (41.34 प्रतिशत) ऐसे हैं जिनमें इनका कोई भी सदस्य नहीं रहता है।

20. इसके विपरीत जिले के 19.26 प्रतिशत अथवा 89 ग्राम ऐसे हैं जहां कि कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति का अनुपात 5 प्रतिशत से भी कम है। जिले के 52 ग्राम जिनका कुल आबाद ग्रामों की संख्या में अनुपात केवल 11.26 प्रतिशत है, ऐसे हैं, जहां कि कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 6 से 15 के मध्य रहा है। जिले के अन्य 7.58 प्रतिशत अथवा 35 ग्राम ऐसे हैं जहां कि यह अनुपात 16 से 50 प्रतिशत रहा है। यह रोचक बात है कि मात्र 11 (2.38 प्रतिशत) ग्राम ऐसे हैं जिनमें अनुसूचित जनजाति के लोग उन गांवों की कुल जनसंख्या में 50 प्रतिशत से भी अधिक हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि जिले में कुल आबाद ग्रामों में से 59.52 प्रतिशत ग्रामों में, जिनकी संख्या 275 है, अनुसूचित जनजाति का एक भी सदस्य रहता हुआ नहीं पाया गया। निम्न तालिका से स्थिति और अधिक स्पष्ट हो जाती है :

तालिका 14

ग्रामों की कुल जनसंख्या में से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का अनुपात

अनुसूचित जाति			अनुसूचित जनजाति		
कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की जनसंख्या के प्रतिशत की श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों की संख्या	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के प्रतिशत की श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों की संख्या	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
शून्य	**191**	**41.34**	**शून्य**	**275**	**59.52**
5 तक	**47**	**10.18**	**5 तक**	**89**	**19.26**
6–10	**50**	**10.82**	**6–15**	**52**	**11.26**
11–15	**42**	**9.09**	**16–25**	**15**	**3.25**
16–20	**36**	**7.79**	**26–35**	**15**	**3.25**
21–30	**43**	**9.31**	**36–50**	**5**	**1.08**
31 एवं अधिक	**53**	**11.47**	**51 एवं अधिक**	**11**	**2.38**
योग	**462**	**100.00**	**योग**	**462**	**100.00**

21. निम्न दो तालिकाओं में ग्रामों की अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या को तहसील स्तर पर अलग-अलग दर्शाया गया है :

तालिका 15

ग्रामों में निवासित कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का अनुपात

जिला/तहसील	कुल आबाद ग्राम	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की जनसंख्या के प्रत्येक प्रतिशत श्रेणी में ग्रामों की संख्या (कोष्ठक में दी गई संख्यायें प्रत्येक श्रेणी के ग्रामों के प्रतिशत को बतलाती हैं)						
		शून्य	5 तक	6–10	11–15	16–20	21–30	31 एवं अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8	9
जिला जैसलमेर	**462**	**191**	**47**	**50**	**42**	**36**	**43**	**53**
	(100.00)	**(41.34)**	**(10.18)**	**(10.82)**	**(9.09)**	**(7.79)**	**(9.31)**	**(11.47)**
जैसलमेर तहसील	**346**	**168**	**31**	**31**	**21**	**21**	**28**	**46**
	(100.00)	**(48.56)**	**(8.96)**	**(8.96)**	**(6.07)**	**(6.07)**	**(8.09)**	**(13.29)**
पोकरण तहसील	**116**	**23**	**16**	**19**	**21**	**15**	**15**	**7**
	(100.00)	(19.83)	(13.79)	(16.38)	(18.10)	(12.93)	(12.93)	(6.0)

तालिका 16

ग्रामों में निवासित कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का अनुपात

जिला/तहसील	कुल आबाद ग्राम	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के प्रत्येक प्रतिशत श्रेणी में ग्रामों की संख्या (कोष्ठक में दी गई संख्याएं प्रत्येक श्रेणी के ग्रामों के प्रतिशत को बतलाती हैं)						
		शून्य	5 तक	6–15	16–25	26–35	36–50	51 एवं अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8	9
जिला जैसलमेर	**462**	**275**	**89**	**52**	**15**	**15**	**5**	**11**
	(100.00)	**(59.52)**	**(19.26)**	**(11.26)**	**(3.25)**	**(3.25)**	**(1.08)**	**(2.38)**
जैसलमेर तहसील	**346**	**223**	**48**	**34**	**12**	**13**	**5**	**11**
	(100.00)	(64.45)	(13.87)	(9.83)	(3.47)	(3.76)	(1.44)	(3.18)
पोकरण तहसील	**116**	**52**	**41**	**18**	**3**	**2**	**—**	**—**
	(100.00)	(44.83)	(35.34)	(15.52)	(2.59)	(1.72)		

22. यदि हम देखें कि जिले के नगरीय क्षेत्रों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों का वितरण कैसा है, तो अनुसूचित जाति के लोगों का अनुपात जिले की कुल नगरीय आबादी में केवल 9.90 प्रतिशत है जबकि अनुसूचित जनजाति के लोग कुल नगरीय आबादी में 3 प्रतिशत से भी कम अर्थात् (2.52 प्रतिशत) है। जिले के दोनों नगरीय केन्द्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों का अधिकतम अनुपात (12.34 प्रतिशत) पोकरण नगर में निवास करता है जबकि न्यूनतम अनुपात (8.69 प्रतिशत)

जैसलमेर नगर में दर्ज किया गया है। इन दोनों नगरों में निवासित अनुसूचित जनजाति का अनुपात भी इसी प्रकार है। अनुसूचित जनजाति का कुल जनसंख्या में अनुपात पोकरण नगर में 3.44 प्रतिशत पाया गया है जबकि जैसलमेर नगर में यह अनुपात मात्र 2.06 प्रतिशत ही है। नीचे दी जा रही तालिका प्रत्येक नगर की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अनुपात को दर्शाती है :

तालिका 17

नगरों की जनसंख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का अनुपात

नगर का नाम	कुल जनसंख्या	कुल अनुसूचित जाति जनसंख्या	कुल अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति जनसंख्या का प्रतिशत	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
समस्त नगर	**32,927**	**3,259**	**829**	**9.90**	**2.52**
जैसलमेर तहसील	22,041	1,916	455	8.69	2.06
पोकरण तहसील	10,886	1,343	374	12.34	3.44

साक्षरता

23. जनगणना 1981 के अनुसार इस जिले की कुल जनसंख्या में साक्षरों का अनुपात 15.80 प्रतिशत है जबकि राज्य स्तर पर साक्षरता दर 24.38 प्रतिशत है। 1971 एवं 1961 में इस जिले की साक्षरता दर क्रमश: 13.41 एवं 8.11 प्रतिशत थी। इस प्रकार 1971–81 दशक के दौरान साक्षरता दर में कुल मिलाकर करीब 2 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि 1961–1971 में 5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। जिला स्तर पर पिछली चार जनगणनाओं की साक्षरता का एक तुलनात्मक चित्र निम्न तालिका में प्रस्तुत किया है :

तालिका 18

1951 से साक्षरता

जनगणना वर्ष	साक्षरता दर		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4
1951	4.29	6.99	0.96
1961	8.11	13.04	1.96
1971	13.41	21.07	3.94
1981	15.80	24.35	5.25

24. स्वतंत्रता के तुरन्त पश्चात् 1951 की जनगणना में दर्ज की गई साक्षरता दर केवल 4.29 प्रतिशत ही थी जो 1981 की जनगणना में बढ़कर 15.80 प्रतिशत हो गई जो 11.51 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि दर्शाती है। यह मुख्यत: स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस दिशा में किये गये प्रयासों का परिणाम है। यद्यपि इस जिले की साक्षरता दर प्रत्येक दशक में निश्चित रूप से बढ़ी है किन्तु स्त्री-पुरुष की साक्षरता दर में अभी भी पर्याप्त असमानता पाई गई है। जिले के सभी भागों में स्त्रियों की साक्षरता दर पुरुषों की साक्षरता दर से पिछड़ रही है अर्थात् नगरीय एवं ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लिए आगे दी जा रही तालिका में एक तुलनात्मक चित्र प्रदर्शित किया गया है :

तालिका 19

स्त्री-पुरुष वर्गों में एवं कुल ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के अनुसार साक्षरता

जिला/तहसील	कुल ग्रामीण नगरीय	साक्षरता का प्रतिशत		
		व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5
जिला जैसलमेर	**कुल**	**15.80**	**24.35**	**5.25**
	ग्रामीण	**10.55**	**17.93**	**1.57**
	नगरीय	**49.31**	**63.62**	**30.10**
जैसलमेर तहसील	कुल	18.22	27.05	7.06
	ग्रामीण	10.73	18.14	7.52
	नगरीय	53.73	67.54	34.81
पोकरण तहसील	कुल	13.17	21.35	3.34
	ग्रामीण	10.36	17.71	1.61
	नगरीय	40.36	55.48	20.89

25. उपरोक्त तालिका के अवलोकन से यह ज्ञात होगा कि जिले में तहसील स्तर पर साक्षरता दर जैसलमेर तहसील में अधिकतम 18.22 प्रतिशत तथा पोकरण तहसील में न्यूनतम 13.17 प्रतिशत दर्ज की गई। नगरीय क्षेत्रों की अपेक्षाकृत ग्रामीण क्षेत्रों में दोनों तहसीलों की साक्षरता दर में कोई विशेष अन्तर नहीं पाया गया। जैसलमेर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर 10.73 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि पोकरण तहसील में यह 10.36 प्रतिशत थी। दूसरी ओर नगरीय क्षेत्रों में जैसलमेर व पोकरण तहसीलों में साक्षरता दर का अनुपात क्रमशः 53 73 एवं 40.36 प्रतिशत रहा। पुरुषों में साक्षरता दर का अनुपात जैसलमेर तहसील में 27.05 प्रतिशत व पोकरण तहसील में 21.35 प्रतिपाया गया है जबकि इन्हीं तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष साक्षरता दर का अनुपात क्रमशः 18.14 व 17.71 प्रतिशत रहा। नगरीय क्षेत्रों में पुरुष साक्षरता दर जैसलमेर तहसील में 67 54 प्रतिशत तथा पोकरण तहसील में 55.48 प्रतिशत दर्ज की गई। जिले में स्त्रियों की साक्षरता दर काफी निराशाजनक स्थिति प्रस्तुत करती है, खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्त्रियों की साक्षरता दर पोकरण तहसील में मात्र 1.61 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि जैसलमेर तहसील में यह 7.52 प्रतिशत रही। नगरीय क्षेत्रों में फिर भी कुछ स्थिति में सुधार नजर आता है। जैसलमेर के नगरीय क्षेत्रों में स्त्रियों में साक्षरता दर 34.81 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि पोकरण तहसील में यह 20.89 प्रतिशत रही।

26. ग्राम स्तर पर हमें पता चलता है कि छोटे व बड़े ग्रामों की तुलना में मध्यम आकार के ग्रामों में साक्षरता दर अधिक रही है। 2,000 से 4,999 आबादी वाले मात्र 8 गावों में साक्षरता दर उन्हें एक साथ देखने पर अधिकतम इस ग्राम समूह में लगभग 14.37 प्रतिशत है। नीचे दी गई तालिका में जिला स्तर पर प्रत्येक जनसंख्या श्रेणी के ग्रामों की संख्या तथा इन श्रेणियों में 1981 के दौरान रिकार्ड की गई साक्षरता दर को दर्शाया गया है :

तालिका 20

ग्रामों की जनसंख्या श्रेणियों के अनुसार साक्षरता दरें

जनसंख्या श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों की संख्या	साक्षरता दर	जनसंख्या श्रेणियां	प्रत्येक श्रेणी में ग्रामों की संख्या	साक्षरता दर
1	2	3	1	2	3
200 से कम	195	8.14	5,000–9,999	1	10.67
200– 499	145	8.27	10,000 एवं अधिक	1	7.63
500–1,999	112	11.37			
2,000–4,999	8	14.37	**योग**	**462**	**10.55**

27. निम्न तालिका में विभिन्न तहसीलों के लिए ग्रामो की जनसंख्या श्रेणियों के अनुसार निकाली गई साक्षरता दर को दर्शाया गया है :

तालिका 21

ग्रामों की जनसंख्या श्रेणी के अनुसार साक्षरता दरें

जिला/तहसील	कुल आबाद ग्राम	प्रत्येक जनसंख्या श्रेणी में ग्रामों की संख्या (कोष्ठक में दी गई संख्यायें प्रत्येक श्रेणी की साक्षरता दर के प्रतिशत को बतलाती हैं)					
		200 से कम	200–499	500–1,999	2,000–4,999	5,000–9,999	10,000 एवं अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8
जिला जैसलमेर	**462**	**195**	**145**	**112**	**8**	**1**	**1**
	(10.55)	**(8.14)**	**(8.27)**	**(11.37)**	**(14.37)**	**(10.67)**	**(7.63)**
जैसलमेर तहसील	**346**	**173**	**115**	**56**	**2**	**—**	**—**
	(10.73)	**(7.78)**	**(7.76)**	**(12.71)**	**(19.66)**		
पोकरण तहसील	**116**	**22**	**30**	**56**	**6**	**1**	**1**
	(10.36)	**(9.80)**	**(9.98)**	**(10.22)**	**(12.63)**	**(10.67)**	**(7.63)**

28. जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में मिलाकर साक्षरता दर 49.31 प्रतिशत रही है। नीचे दी गई तालिका जिले के दोनों नगरों में रिकार्ड की गई साक्षरता दर को दर्शाती है :

तालिका 22

नगरों की साक्षरता दर

नगर का नाम	साक्षरता दर
1	2
समस्त नगर	**49.31**
जैसलमेर	**53.73**
पोकरण	**40.36**

कार्यरत जनसंख्या

29. 1981 की जनगणना में जिले की जनसंख्या का वर्गीकरण आर्थिक गतिविधि के आधार पर 3 श्रेणियों में किया गया है। यानि (1) मुख्य कार्यरत (2) सीमांतिक कार्यरत (3) अकार्यरत। इस वर्गीकरण के आधार पर जिले की सम्पूर्ण जनसंख्या का 63.69 प्रतिशत अकार्यरत है। सम्पूर्ण जनसंख्या का 32.09 प्रतिशत मुख्य कार्यरत व 4.22 प्रतिशत सीमांतिक कार्यरत का है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अकार्यरत जनसंख्या का अनुपात 62.89 प्रतिशत है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात 68.80 प्रतिशत है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनुपात से काफी अधिक है। मुख्य कार्यरत एवं सीमान्त कार्यरतों का अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमश: 32.36 एवं 4.75 प्रतिशत है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात क्रमश: 30.33 और 0.87 प्रतिशत है।

30. पुरुषों के संदर्भ में सम्पूर्ण पुरुष जनसंख्या का 55.04 प्रतिशत मुख्य कार्यरत, 1.19 प्रतिशत सीमांतिक कार्यरत एवं शेष 43.77 प्रतिशत अकार्यरतों का है। फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पूर्ण पुरुष जनसंख्या का 55.77 प्रतिशत अनुपात मुख्य कार्यरत का है जो कि अकार्यरत पुरुषों के 42.89 प्रतिशत अनुपात से कहीं अधिक है और सीमांतिक कार्यरत पुरुष मात्र 1.34 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्रों में ध्यान देने योग्य बात यह है कि सम्पूर्ण पुरुष जनसंख्या का 49.19 प्रतिशत अकार्यरत है तथा 50.57 प्रतिशत मुख्य कार्यरत एवं 0.24 प्रतिशत सीमांतिक कार्यरत है।

31. स्त्रियों के संदर्भ में सम्पूर्ण स्त्री जनसंख्या का 88.24 प्रतिशत अकार्यरत एवं मुख्य कार्यरत और सीमांतिक कार्यरत क्रमश: 3.80 तथा 7.96 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में, नगरीय क्षेत्रों की अपेक्षा अकार्यरत स्त्रियों का अनुपात कम है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात क्रमश: 87.22 एवं 95.11 प्रतिशत है। दूसरी तरफ नगरीय क्षेत्रों में सम्पूर्ण स्त्री जनसंख्या का 3.19 प्रतिशत मुख्य कार्यरत है, जब कि ग्रामीण क्षेत्रों में उनका अनुपात (3.89 प्रतिशत) से कुछ अधिक है। इसके विपरीत नगरीय क्षेत्रों में स्त्री सीमांतिक कार्यरत का अनुपात 1.70 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में यह अनुपात 8.89 प्रतिशत है।

32. निम्न तालिका मुख्य कार्यरत, सीमांतिक कार्यरत एवं अकार्यरत जनसंख्या का सम्पूर्ण, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के लिए तहसील स्तर पर वितरण पृथक्-पृथक् प्रस्तुत करती है :

तालिका 23

जिले में मुख्य काम करने वाले, सीमांतिक काम करने वाले एवं अकार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत

जिला/तहसील	कुल ग्रामीण नगरीय	कुल जनसंख्या में मुख्य कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत			कुल जनसंख्या में सीमान्त कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत			कुल जनसंख्या में अकार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत		
		व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
जिला जैसलमेर	**कुल**	**32.09**	**55.04**	**3.80**	**4.22**	**1.19**	**7.96**	**63.69**	**43.77**	**88.24**
	ग्रामीण	**32.36**	**55.77**	**3.89**	**4.75**	**1.34**	**8.89**	**62.89**	**42.89**	**87.22**
	नगरीय	**30.33**	**50.57**	**3.19**	**0.87**	**0.24**	**1.70**	**68.80**	**49.19**	**95.11**

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
जैसलमेर तहसील	कुल	31.64	54.26	3.04	3.01	1.05	5.50	65.35	44.69	91.46
	ग्रामीण	31.62	54.72	2.92	3.56	1.22	6.47	64.82	44.06	90.61
	नगरीय	31.70	52.16	3.69	0.43	0.27	0.64	67.87	47.57	95.67
पोकरण तहसील	कुल	32.58	55.91	4.59	5.53	1.34	10.56	61.89	42.75	84.85
	ग्रामीण	33.09	56.82	4.83	5.92	1.47	11.22	60.99	41.71	83.95
	नगरीय	27.58	47.27	2.21	1.74	0.18	3.76	70.68	52.55	94.03

33. उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि तहसील स्तर पर मुख्य कार्यरत का अधिकतम अनुपात (32.58 प्रतिशत) पोकरण तहसील में तथा न्यूनतम अनुपात (31.64 प्रतिशत) जैसलमेर तहसील में है। यही स्थिति सीमांतिक कार्यरत जनसंख्या की है जिसका अनुपात पोकरण व जैसलमेर तहसील में क्रमशः 5.53 व 3.01 पाया गया है। अकार्यरत जनसंख्या का अधिकतम अनुपात (65.35 प्रतिशत) जैसलमेर तहसील में एवं न्यूनतम (61.89 प्रतिशत) पोकरण तहसील में पाया गया है। यही स्थिति तहसील स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में पाई गई है। दूसरी तरफ तहसील स्तर पर नगरीय क्षेत्रों में स्थिति भिन्न है। इन क्षेत्रों में मुख्य कार्यरतों का अधिकतम अनुपात (31.70 प्रतिशत) जैसलमेर तहसील में पाया गया है जबकि पोकरण तहसील में वह केवल 27.58 प्रतिशत है।

34. सम्पूर्ण कार्यरत जनसंख्या का वितरण कृषि एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों के अनुसार निम्न तालिका में दर्शाया गया है :

तालिका 24

आर्थिक क्रिया-कलापों के अनुसार कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत वितरण

जिला/तहसील	कुल ग्रामीण नगरीय	कुल मुख्य काम करने वाले		मुख्य काम करने वालों की श्रेणियां							
				काश्तकार		खेतिहर मजदूर		पारिवारिक उद्योग		अन्य काम करने वाले	
		पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
जिला जैसलमेर	कुल	100.00	100.00	58.73	54.29	2.91	10.90	2.31	7.33	36.05	27.48
	ग्रामीण	100.00	100.00	66.21	59.18	3.02	12.06	1.92	7.24	28.85	21.52
	नगरीय	100 00	100.00	8.30	14.06	2.18	1.34	4.94	8.04	84.58	76 56
जैसलमेर तहसील	कुल	100.00	100.00	46.16	33.49	2.39	4.06	2.59	13.57	48.86	48.88
	ग्रामीण	100.00	100.00	55.02	38.63	2.61	5.08	2.53	14.94	39.84	41.35
	नगरीय	100.00	100.00	3.94	13.12	1.34	—	2.85	8.16	91.87	78.72
पोकरण तहसील	कुल	100.00	100.00	72.28	68.83	3.47	15.69	2.00	2.96	22.25	12.52
	ग्रामीण	100.00	100.00	77.07	71.16	3.42	16.14	1.31	2.75	18.20	9.95
	नगरीय	100.00	100.00	18.30	17.14	4.11	5.71	9.73	7.62	67.86	69.53

35. उक्त तालिका से ज्ञात होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 66.21 प्रतिशत पुरुष एवं 59.18 प्रतिशत स्त्रियां मुख्य से कृषि कार्य में संलग्न हैं। नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात क्रमश: 8.30 एवं 14.06 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्रों में कृषि एवं अन्य पारिवारिक उद्योगों की अपेक्षा मुख्य कार्यरत का अधिकांश अनुपात (84.58 प्रतिशत पुरुष एवं 76.56 प्रतिशत स्त्रियां) अन्य आर्थिक गतिविधियों में लगा हुआ है। इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में, इस श्रेणी का अनुपात पुरुष एवं स्त्री के लिये क्रमश: 28.85 एवं 21.52 प्रतिशत है। मुख्य कार्यरत पुरुष मात्र 2.31 प्रतिशत एवं स्त्री 7.33 प्रतिशत पारिवारिक उद्योगों में लगे हुए हैं। रोचक बात यह है कि पुरुषों एवं स्त्रियों दोनों का अनुपात पारिवारिक उद्योगों में ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय क्षेत्रों में अधिक है। जिले के सभी ग्रामीण भागों में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों की संख्या खेतिहर मजदूरों के रूप में अधिक है जबकि नगरीय क्षेत्रों में उनकी संख्या पुरुषों से कुछ कम है। रोचक रूप से, जैसलमेर तहसील के नगरीय क्षेत्रों में कोई भी स्त्री खेतिहर मजदूर के रूप में कार्यरत नहीं पाई गई।

पिछले 30 वर्षों में हुए परिवर्तन

36. स्वतंत्रता के तत्काल बाद और राज्यों में प्रजातान्त्रिक ढांचे की स्थापना के बाद लोगों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति की उन्नति के लिये बहुत से विकासोन्मुख कार्य किये गए। नीचे दी जा रही तालिका में इस युग परिवर्तन के बाद अर्थात् स्वतंत्रता पूर्व के युग की समाप्ति के पश्चात् रही प्रवृत्तियों को सांख्यिकी के माध्यम से बतलाने का प्रयास किया गया है। इस तालिका के द्वारा प्रत्येक दशक के लिए कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का अनुपात, कुल नगरीय जनसंख्या मे दस वर्षीय परिवर्तन, जनसंख्या के घनत्व और स्त्री-पुरुष अनुपात में परिवर्तन को दर्शाया गया है। तालिका में राज्य स्तर के आंकड़े भी दिये गये हैं ताकि इन जनसांख्यिकीय पहलुओं का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सके :

तालिका 25

राज्य की तुलना में जिले की नगरीय जनसंख्या वृद्धि, घनत्व और स्त्री-पुरुष अनुपात

	जिला जैसलमेर						राजस्थान राज्य					
जनगणना वर्ष	कुल जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत	नगरीय जनसंख्या में दशकीय प्रतिशत विभिन्नता	घनत्व (जनसंख्या प्रति वर्ग कि. मी.)	स्त्री-पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या)	कुल जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत	नगरीय जनसंख्या में दशकीय प्रतिशत विभिन्नता	घनत्व (जनसंख्या प्रति वर्ग कि. मी.)	स्त्री-पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1951	109,658	13,143	11.99	—	अ०उ०	793	15,970,774	2,955,275	18.50	—	अ०उ०	928
1961	141,242	13,646	9.66	+ 3.83	38	874	20,155,602	3,281,478	16.28	+11.04	598	882
1971	167,824	24,347	14.51	+78.42	70	739	25,765,806	4,543,761	17.63	+38.47	1,198	875
1981	243,082	32,927	13.55	+35.24	251	745	34,261,862	7,210,503	21.05	+58.69	1,603	877

❀ ❀ ❀ ❀

जनगणना मकान एवं विकलाङ्ग व्यक्ति

जनगणना मकान एवं उनका उपयोग

